जबलपुर
बुधवार 4 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-03
वर्ष : 20, अंक : 276
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 25
न्यून. 13

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर पत्रकार-वार्ता में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

# मप्र को एक सुदृढ़ वित्तीय आधार प्राप्त होगा, निवेशकों का विश्वास और बढ़ेगा

**यह बजट केवल वित्तीय प्रावधानों का संकलन नहीं है, बल्कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस आधारित आर्थिक विकास का संरचित रोडमैप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय बजट का मूल उद्देश्य तेज एवं सतत आर्थिक वृद्धि, जन आकांक्षाओं की पूर्ति, क्षमता निर्माण तथा सभी परिवारों, क्षेत्रों और सेक्टरों को समान अवसर उपलब्ध कराना है।

बजट में आत्मनिर्भरता को मार्गदर्शक सिद्धांत बनाकर उच्च विकास दर बनाए रखने के स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। यह बजट मध्यप्रदेश को सुदृढ़ वित्तीय आधार प्रदान करेगा।


सीएम डॉ. यादव पत्रकारों से चर्चा करते हुए

### प्रदेश की प्रतिभाओं के बलबूते फार्मा सहित सभी क्षेत्रों में लगाएंगे छलांग

मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र अपनी प्रतिभाओं के बलबूते पर फार्मा सहित सभी क्षेत्रों में लंबी छलांग लगाएगा। सेमीकंडक्टर बड़ा सेक्टर है। मैं सेमीकंडक्टर को लेकर गुजरात के मुख्यमंत्री से बात करके आया हूं।

### सभी वर्गों की आशा आकांक्षाओं को पूरा करेगा बजट

डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। केंद्रीय बजट मध्यप्रदेश के आर्थिक-औद्योगिक और सामाजिक विकास का ऐतिहासिक अवसर सिद्ध होगा।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने दिया अमेरिका से ट्रेड डील का ब्यौरा

# भारत के युवाओं के लिए अवसरों का 'सृजन' होगा


पीयूष गोयल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर अहम बातचीत के बाद वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ट्रेड डील के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच हुए इस समझौते के बाद युवाओं के लिए अवसरों का सृजन होगा। गौर हो कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फोन पर हुई बातचीत के बाद कहा कि भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं। इसके तहत वॉशिंगटन भारतीय वस्तुओं पर पारस्परिक शुल्क को मौजूदा 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि उन्हें इस बात की खुशी है कि मेड इन इंडिया उत्पादों पर अब 18 प्रतिशत का कम शुल्क लगेगा।

### द्विपक्षीय व्यापार को मिलेगी नई मजबूती राजस्व सचिव बोले

केंद्रीय राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील से दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार और ज्यादा बढ़ेगा और मजबूत होगा। इस समझौते से अमेरिका के बाजार में भारत के श्रम आधारित उद्योगों और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को नए मौके मिलेंगे। इसके साथ ही हाई और एडवांस टेक्नोलॉजी सेक्टर में दोनों देशों के बीच सहयोग और बढ़ेगा। एक ऐतिहासिक फैसले में अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर लगने वाला टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। इसे भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों के लिए एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है, जहां भारत अपने कुल निर्यात का करीब 20 प्रतिशत सामान भेजता है।

सेंसेक्स 2000 अंक उछला

### निवेशकों की जेब में आए 12 लाख करोड़

**मुंबइ।** शेयर बाजार में मंगलवार को बीएसई बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 2072.67 अंक या 2.54% की रिकॉर्ड तेजी के साथ 83,739.13 के लेवल पर बंद हुआ।




बाजार आई इस तेजी रैली ने निवेशकों के वेल्थ में भारी इजाफा किया है। बीएसई पर लिस्टेड सभी कंपनियों के मार्केट कैपिटल में 12.5 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। आज के कारोबार में यह 455 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 467.35 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

व्यापार समझौते के बाद आई तेजी

### डॉलर के मुकाबले 1.90 मजबूत हुआ रुपया

**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत टैरिफ घटकर 18 फीसदी होने के बाद मंगलवार को शुरुआती कारोबार में रुपए में तेज मजबूती देखने को मिली। रुपया 119 पैसे चढ़कर डॉलर के मुकाबले 90.30 पर खुला। इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में यह पिछले बंद 91.49 से बड़ी बढ़त मानी जा रही है। फॉरेक्स ट्रेडर्स का कहना है कि 18 फीसदी टैरिफ ने कहानी बदल दी है, जिससे भारत की सापेक्ष स्थिति बेहतर हुई है।



**संसद में टूटी मर्यादा:** आरोप है कि राहुल गांधी को बोलने से रोके जाने पर विपक्ष भड़का

# लोकसभा स्पीकर पर 'फेंके' गए पेपर, विपक्ष के 8 सांसद सस्पेंड


भाजपा सांसद दिलीप सैकिया नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा की अध्यक्षता करते हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद की कार्यवाही के दौरान मंगलवार सदन की मर्यादा टूटने का मामला सामने आया। सत्र में खूब हंगामा देखने को मिला। इसके बीच कुछ सांसदों ने स्पीकर के आसन की ओर कागज फेंके। इस पर सख्त कार्रवाई करते हुए संबंधित सांसदों को सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। आठ सांसदों पर ये कार्रवाई हुई है। भारी शोर-शराबे और विरोध के कारण सदन की कार्यवाही कई बार रोकनी पड़ी। वहीं, कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है। दोपहर तीन बजे जब चौथी बार लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो पीठासीन अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि स्पीकर के आसन की ओर कागज फेंकने वाले सदस्यों के नाम दर्ज किए जाएंगे।

*संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने ऐसे सांसदों को निलंबित करने का प्रस्ताव रखा। सदन ने ध्वनिमत से प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इनमें सात कांग्रेस और एक माकपा सांसद हैं*

**इन सांसदों को सत्र की बाकी अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया**



### किन सासंदो को किया गया निलंबित?

1. डीन कुरियाकोस
2. किरण रेड्डी
3. अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग
4. मणिकम टैगौर
5. गुरजीत औजला
6. हिबी इडेन
7. वेंकेट रमन
8. प्रशांत पडोले

» ***सांसदों ने निलंबन के बाद एक बार और स्पीकर चेयर की ओर कागज के टुकड़े उछाले***

» ***राहुल की अगुवाई में कांग्रेस सदस्यों ने लोकसभा से पार्टी सदस्यों के सस्पेंशन के खिलाफ संसद भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया***

### » राहुल नरवणे की किताब पर बोल रहे थे


राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को फिर से लोकसभा में पूर्व आर्मी चीफ मनोज नरवणे की अप्रकाशित किताब के उद्धरण को लेकर बोल रहे थे। इसे लेकर स्पीकर ने उन्हें बोलने से रोक दिया और दूसरे सांसदों को बोलने का मौक दे दिया। लेकिन हंगामे की वजह से कई बार सदन का कार्यवाही को रोकना पड़ा। इसी बीच सांसदों ने स्पीकर की चेयर की ओर फटे हुए कागज के टुकड़े उछाल दिए।

### किरेन रिजिजू बोले- राहुल कार्यवाही बाधित कर रहे


किरेन रिजिजू

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमला बोला। रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित किताब से जुड़े एक मैगजीन आर्टिकल का हवाला दे रहे हैं।

### निलंबन के बाद क्या बोले सांसद?

*अगर नेता प्रतिपक्ष को ही बोलने नहीं दिया जाएगा तो बाकी विपक्षी सांसदों को कौन सुनेगा। उनका माइक्रोफोन बंद कर दिया गया। आखिर राहुल गांधी से इतना डर क्यों है और उनकी बात सुनने में हिचक क्यों है। जो भी जनहित की बात करता है, उसे निलंबित कर दिया जाता है।*

यूजीसी के नए इक्विटी नियमों पर संघ की राय

# समाज की एकता सर्वोपरि, इसके लिए हम हर जरूरी कदम उठाएंगे


सुनील आंबेकर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए इक्विटी नियमों को लेकर देशभर में चल रही बहस और सुप्रीम कोर्ट की रोक के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरआरएस) ने साफ किया है कि उसका मूल विश्वास समाज की एकता में है और उसे बनाए रखने के लिए संघ हर जरूरी कदम उठाएगा। मुंबई में मंगलवार को मीडिया से बातचीत करते हुए आरआरएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख

### *समाज को जोड़कर रखना संघ की मूल विचारधारा का हिस्सा*

सुनील आंबेकर ने कहा कि समाज को जोड़कर रखना संघ की मूल विचारधारा का हिस्सा है। उन्होंने कहा संघ का विश्वास है कि समाज में एकता होनी चाहिए। इस एकता को बनाए रखने के लिए जो भी आवश्यक होगा, हम करेंगे। यूजीसी नियमों पर सवाल के जवाब में सुनील आंबेकर ने कहा कि चूंकि मामला न्यायालय के समक्ष है, इसलिए अलग-अलग लोग अपनी राय रख रहे हैं। उन्होंने कहा अदालत ने इन दिशानिर्देशों पर रोक लगाई है। अलग-अलग विचार सामने आए हैं, लेकिन संघ का स्पष्ट मत है कि समाज की एकता बनी रहनी चाहिए।

***भारत ने की कार्रवाई की मांग***

# ऑस्ट्रेलिया में गांधीजी की कांस्य प्रतिमा काटकर ले गए चोर

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में महात्मा गांधी की 426 किलोग्राम वजनी कांस्य प्रतिमा चोरी हो गई है। यह प्रतिमा ऑस्ट्रेलियन इंडियन कम्युनिटी सेंटर के बाहर लगी थी । इस घटना ने भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय में गहरी चिंता और आक्रोश पैदा कर दिया है। भारत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के समक्ष उठाया है **दोपहर की है घटना :** यह घटना सोमवार को लगभग दोपहर 12:50 बजे हुई। मेलबर्न पुलिस के मुताबिक, तीन अपराधियों ने प्रतिमा को उसके फाउंडेशन से काटने के लिए एंगल ग्राइंडर का इस्तेमाल किया। **भारत सरकार ने की निंदा :**



विदेश मंत्रालय के अधिकारी और आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल नेकहा हम गांधी प्रतिमा के विनाश और चोरी की कड़ी निंदा करते हैं।

### भाजपा फॉर्म-7 के जरिए कर रही धांधली : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में मंगलवार को दावा किया कि भाजपा फॉर्म-7 के जरिए बड़ी धांधली करने जा रही है। उन्होंने कहा, हमारे पास इसके पूरे सबूत हैं। हमारा कहना है कि हर फॉर्म पर नंबर होने चाहिए। अब तक के सारे जमा फार्म रिस्स्त हों। जो भरे गए हैं कि उनकी पूरी जांच हो। इसको पकड़ने के लिए एआई का सहारा लिया जाए। जो भी दोषी मिले उस पर सख्त कार्रवाई हो चाहिए।

### पुल से कार और बाइक पर गिरा हाईवा, दबने से 2 की मौत



**जबलपुर।** शहपुरा क्षेत्र में हाईवा तेज गति से जा रही था। तभी पुल से नीचे गिर गया। इसी दौरान पुल से नीचे जा रही कार और बाइक उसके नीचे दब गए। हादसे में दो की मौत हो गई जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतकों के परिजनों को दे दी है। सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पुलिस हाईवा के अनियंत्रित होने के कारणों की जांच कर रही है। *(विस्तृत पेज 14 पर)*

चुनाव प्रचार के लिए जा रही थीं लातूर

## पंकजा मुंडे के हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी, बची जान



**महाराष्ट्र जिला परिषद के चल रहे चुनाव**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की पर्यावरण मंत्री और भाजपा नेता पंकजा मुंडे के हेलिकॉप्टर में उड़ान से पहले ही खराबी का पता चलने से एक बड़ा हादसा टल गया है। पंकजा मंगलवार को जिला परिषद चुनाव प्रचार के लिए लातूर जा रही थीं। संभाजीनगर से लातूर के लिए पंकजा हेलिकॉप्टर से जाने वाली थीं। छत्रपति संभाजीनगर से लातूर के लिए उड़ान भरने से पहले ही पायलट को यह खराबी दिखी। इस हेलिकॉप्टर के साथ असल में क्या हुआ है, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। जिला परिषद चुनाव के लिए पंकजा मुंडे लगातार प्रचार कर रही हैं।

मोबाइल पर गेम ने जान ले ली

## ब्लू व्हेल गेम का 'टास्क' पूरा करने छात्र फांसी पर झूल गया



**14 साल का था स्कूली छात्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी इलाके में रहने वाले एक स्कूली छात्र ने सोमवार को घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि छात्र मोबाइल पर ब्लू व्हेल गेम खेलने का आदी था। अनुमान है कि गेम में दिए गए टास्क को पूरा करने के लिए उसने फांसी लगाई होगी, लेकिन सही कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा। अंश साहू (14) श्रीराम कालोनी, छत्रसाल नगर पिपलानी में रहता था और आठवीं कक्षा में पढ़ता था। उसके माता-पिता प्राइवेट टीचर हैं। अंश अपने परिवार का इकलौता बेटा था।

## एअर इंडिया ड्रीमलाइनर के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच शुरू

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने अपने बोइंग 787 विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच शुरू कर दी है। यह कदम रविवार को लंदन हीथ्रो से बेंगलुरु के लिए संचालित एक विमान में स्विच के खराब होने की घटना के बाद उठाया गया है। इस समय एयर इंडिया के पास 33 बोइंग 787 या ड्रीमलाइनर विमान हैं। सूत्रों के मुताबिक एयर इंडिया के उड़ान संचालन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष उप्पल ने बोइंग 787 पायलटों को बताया कि एयरलाइन ने विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच की बेड़े-वार फिर से जांच शुरू कर दी है। उप्पल ने कहा कि एक बी787 विमान पर फ्यूल कंट्रोल स्विच से जुड़ी खराबी का पता चलने के बाद एयरलाइन की इंजीनियरिंग टीम ने प्राथमिकता के आधार पर मूल्यांकन के लिए मामले को बोइंग के पास भेजा है।

■ लंदन-बेंगलुरु विमान का स्विच लॉक नहीं हो रहा था

## अटल टनल में गिरा एवलांच बाल-बाल बची गाड़ियां

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिला में मंगलवार दोपहर के वक्त दो जगह एवलांच गिरे। अटल टनल के साउथ पोर्टल पर एवलांच में आधी गाड़ी दब गई। गनीमत यह रही कि एवलांच गिरते ही ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भागने में कामयाब रहा। इससे कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। बीआरओ के कर्मचारी बर्फ में दबी गाड़ी को काफी देर की मशक्कत के बाद निकाला। इस बीच, किन्नौर और लाहौल स्पीति जिला में एवलांज गिरने की चेतावनी जारी की गई है। ऐसे में टूरिस्ट सहित लोकल लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने चंबा, कुल्लू लाहौल स्पीति व किन्नौर जिला में हल्की बर्फबारी और शिमला में कुछ जगह बारिश के साथ 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तूफान चलने का अलर्ट जारी किया है।

■ हिमाचल प्रदेश की घटना


**भारतीयों के लिए फीस शून्य, विदेशियों को भी दी गई छूट**

# पर्वतारोहियों के लिए पहली बार खुलीं 83 हिमालयी चोटियां

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड सरकार ने साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गढ़वाल और कुमाऊं हिमालय की 83 प्रमुख पर्वत चोटियों को पहली बार सभी पर्वतारोहियों के लिए खोल दिया है। इस फैसले के साथ भारतीय पर्वतारोहियों को इन चोटियों पर चढ़ाई के लिए लगने वाली सभी सरकारी फीस पूरी तरह माफ कर दी गई है, जिससे अब पर्वतारोहण पहले की तुलना में आसान और सस्ता हो गया है। यह निर्णय उत्तराखंड को वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख पर्वतारोहण गंतव्य के रूप में स्थापित करने तथा साहसिक पर्यटन को नई गति प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**साहसिक पर्यटन एवं स्थानीय विकास**



**को बढ़ावा :** इस अवसर पर सचिव पर्यटन धीराज सिंह गर्बयाल ने कहा, 'उत्तराखंड हिमालय केवल प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक नहीं, बल्कि साहस, अध्यात्म और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत केंद्र है। यह निर्णय राज्य के साहसिक पर्यटन को वैश्विक स्तर पर नई पहचान देगा। यह पहल न केवल पर्वतारोहण गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि सीमावर्ती एवं दूरस्थ क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को सुदृढ़ करेगी।

### ये हैं प्रमुख चोटियां

इस पहल के अंतर्गत 5,700 मीटर से 7,756 मीटर तक ऊंचाई वाली पर्वत चोटियों को पर्वतारोहण हेतु अधिसूचित किया गया है। इनमें कामेट, नंदा देवी (पूर्वी), चौखंबा समूह, त्रिशूल समूह, शिवलिंग, सतोपंथ, चंगाबांग, पंचचूली, नीलकंठ सहित अनेक प्रतिष्ठित हिमालयी शिखर सम्मिलित हैं।

### पर्वतारोहियों के लिए प्रमुख प्रावधान

**भारतीय पर्वतारोहियों के लिए :** अधिसूचित 83 पर्वत चोटियों पर पर्वतारोहण हेतु भारतीय पर्वतारोहियों को राज्य सरकार को किसी भी प्रकार का अभियान शुल्क (पीक शुल्क, कैंपिंग शुल्क, पर्यावरण शुल्क आदि) नहीं देना होगा। यह निर्णय देश के युवा पर्वतारोहियों एवं साहसिक गतिविधियों में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

**विदेशी पर्वतारोहियों के लिए:** विदेशी पर्वतारोहियों से पूर्व में वन विभाग द्वारा लिया जाने वाला अभियान शुल्क पूर्णतः समाप्त कर दिया गया है। अब उन्हें केवल भारतीय पर्वतारोहण संस्था, नई दिल्ली (आईएमएफ) द्वारा निर्धारित शुल्क का ही भुगतान करना होगा।

## आज भी ऐसा ही रहेगा मौसम, घना कोहरा बढ़ेगा

दिन का औसत पारा 25 और रात का 14 डिग्री रहा

## दो दर्जन जिलों में बारिश-ओले बिजली गिरने से किसान जला



**भोपाल।** मंगलवार को प्रदेश के करीब दो दर्जन जिलों में सुबह से देर शाम तक तेज हवाएं, बारिश और गरज-चमक का मौसम रहा। इससे अधिकांश जिलों में दिन के तापमान में कमी आने के साथ ही प्रदेशभर में दिन का पारा सामान्य से औसतन 3 डिग्री नीचे पहुंच गया है। दिन का औसत पारा 25 और रात का 14 डिग्री रहा। रात में तापमान अभी नॉर्मल से 4 डिग्री तक अधिक बना हुआ है। कई जिलों में घने से मध्यम कोहरा रहा। मंगलवार को शिवपुरी में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान के जलने की खबर है। सुबह से देर शाम तक सतना, उमरिया, शहडोल और मंडला में तेज हवाओं के साथ गरज चमक और बारिश और कुछ जगह ओले गिरे। डिंडोरी, अनुपपुर, छतरपुर, खजुराहो, पन्ना, रीवा में भी कुछ देर बारिश का दौर रहा। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार को भोपाल, विदिशा, रायसेन, राजगढ़, मंदसौर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिलों में हल्की बारिश और बादलों का असर रहेगा।

### शिवपुरी में बिजली गिरने से किसान की मौत

**शिवपुरी।** जिले के अमोला थाना क्षेत्र के सिलानगर गांव में मंगलवार सुबह खेत में बनी झोपड़ी पर बिजली गिर गई। इस हादसे में 26 वर्षीय किसान वीरसिंह आदिवासी की मौके पर ही मौत हो गई।

## एनडीए संसदीय दल की बैठक में मोदी की नसीहत

# चुनावों में जीत से संतुष्ट न हों सांसद, जमीनी स्तर पर काम से मिलेगा मुकाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में बजट सत्र के बीच संसद परिसर में एनडीए सांसदों की बैठक हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एनडीए संसदीय दल की बैठक में पहुंचे, जहां उनका खास स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने सभी सांसदों से सदन में मौजूद रहने और चर्चा में हिस्सा लेने के लिए कहा। पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में बैठक की पीएम मोदी ने अध्यक्षता की। अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर खुशी जाहिर करते हुए सब्र का फल बताया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक 'बड़ा निर्णय' है, जिससे देश में सभी को लाभ होगा, और उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र सरकार हमेशा राष्ट्र के हित में काम करती है। गठबंधन सरकार के सांसदों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने एनडीए संसदीय दल की बैठक में ये टिप्पणियां कीं।

**ट्रेड डील पर पीएम मोदी ने जताई खुशी**

अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर खुशी जाहिर कर सब्र का फल बताया



एनडीए संसदीय दल की बैठक में सहयोगी दलों के साथ प्रधानमंत्री मोदी

### बैठक के बाद रिजिजू ने दी जानकारी

पीएम मोदी ने कहा कि गठबंधनजन-हितैषी नीतियों और कड़ी मेहनत से चुनाव जीत रहा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीए ने कहा कि उन्हें स्थानीय निकायों सहित चुनावों में अपनी जीत से संतुष्ट नहीं होना चाहिए, बल्कि अच्छा काम जारी रखना चाहिए।

### व्यापार समझौते पर पीएम मोदी को किया सम्मनित

पीएम मोदी को एनडीए नेताओं ने 39 देशों के साथ व्यापार समझौते सफलतापूर्वक पूरे करने के लिए सम्मानित किया। रिजिजू बताया कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बनने और टैरिफ घटाने से पूरे देश में उत्साह का माहौल है। सांसदों में इस बात को लेकर उत्साह है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ये व्यापार समझौते संपन्न हुए हैं। यह ऐतिहासिक है। ये सभी 39 देश विकसित देश हैं। रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों को अपने संसदीय और कल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश दिए हैं।

### घटक दल के सांसद भी रहे मौजूद

बैठक में अध्यक्ष नितिन नवीन का भी औपचारिक रूप से स्वागत किया गया। बैठक में भाजपा, टीडीपी, जेडीयू, एलजेपी (आर), शिवसेना, जेडीएस और एनडीए के अन्य घटक दलों के सांसद बैठक में शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह भी थे।

**विकसित भारत के लिए आत्मविश्वास जरूरी**

## इसके सहारे असंभव को संभव बना सकेंगे

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के निर्माण में आत्मविश्वास की शक्ति पर बल देने वाला संस्कृत सुभाषितम साझा किया। आत्मविश्वास ही वह शक्ति है, जिसके सहारे असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के सपने को साकार करने में आत्मविश्वास की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए एक प्रेरक संस्कृत सुभाषितम साझा किया। उन्होंने कहा कि इसके सहारे असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

### ये श्लोक लिखा

प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए संस्कृत सुभाषितम- श्रीर्मङ्गलात्प्रभवति प्रागल्भ्यात्सम्प्रवर्धते। दाक्ष्यात्तु कुरुते मूलं संयमात्प्रतितिष्ठति॥ इसमें आत्मविश्वास, दक्षता और संयम को आधार बताया गया है।

---

## खबर संक्षेप

### अनंत जेल से सीधे पहुंचे बिहार विधानसभा



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के ठीक पहले प्रचार के दौरान एक प्रत्याशी के करीबी की हुई हत्या के मामले में आरोपी अनंत सिंह ने मंगलवार को बजट सत्र के दौरान विधानसभा सदस्यता की शपथ ली। वे अनोखे अंदाज में थे। कभी घोड़ों तो कभी बोली के कारण वायरल रहे बाहुबली ने बेउर जेल से बिहार विधानसभा का सफर किया।

### क्वानू के पास खड्ड में गिरी बस, 4 की मौत



**क्वानू।** हिमाचल पथ परिवहन निगम(एचआरटीसी) के नेरवा डिपो की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। हादसे में 4 लोगों की मौत की सूचना है। 33 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। मंगलवार सुबह 9:30 नेरवा से पांवटा साहिब जा रही एचआरटीसी बस संख्या एचपी66 ए 2588 हरिपुर-कोटी-मीनस मार्ग पर क्वानू के पास नीचे शूदोई खड्ड में गिर गई। बस में 37 लोग थे।

### सीबीएसई 10वीं-12वीं परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी




**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2026 में होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। बोर्ड ने आधिकारिक परीक्षा संगम पोर्टल पर एडमिट कार्ड डाउनलोड की सुविधा शुरू कर दी है। एडमिट कार्ड में छात्र का नाम, रोल नंबर, जन्मतिथि, परीक्षा केंद्र का नाम और पूरा पता लिखा होगा।

### मजीठिया ने रिहा होते ही आप पर बड़ा आरोप जड़ा



**लुधियाना।** आय से अधिक संपत्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया नाभा जेल से बाहर आ गए हैं। जेल के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी थी। मजीठिया के समर्थक जेल के बाहर डटे हुए हैं। जेल के बाहर ढोल-नगाड़ों के साथ भंगड़ा हो रहा है। मजीठिया करीब सात माह से नाभा जेल में बंद थे।

### दो 'अंग्रेजों' को मिला भारत छोड़ने का फरमान



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस सीआईडी ने ब्रिटेन के 2 नागरिकों को 'भारत छोड़ने' का नोटिस जारी किया है। इन दोनों ब्रिटिश नागरिकों ने कथित तौर पर पुष्कर में 'सार्वजनिक जगहों' पर सियासी पोस्टर लगाए थे। इन पोस्टर्स पर 'फ्री फिलिस्तीन, बॉयकॉट इजरायल' का मैसेज लिखा हुआ था। यह एक्शन 21 जनवरी को रिपोर्टों के बाद लिया है।

---

**लोकसभा में राहुल गांधी की बात पर सियासी तकरार बढ़ी**

# संसद में दूसरे दिन भी विपक्ष चीन मुद्दे पर अड़ा नारेबाजी और सभी ने जमकर हंगामा किया

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर विपक्ष की बयानबाजी से नहीं चली संसद



संसद के बाहर नारेबाजी और हंगामे का नजारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के पांचवें दिन भी सदन में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मंगलवार )अपने संबोधन के दूसरे दिन भी चीन के मुद्दे पर अड़े रहे, जिसे विपक्ष का भरपूर समर्थन मिला, जिसके बाद हंगामा बरपा और लोकसभा की कार्यवाही स्थगित की गई। दरअसल, स्पीकर ओम बिरला ने उनको कई बार रोका, साथ ही सत्ता पक्ष ने भी लगातार आपत्ति जताने के बाद ऐसे में संसद के अंदर हंगामा शुरू हो गया और फिर लोकसभा अध्यक्ष ने दूसरे सदस्यों को बोलने के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद सदन में विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी और सदन की कार्यवाही फिर बाधित हो गई।

**पूरे विपक्ष को बोलने का मौका दिया जाए**

संसद में हुए हंगामे को लेकर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि देश में लोकतंत्र है और लोकतंत्र में सभी को बोलने की इजाजत होनी चाहिए और सभी की बात सुननी चाहिए। वहीं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की आपत्ति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि सदन को चलाए।

**विपक्ष ने ट्रेड डील पर सरकार को घेरने की कोशिश की**

### समझौता अडाणी को बचाने के लिए: राउत



व्यापार समझौता पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा कि पूरा विपक्ष राज्यसभा से वॉकआउट कर गया। राष्ट्रीय हित और किसान हितों से समझौता किया गया। यह ट्रेड डील गौतम अडाणी को बचाने के लिए की गई है और हम सड़क से लेकर संसद तक इसका विरोध करेंगे।

### सरकार को उनका जवाब देना चाहिए: गुरजीत



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुलके संसद में दिए गए बयान पर कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला ने कहा कि पूरे देश के सामने जो मुद्दे हैं, उन्हें उठाना विपक्ष का फर्ज है। संसद इसी के लिए है, और सरकार को आकर उनका जवाब देना चाहिए। लेकिन वे कह रहे हैं कि आप कोई किताब नहीं दिखा सकते।

### अब भारत की स्वायत्तता कहां गई? मनीष तिवारी



कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने ट्रंप की ट्रूथ पोस्ट को एक्स पर शेयर करते हुए लिखा है कि रूसी तेल की ख़रीद बंद। अमेरिकी निर्यात पर टैरिफ नहीं। भारत के निर्यात पर 18 फीसदी टैरिफ। आयात करेगा। भारत की रणनीतिक स्वायत्तता कहां गई? अब अमेरिका बड़ा व्यापार करेगा।

### भारत को मजबूर किया जा रहा: वेणुगोपाल



कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि ट्रेड डील पूरी तरह सरेंडर का मामला है। भारत टैरिफ घटाकर जीरो कर देगा, जबकि अमेरिका भारत में बने प्रोडक्ट्स पर 18% टैरिफ लगाएगा। भारत पर दबाव डालकर उसे अपनी पूरी एनर्जी निर्भरता बदलने के लिए मजबूर कर रहा है।

### लोगों में खुशी का माहौल: राजीव रंजन



केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन ने कहा कि अमेरिका का बाजार हमारे उत्पादों के लिए बहुत ही सुगम व्यापार था। हमारा पूरा निर्यात अमेरिका के बाजारों पर निर्भर था। सबसे बड़ा लाभ हमारे विभाग के मत्स्य पालन से है। इससे हमारे निर्यातकों और देश के लोगों में खुशी का माहौल है।

---

**फैसलों में देरी पर सीजेआई भड़के**

## यह न्याय व्यवस्था के लिए बीमारी, अब इलाज जरूरी

हाईकोर्ट्स में फैसले सुनाने और उन्हें सार्वजनिक करने में हो रही देरी पर दो टूक



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट्स में फैसले सुनाने और उन्हें सार्वजनिक करने में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा है कि यह न्याय व्यवस्था की एक पहचान योग्य बीमारी बन चुकी है, जिसे अब जड़ से खत्म करना जरूरी है।

- अदालतों में महीनों बाद भी फैसलों को अपलोड नहीं किया जा रहा

अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि समय पर न्याय न मिलना, न्याय से वंचित किए जाने जैसा ही है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ झारखंड हाईकोर्ट से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी। याचिका में कहा गया था कि हाईकोर्ट ने 4 दिसंबर 2025 को याचिका खारिज करने का मौखिक आदेश तो सुना दिया, लेकिन महीनों बाद भी उसका लिखित फैसला अपलोड नहीं किया गया।

### ऐसी देरी का कोई तर्क नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की ओर से पेश वकील से कहा कि इस तरह की देरी का कोई औचित्य नहीं है और निर्देश दिया कि पूरा फैसला अगले सप्ताह के अंत तक संबंधित वकील को उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, मामले को फरवरी 16 से शुरू होने वाले सप्ताह में फिर सूचीबद्ध करने का आदेश दिया गया।

### इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते: सीजेआई

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायपालिका के भीतर इस समस्या को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि कुछ जज बेहद मेहनती होते हैं, कई मामलों की सुनवाई कर फैसले सुरक्षित रखते हैं, लेकिन फिर लंबे समय तक निर्णय नहीं देते। यह व्यक्तिगत आरोप नहीं है, बल्कि पूरी न्यायपालिका के सामने एक चुनौती है। यह बीमारी है और इसे फैलने नहीं दिया जा सकता।सीजेआई ने यह भी चिंता जताई कि कई मामलों में बहस पूरी होने के बाद भी केस को बार-बार आगे के निर्देशों के लिए सूचीबद्ध किया जाता है, जिससे अनावश्यक मुकदमेबाजी बढ़ती है। सीजेआई ने अपने अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि हाईकोर्ट जज के रूप में अपने 15 वर्षों के कार्यकाल में मैंने कभी भी ऐसा नहीं किया कि फैसला सुरक्षित रखा हो और तीन महीने के भीतर सुनाया न हो।

---


**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा सवाल**

उत्तर प्रदेश के मामले पर उठाए सवाल

## सुप्रीम कोर्ट के बैन के बाद भी क्यों की जा रही बुलडोजर कार्रवाई?

एजेंसी ▶▶ इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश में कथित बुलडोजर कार्रवाई को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है।



मंगलवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा नवंबर 2024 में बुलडोजर जस्टिस पर रोक लगाए जाने के बावजूद राज्य में दंडात्मक ध्वस्तीकरण की घटनाएं जारी हैं, जो कानून के शासन पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। हाईकोर्ट में जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की डबल बेंच ने फैमुद्दीन और दो अन्य की याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने यूपी में इमारतों को गिराने की दंडात्मक कार्रवाई जारी रहने तल्ख टिप्पणी करते हुए ये बात कही है।

### इसे कार्य पालिका के विवेकाधिकार का 'रंगीन दुरुपयोग' बताया

हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ की दो सदस्यीय पीठ ने इस मामले में टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या किसी अपराध के दर्ज होते ही किसी ढांचे को गिराना कार्य पालिका के विवेकाधिकार का 'रंगीन दुरुपयोग' नहीं है?पीठ ने कहा कि अदालत के संज्ञान में ऐसे कई मामले आए हैं, जहां एफआईआर दर्ज होने के तुरंत बाद ही संबंधित लोगों को ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी कर दिया गया, और औपचारिक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने का दिखावा करते हुए उनके घर या व्यावसायिक संपत्तियां गिरा दी गईं।

### दिल्ली में होली व दिवाली पर मिलेगा मुफ्त गैस सिलेंडर



सीएम रेखा गुप्ता ने इसे ऐतिहासिक बताया

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने लोगों को बड़ी राहत देते हुए मंगलवार को एक बड़ा ऐलान किया। सीएम रेखा गुप्ता ने राजधानी के गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को त्योहारों से पहले मुफ्त गैस सिलेंडर योजना को मंजूरी दे दी है। गुप्ता ने इसे दिल्ली के परिवारों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह जन-कल्याणकारी सोच है।

### बर्फ से गाड़ियां हो रहीं 'लुप्त'



**अनंतनाग।** अनंतनाग जिले के पहलगाम में मंगलवार को सर्दियों के दौरान हुई ताजा बर्फबारी के बाद खड़ी गाड़ियां मोटी बर्फ से ढंक गईं।

---

**ममता ने चुनाव से पहले एसआईआर कराने पर उठाए सवाल**

# लोगों को नहीं दिया जा रहा मौका, असम को छोड़ दिया

## नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एसआईआर पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बंगाल में इसे लेकर लगातार विवाद बढ़ रहा है। नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने एसआईर प्रक्रिया को लेकर केंद्र और चुनाव तंत्र पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एसआईआर के नाम पर जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं, उन्हें अपना पक्ष रखने का उचित मौका नहीं दिया जा रहा। ममता ने इसे चुनाव से ठीक पहले की गई संदिग्ध कार्रवाई बताया।

**बेनर्जी ने यह भी कहा**

- चुनाव से ठीक पहले एसआईआर प्रक्रिया क्यों शुरू की गई?
- इतनी बड़ी जांच दो-तीन महीने में बिना पहले से योजना के कैसे पूरी की जा सकती है?
- चार चुनावी राज्यों में से तीन में एसआईआर हो रहा है, लेकिन भाजपा शासित असम में क्यों नहीं?
- एसआईआर के कथित पीड़ितों को अपना पक्ष रखने का पर्याप्त मौका नहीं दिया जा रहा।





### सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज, ममता रहेंगी मौजूद

सीएम ममता बुधवार को एसआईआर प्रक्रिया पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में मौजूद रह सकती हैं। ममता की सिक्योरिटी टीम ने सुप्रीम कोर्ट सिक्योरिटी से संपर्क किया है। ममता ने राज्य में एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

### संसद में सीईसी के खिलाफ महाभियोग पर टीएमसी देगी समर्थन

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सी5ईसी) के खिलाफ संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने के संकेत दिए हैं। ममता ने साफ किया है कि अगर कांग्रेस या राहुल गांधी इस तरह का प्रस्ताव लाते हैं, तो तृणमूल कांग्रेस इस पर अपनी पार्टी के भीतर चर्चा करेगी और समर्थन दे सकती है।

---

**12 को खत्म होगा राष्ट्रपति शासन**

## भाजपा के खेमचंद होंगे मणिपुर के नए मुख्यमंत्री, लगी मुहर

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर में 12 फरवरी को राष्ट्रपति शासन खत्म होना है। इससे पहले ही एनडीए में सरकार बनाने को लेकर कवायद तेज हो गई थी। भाजपा विधायक दल की बैठक में मंगलवार को युमनाम खेमचंद को विधायक दल का नेता चुना गया। खेमचंद के मणिपुर के नए मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। राष्ट्रपति शासन की अवधि खत्म होने से पहले राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ को राज्य का केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया था।



### वे मणिपुर के स्पीकर रह चुके

खेमचंद सिंगजामेई विधानसभा सीट से दो बार के विधायक हैं। वे विधानसभा के स्पीकर भी रहे हैं। 2022 में युमनाम खेमचंद को बीरेन सरकार में कैबिनेट मंत्री का पद दिया गया था। युमनाम मैतेई समुदाय से हैं। भाजपा विधायक थोकचोम राधेश्याम सिंह ने कहा कि यह अच्छी बात है।

## मिसाइल तकनीक में भारत की बड़ी छलांग

# 'सुपर ब्रह्मोस' पर काम कर रहा देश, दुश्मन भी नहीं पकड़ सकेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व प्रमुख और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ए. शिवथनु पिल्लै ने कहा कि भारत तेजी से रक्षा और आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसकी बड़ी वजह देश में बनी (स्वदेशी) हाइपरसोनिक तकनीक और तेजी से बढ़ता अंतरिक्ष क्षेत्र है।

डॉ. पिल्लै ने बताया कि भारत अब सामान्य मिसाइल तकनीक से आगे बढ़कर 'सुपर ब्रह्मोस' पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अभी ब्रह्मोस मिसाइल की गति मैक-3 है, लेकिन लक्ष्य इसे मैक-7 जैसी हाइपरसोनिक गति तक ले जाना है। उन्होंने समझाया कि गति जितनी ज्यादा होगी, मिसाइल की ताकत उतनी ही ज्यादा होगी। इतनी तेज मिसाइल को दुश्मन का रक्षा तंत्र पकड़ नहीं पाएगा। डॉ. पिल्लै ने कहा कि वे 40 साल तक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के साथ जुड़े रहे और आज भी भारत उनके दिखाए रास्ते पर चलकर एक विकसित देश बनने की ओर बढ़ रहा है।

### खास बातें

- मैक-7 की हाइपरसोनिक गति से चलेगी
- स्वदेशी हाइपरसोनिक तकनीक पर काम कर रहा भारत
- पनडुब्बी, युद्धपोत, लड़ाकू विमान या जमीन से लॉन्च किया जा सकेगा
- आधुनिक गाइडेंस और कंट्रोल सिस्टम लगे हुए हैं

### दुनिया के शीर्ष देशों में भारत शामिल



हाइपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस



डॉ. ए. शिवथनु पिल्लै

डॉ. पिल्लै ने कहा कि भारत ने पहले ही 1,000 सेकंड तक हाइपरसोनिक तकनीक का सफल परीक्षण कर लिया है, जिससे वह दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो गया है। फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल देने के बाद कई अन्य देशों ने भी इसमें रुचि दिखाई है। 'ऑपरेशन सिंदूर' में ब्रह्मोस की सफलता के बाद इसकी मांग और बढ़ी है। डॉ. पिल्लै ने यह साफ किया कि भारतीय सेना को जो ब्रह्मोस दी जाती है, वह निर्यात की जाने वाली मिसाइलों से ज्यादा उन्नत होती है। उन्होंने सरकार द्वारा रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) पर बढ़ाए गए खर्च और एएमसीए जैसे स्वदेशी फाइटर जेट प्रोजेक्ट की भी तारीफ की।

**भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था**


डॉ. पिल्लै ने कहा कि भारत इस समय दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच सकता है। गगनयान मिशन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि पहले बिना इंसान वाले मिशन भेजे जाएंगे, जिनमें एक रोबोट लड़की होगी, जिससे अंतरिक्ष से वापसी और सुरक्षा की जांच की जाएगी। उसके बाद प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा।

### 400 अंतरिक्ष स्टार्टअप

उन्होंने बताया कि भारत में अब करीब 400 अंतरिक्ष स्टार्टअप काम कर रहे हैं, जैसे अग्निकुल और स्काईरूट। ये इसरो के प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि उसके सहयोगी हैं और सैटेलाइट व रॉकेट की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद कर रहे हैं।

### डीआरडीओ और रूस ब्रह्मोस के नए वर्जन को अधिक माडर्न बनाने का काम कर रहे

भारत-रूस लॉन्ग रेंज हाइपरसोनिक ब्रह्मोस पर काम करना शुरू कर दिया है। इस संयुक्त परियोजना के तहत भारत की डीआरडीओ और रूस की एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया ब्रह्मोस के नए वर्जन को अधिक माडर्न बनाने का काम कर रहे हैं। इसमें पहले मौजूद ब्रह्मोस का अपग्रेडेशन के साथ नई मिसाइलों को विकसित करने की योजना है। एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया के सीईओ और चीफ डिजाइनर अलेक्जेंडर लियोनोव ने कहा कि भारत और रूस मिलकर ब्रह्मोस मिसाइल को लगातार बेहतर बना रहे हैं और साथ ही हाइपरसोनिक तकनीक पर भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस परियोजना के तहत छोटे आकार की मिसाइलों और अगली पीढ़ी की तकनीकों पर भी रिसर्च जारी है। ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसमें आधुनिक गाइडेंस और कंट्रोल सिस्टम लगे हैं। इसे पनडुब्बी, युद्धपोत, लड़ाकू विमान या जमीन से लॉन्च किया जा सकता है।



अलेक्जेंडर लियोनोव

---

### खबर संक्षेप

#### फ्रांस में एक्स के दफ्तर पर छापा, जांच शुरू



**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में सरकारी अभियोजकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के दफ्तरों में छापामारी की। यह कार्रवाई एक प्रारंभिक जांच के तहत की गई है, जिसमें कई गंभीर अपराधों के आरोपों की जांच की जा रही है। मामले की जांच साइबर अपराध इकाई द्वारा पिछले साल जनवरी में शुरू की गई थी। जांच में यह देखा जा रहा है कि क्या एक्स ने नाबालिगों से जुड़े अश्लील कंटेंट के प्रसार में किसी तरह की भूमिका निभाई है।

#### ऑस्ट्रेलिया में गांधी की कांस्य प्रतिमा चोरी



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में स्थित ऑस्ट्रेलियन इंडियन कम्युनिटी सेंटर से महात्मा गांधी की एक कांस्य प्रतिमा चोरी हो गई है। यह प्रतिमा भारत सरकार की तरफ से भेंट की गई थी। 12 नवंबर 2021 को ऑस्ट्रेलिया के तत्कालीन पीएम स्कॉट मॉरिसन ने इसका उद्घाटन किया था। इस घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक यह घटना 12 जनवरी की रात करीब 12:50 बजे हुई। नॉक्स क्राइम इन्वेस्टिगेशन यूनिट इस चोरी की जांच कर रही है।

---

## क्या भारत बंद करेगा रूसी तेल खरीद?

# ट्रंप के ऐलान पर रूस बोला- नई दिल्ली से नहीं मिला कोई इशारा

*अमेरिका और भारत के बीच हुए समझौते को 'फादर ऑफ ऑल डील्स' भी कहा जा रहा*

रूस बोला- भारत के साथ संबंध मजबूत बने रहेंगे | भारतीय रिफाइनरीज ने अब तक रूस से रद्द नहीं किए समझौते

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही अमेरिका ने टैरिफ घटाकर 18 फीसदी कर दिया है। इस समझौते को 'फादर ऑफ ऑल डील्स' भी कहा जा रहा है। इस मामले पर अब रूस का बयान भी सामने आ गया है। रूसी सत्ता के केंद्र 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कहा कि उसे भारत से ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद वह रूसी तेल खरीदना बंद कर देगा।

पेस्कोव ने कहा कि हमें इस मामले पर नई दिल्ली से अभी तक कोई संदेश नहीं मिला है। रूस भारत के साथ संबंधों पर ट्रंप की टिप्पणियों का सावधानीपूर्वक विश्लेषण कर रहा है। पेस्कोव ने कहा कि हम अमेरिका-भारत के द्विपक्षीय संबंधों का सम्मान करते हैं। लेकिन हम रूस और भारत के बीच एक उन्नत रणनीतिक साझेदारी के विकास को भी उतना ही महत्व देते हैं। यह हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात है और हम दिल्ली के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को और विकसित करने का इरादा रखते हैं।

### स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे



डोनाल्ड ट्रंप | पीएम नरेंद्र मोदी | व्लादिमीर पुतिन

*रूस के डिप्टी पीएम अलेक्जेंडर नोवाक ने कहा कि सरकार स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि रूस को भारत द्वारा रूसी तेल को अस्वीकार करने की संभावना के संबंध में केवल अमेरिका की ओर से सार्वजनिक बयान ही देखने को मिले हैं। मंत्रिमंडल में ऊर्जा विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे नोवाक ने कहा कि अभी तो सिर्फ सार्वजनिक बयान ही सामने आए हैं। देखते हैं आगे क्या हालात बनते हैं। उन्होंने कहा कि रूस को भरोसा है कि उसके ऊर्जा संसाधनों की वैश्विक स्तर पर मांग बनी रहेगी, क्योंकि वे आपूर्ति और मांग के बीच संतुलन बनाए रखते हैं। कुल मिलाकर, हमारे ऊर्जा संसाधनों की मांग बनी हुई है। आपूर्ति हमेशा मांग के अनुरूप बनी रहेगी क्योंकि संतुलन कायम है। रूस के ऊर्जा मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि उन्हें भारतीय रिफाइनरी कंपनियों से अनुबंध रद्द करने के संबंध में कोई सूचना नहीं मिली है।*

#### मांग का 88% आयात कर रहा भारत

भारत अपने कच्चे तेल का लगभग 88 प्रतिशत हिस्सा दूसरे देशों से खरीदता है, जिसे पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिवर्तित किया जाता है। वर्ष 2021 तक भारत द्वारा आयात किए गए कुल कच्चे तेल में रूसी तेल का हिस्सा मुश्किल से 0.2 प्रतिशत था। विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश भारत, फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पश्चिमी देशों द्वारा मॉस्को से दूरी बनाने के बाद रियायती रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया।

#### रिफाइनरीज मार्च तक का समय चाह रही

भारत-अमेरिका समझौते से भारतीय रिफाइनरीज के आगे समस्या खड़ी हो गई है, क्योंकि वो फौरन रूसी तेल को रोक नहीं सकते हैं। उन्होंने पहले से ही डील कर रखी है, उसकी डिलिवरी भी करनी है। कंपनियों को अब रूस से तेल पर पूरी तरह से पाबंदी लगाने की शर्त को मानने के लिए विंड डाउन पीरियड की जरूरत है। कंपनियों ने जो तेल खरीद रखे हैं, उनकी आपूर्ति मार्च तक ही हो पाएगी। भारतीय रिफाइनर्स ने फरवरी में तेल टैंकरों के लिए कार्गो बुक किए हैं, जो मार्च तक ही पहुंच पाएंगे। ऐसे में इन कंपनियों को मार्च तक की मोहलत चाहिए, ताकि जो करार ये कर चुकी हैं, वो समय रहते पूरी की जा सकें।

**रूस से कच्चे तेल का आयात घटाया**

जनवरी के पहले तीन हफ्तों में भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात घटकर लगभग 11 लाख बैरल प्रति दिन रह गया, जबकि पिछले महीने यह औसतन 12.1 लाख बैरल प्रति दिन था और 2025 के मध्य में आयात 20 लाख बैरल प्रति दिन से अधिक होने का अनुमान था। इराक अब रूस के लगभग बराबर मात्रा में आपूर्ति कर रहा है, जो दिसंबर 2025 में औसतन 9,04,000 बैरल प्रति दिन से ज्यादा है। सऊदी अरब से भी तेल का उत्पादन जनवरी में बढ़कर 9,24,000 बैरल प्रति दिन हो गया, जो दिसंबर में 7,10,000 बैरल प्रति दिन और अप्रैल 2025 में 5,39,000 बैरल प्रति दिन के निचले स्तर पर था।

---

## सुप्रीम कोर्ट की मेटा को कड़ी फटकार

# संविधान का पालन नहीं कर सकते, तो भारत को छोड़ दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सएप की प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर मेटा (मेटा) को सख्त चेतावनी दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि तकनीकी कंपनियां भारत में रहकर नागरिकों के निजता अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकतीं। अदालत ने यहां तक कह दिया कि अगर कंपनियां संविधान का पालन नहीं कर सकतीं, तो उन्हें देश छोड़ देना चाहिए।

अदालत मेटा और वाट्सएप की उस अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण के फैसले को चुनौती दी है। इस फैसले में प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा 2021 की वाट्सएप प्राइवेसी पॉलिसी पर लगाए गए 213.14 करोड़ रुपए के जुर्माने को बरकरार रखा गया था।



#### आम जनता की समझ से परे पॉलिसी

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वाट्सएप के बाजार में दबदबे के कारण यूजर्स के पास सीमित विकल्प हैं। अदालत ने सवाल उठाया कि क्या आम लोग कंपनी की जटिल प्राइवेसी पॉलिसी को समझ सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि यूजर्स की सहमति तभी मान्य होगी, जब वह स्पष्ट और समझने योग्य हो। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यूजर्स का डेटा केवल संग्रहित ही नहीं किया जा रहा, बल्कि उसका व्यावसायिक उपयोग भी किया जा रहा है। अदालत ने यह भी पूछा कि वाट्सएप किस तरह यूजर डेटा का इस्तेमाल टारगेटेड विज्ञापन के लिए करता है।

#### 9 फरवरी को आएगा अंतरिम आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भी इस याचिका में एक पक्ष बनाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कंपनियों को चेतावनी दी है कि या तो वे डेटा शेयर न करने का लिखित आश्वासन दें, वरना अदालत को आदेश पारित करना होगा। बेंच ने कहा कि इस मामले में 9 फरवरी को अंतरिम आदेश पारित किया जाएगा। कंपनियों की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी और अखिल सिब्बल ने कहा कि वाट्सएप मैसेज एंड-टू-एंड एनक्रिप्शन से सुरक्षित होते हैं और कंपनी उन्हें पढ़ नहीं सकती। साथ ही बताया गया कि जुर्माने की राशि पहले ही जमा कर दी गई है। मेटा ने डेटा उपयोग से जुड़े पहलुओं को स्पष्ट करने के लिए हलफनामा दाखिल करने पर सहमति जताई है। कोर्ट ने इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई अगले सप्ताह तक टाल दी।

---

## बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को बड़ी सफलता

# पालघर में माउंटेन टनल-6 का ब्रेकथ्रू, दो सुरंगों का उत्खनन पूरा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की गई है। इस हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की माउंटेन टनल-6 का ब्रेकथ्रू सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस उपलब्धि का अवलोकन किया। यह सुरंग महाराष्ट्र के पालघर जिले के दहाणू रोड क्षेत्र में स्थित है। महाराष्ट्र में प्रस्तावित सात पर्वतीय सुरंगों में से पहली माउंटेन टनल का ब्रेकथ्रू पूरा हो गया है। वहीं आठ में से दो सुरंगों का उत्खनन कार्य भी समाप्त हो चुका है। बीकेसी और शिलफाटा के बीच 21 किमी लंबी सुरंग में 5 किमी एनएटीएम टनल का उत्खनन पूरा कर लिया गया है।

### 508 किमी लंबा है हाई-स्पीड कॉरिडोर



पालघर में माउंटेन टनल-6

इस हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की कुल लंबाई 508 किमी है, जो महाराष्ट्र और गुजरात के बीच तेज, सुरक्षित और आरामदायक कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। कुल 508 किमी रूट में से 334 किमी वायाडक्ट और 417 किमी पियर्स का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा 17 नदी पुल, 5 पीएससी पुल और 13 स्टील पुल भी बनकर तैयार हो गए हैं।

#### 4.9 लाख से अधिक नॉइज बैरियर्स लगाए

247 किमी लंबे रूट पर 4.9 लाख से अधिक नॉइज बैरियर्स लगाए जा चुके हैं। ट्रैक निर्माण की बात करें तो 308 ट्रैक किमी, यानी 154 रूट किमी आरसी ट्रैक बेड तैयार किया जा चुका है। मुख्य मार्ग पर लगभग 125 रूट किमी क्षेत्र में 5,400 से ज्यादा ओवरहेड इलेक्ट्रिक मास्ट लगाए जा चुके हैं, जिससे इलेक्ट्रिफिकेशन का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है।

---

## भारत-भूटान सहयोग को मजबूती

# 1200 मेगावाट बिजली परियोजना शुरू होगी, कमर्शियल यूज पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और भूटान ने बिजली क्षेत्र में अपने लंबे समय से चले आ रहे सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई है। भूटान के ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री जेम त्शेरिंग ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर इस दिशा में विस्तृत चर्चा की। बैठक में पुनात्सांगछू-2 जलविद्युत परियोजना (1020 मेगावाट) से बिजली उत्पादन के व्यावसायिक उपयोग पर विचार किया गया। इसके साथ ही पुनात्सांगछू-1 जलविद्युत परियोजना (1200 मेगावाट) को जल्द शुरू करने पर भी जोर दिया गया।



सांकोश जलविद्युत परियोजना के भविष्य की रूपरेखा पर भी बात हुई। इसके अलावा, वर्ष 2040 तक ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर की योजना पर दोनों देशों के बीच विस्तृत परामर्श जारी रहने पर सहमति बनी। भूटान में कम जल प्रवाह वाले महीनों के दौरान बिजली शेड्यूलिंग की मंजूरी प्रक्रिया को सरल बनाने की जरूरत पर भी चर्चा हुई। दोनों मंत्रियों ने भारत और भूटान के बीच गहरी मित्रता की सराहना की।

---

## सिंगापुर एयर शो में सारंग टीम का दमदार प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना सिंगापुर एयर शो 2026 में पूरे दमखम के साथ हिस्सा ले रही है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर वायुसेना की मशहूर सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम अपने शानदार और सटीक हवाई करतबों से भारत की वायु शक्ति और स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन कर रही है। सारंग टीम पूरी तरह स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) 'ध्रुव' का प्रदर्शन कर रही है। यह हेलीकॉप्टर भारत की आत्मनिर्भर रक्षा क्षमताओं और 'मेक इन इंडिया' पहल का सशक्त उदाहरण है।

---

## दुनिया के सबसे बड़े हनीट्रैप को लेकर अब एक और बड़ा दावा


# एपस्टीन फाइल्स में 1000 बार लिया गया पुतिन का नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी के जेफरी एपस्टीन मामले में बड़ा नाम सामने आया है। एपस्टीन से जुड़ी फाइलों के ताजा रिलीज में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से जोड़ने वाले हजारों मैसेज मिले हैं। इन मैसेजों के जरिए एक नई थ्योरी सामने आई है कि एपस्टीन असल में काम किसके लिए करता था? इन जारी ईमेल्स से पता चलता है कि कुछ अनजान सोर्स एपस्टीन और रूसी राष्ट्रपति के बीच मीटिंग्स के बारे में बात कर रहे थे। शुक्रवार को जारी किए गए डॉक्यूमेंट्स में पुतिन का नाम लगभग 1,000 बार आया है, जबकि मॉस्को का जिक्र लगभग 10,000 बार किया गया है।

रूस से लड़कियों की तस्करी का 'हनीट्रैप' संदेह | पुतिन के साथ बैठकों और रूसी वीजा पर चर्चा

### पुतिन से मीटिंग का जिक्र



जेफरी एपस्टीन

मई 2013 में, एपस्टीन ने काउंसिल ऑफ यूरोप के सेक्रेटरी जनरल थोरबजोर्न जगलैंड को एक ईमेल में लिखा कि वह पुतिन और रूस को फाइनेंशियल सिस्टम को फिर से बनाने में मदद करना चाहता है। उसी महीने, इजराइल के पूर्व पीएम एहूद बराक को एक ईमेल में, एपस्टीन ने दावा किया कि पुतिन ने उनसे मिलने की कोशिश की थी, जिसे उन्होंने मना कर दिया था। साल 2018 में, एपस्टीन ने राष्ट्रपति ट्रंप के तत्कालीन व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ, स्टीव बैनन को रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और जैगलैंड के बीच होने वाली एक मीटिंग के बारे में ईमेल किया था। इसके कुछ ही समय बाद, एपस्टीन ने जैगलैंड को एक ईमेल में लिखा कि लावरोव मुझसे बात करके जानकारी हासिल कर सकते हैं।

---

## *शांति वार्ता से पहले रूस का यूक्रेन पर हमला*

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने रात भर में यूक्रेन पर एक बहुत बड़ा हमला किया है। इस दौरान रूस ने लगभग 450 लंबी दूरी के ड्रोन और 70 अलग-अलग तरह की मिसाइलें दागीं। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देश संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में शांति वार्ता करने वाले हैं। जेलेंस्की के अनुसार, रूस ने यूक्रेन के पांच राज्यों में बिजली ग्रिड को निशाना बनाया। कड़ाके की ठंड के बीच रूस का मकसद नागरिकों को बिजली, पानी और हीटिंग से महरूम रखना है।



रूस का यूक्रेन पर भीषण हमला

#### घरों, स्कूलों को पहुंचा नुकसान

जेलेंस्की ने कहा कि रूस कूटनीति के बजाय लोगों को डराने में ज्यादा यकीन रखता है। राज्य आपातकालीन सेवा के अनुसार, राजधानी कीव में पांच लोग घायल हुए हैं। वहां कई घरों, एक स्कूल और गैस स्टेशन को नुकसान पहुंचा और उसमें आग लग गई। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि हमले की वजह से 1,170 इमारतों में हीटिंग की सुविधा बंद हो गई है। फिलहाल मरम्मत का काम तेजी से चल रहा है। कुछ अपार्टमेंट और बिल्डिंग को छोड़कर बाकी सभी जगहों पर बिजली बहाल कर दी गई।

---

## आतंकियों से बड़ी मुठभेड़

# उधमपुर में सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरा, सघन सर्च ऑपरेशन जारी

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के मजलता इलाके में सुरक्षा बलों और जैश के आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। सेना को 2-3 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद पूरे इलाके को घेर लिया गया है। सुरक्षा बल आतंकियों को पकड़ने के लिए सघन तलाशी अभियान चला रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, चिगला बलोता क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान तेज कर दिया। पूरे क्षेत्र में अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है और सर्च ऑपरेशन अब भी जारी है।



मुठभेड़ के बाद इलाके में सतर्कता और बढ़ा दी गई है। सेना के व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर इस ऑपरेशन की जानकारी देते हुए लिखा कि एक इंटेलिजेंस आधारित जॉइंट ऑपरेशन में भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ की टुकड़ियों ने मंगलवार शाम करीब 4 बजे बसंतगढ़ के सामान्य इलाके में आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया है।

# आम बजट में एआई, सेमीकंडक्टर और 'ऑरेंज इकोनॉमी' पर विशेष ध्यान: केंद्रीय मंत्री सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को अशोकनगर कलेक्ट्रेट में प्रेस वार्ता में केन्द्रीय बजट 2026-27 को 'विकसित भारत' का स्पष्ट रोडमैप बताया।

उन्होंने कहा कि यह बजट भारत की जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट है, जिसमें विकसित भारत के राष्ट्रीय संकल्प को जमीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में निर्णायक कदम हैं। यह बजट प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप देश की आर्थिक मजबूती, अधोसंरचना विस्तार और भविष्य की तकनीकों का रोडमैप है।

**»** ***केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केंद्रीय बजट को बताया 'विकसित भारत' का रोडमैप***

**»** ***प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में समावेशी बजट जन आकांक्षाओं को करेगा पूरा: केंद्रीय मंत्री सिंधिया***


प्रेसवार्ता करते केंद्रीय मंत्री सिंधिया।

### समृद्ध भारत का रोडमैप है बजट

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और 2027 तक तीसरे स्थान की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों से भारत विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

#### भविष्य की जरूरतों का रखा गया है ध्यान

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री ने हर परिवार, हर समाज और हर वर्ग के लिए संसाधनों और अवसरों की बात की है। मोदी सरकार ने बजट में टैक्सटाइल से लेकर, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कृषि, सेवा और शिक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों के लिए तो बड़ी घोषणाएं की है, लेकिन साथ में उन्होंने आगामी भविष्य की जरूरतों को देखते हुए कंटेंट क्रिएटर्स, पर्यटन और एआई के लिए सौगातों की बौछार कर दी है।

### सिंधिया ने बताई भारतीय अर्थव्यवस्था और बजट की प्रमुख विशेषताएं

- भारत की जीडीपी पिछले दस वर्षों में 2 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 4.3 ट्रिलियन डॉलर हो चुकी है।
- अप्रैल से दिसंबर के बीच महंगाई दर घटकर मात्र 1.7% रही है, जो विश्व में सबसे कम है।
- राजकोषीय घाटे को 4.4% तक सीमित रखा गया है और अगले वर्ष इसे 4.3% तक लाने का लक्ष्य है।
- इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश को 2014 के 2 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर 12 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचाया गया है।
- बजट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर (10 नए फैब्स) और 'ऑरेंज इकोनॉमी' (ऑडियो-विजुअल एवं गेमिंग) पर विशेष ध्यान दिया गया है।
- उत्तर-पूर्वी राज्यों के बजट में 50% की वृद्धि करते हुए 6,800 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है तथा टेलीकॉम क्षेत्र के लिए 72,000 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं।

---

## जन्म उत्सव में एक साथ संस्कृत श्लोकों के सामूहिक पाठ का बना नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

# गुजरात की धरा ने दिया है, मानव कल्याण और सनातन का संदेश

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन वडोदरा में महंत स्वामी महाराज के 92वें जन्मजयंती महोत्सव में हुए शामिल


पूज्य महंत स्वामी महाराज से आशीर्वाद लेते सीएम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुजरात की धरती भारत सहित अनेक राष्ट्रों में धर्म, आध्यात्म, सनातनी परम्परा, मानव कल्याण और सेवा मूल्यों को चेतना से जोड़ने का कार्य कर रही है। इस धरा से कभी महात्मा गांधी और सरदार पटेल जैसी विभूतियों ने राष्ट्र को योगदान दिया, वहीं अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस परम्परा को आगे बढ़ा रहे हैं।

मुख्यमंत्री सोमवार को गुजरात के वडोदरा में पूज्य महंत स्वामी महाराज की 92वीं जन्म वर्षगांठ पर उनके दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त कर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्वामीजी को जन्म दिवस की बधाई देते हुए उनके शतायु होने की कामना की और आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में स्वामी जी का जन्म शताब्दी समारोह अधिक भव्य रूप में आयोजित होगा। कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आज सऊदी अरब सहित अबूधाबी और अमेरिका में स्वामी नारायण अक्षर धाम के पारम्परिक हिन्दू मंदिर और विश्व के अनेक देशों में 600 से अधिक मंदिरों का निर्माण उल्लेखनीय है। सत्संगदीक्षा जैसे शास्त्रसम्मत ग्रंथ की रचना और हजारों सेवाभावी नवयुवान संतों का निर्माण सनातन की परम्परा को ऊंचाइयां दे रहा है। यह गर्व की बात है कि महंत स्वामी महाराज की जीवन यात्रा की जड़ें मध्यप्रदेश से भी जुड़ी हैं।

**»** ***मप्र से जुड़ी हैं स्वामी जी की जीवन यात्रा की जड़ें: डॉ. मोहन***

**»** ***मप्र से जुड़ी हैं स्वामी जी की जीवन यात्रा की जड़ें: सीएम***


कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम डॉ. मोहन यादव।

### का बना नया रिकार्ड

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महंत स्वामी महाराज के 92 वें जन्मजयंती महोत्सव में 15 हजार 666 बच्चों को एक साथ स्वामी जी की ओर से रचित 'सत्संग दीक्षा' ग्रंथ के 315 श्लोकों का पाठ किए जाने को एक उपलब्धि बताया। इस गतिविधि का नया गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड भी बना है। मुख्यमंत्री और गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल ने महंत स्वामी महाराज से जनकल्याण के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामीजी ने दोनों मुख्यमंत्रियों का पुष्पमाला से अभिनंदन किया। कार्यक्रम में गुणातितानंद स्वामी की अद्भुत महिमा एवं जीवन पर केंद्रित नाटक का मंचन किया गया। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव के वडोदरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचने पर गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल ने आत्मीय स्वागत किया।

### वडोदरा एक नगर नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वडोदरा एक नगर नहीं बल्कि उस सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है, जहां भक्ति के साथ सेवा की सुदीर्घ परम्परा है। इस धरती से गुरू के उस संदेश का प्रसार हो रहा है, जो भगवान स्वामी नारायण से लेकर पूज्य महंत स्वामीजी के जीवन में अभिव्यक्त होता है। अमृत बरसाने वाली यह धारा निरंतर प्रवाहित रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत वृंद ईश्वर के रूप में विराजमान रहते हैं। उनकी सामूहिक उपस्थिति बगिया में अनेक पुष्पों के एक साथ खिलने की तरह होती है। अपनी शिक्षाओं से वे बच्चों को आलोकित करते हैं। निश्चित ही यह बच्चे भारतीय संस्कृति को जीवंत करने का कार्य करेंगे। दीक्षित हो रहे बच्चे भी वंदन अभिनंदन के पात्र हैं।


कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाएं।

### गुजरात में गिर राष्ट्रीय उद्यान में प्रबंधन सराहनीय: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुजरात के गिर राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण कर उत्कृष्ट प्रबंधन, वन संरक्षण की प्रतिबद्धता और सुव्यवस्थित पर्यटन व्यवस्था को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि पर्यटन और वन संपदा की दृष्टि से मप्र में भी इस क्षेत्र में कार्यों की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। यहां प्राप्त अनुभवों और बेहतर व्यवस्थाओं का अध्ययन कर मप्र के वन क्षेत्रों और पर्यटन स्थलों को अधिक समृद्ध, आकर्षक और विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में भी पर्यटन की दृष्टि से वन पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। टाइगर प्रबंधन के लिए वन विभाग के अमले में बढ़ोतरी की गई है। गिर राष्ट्रीय उद्यान के भ्रमण के दौरान वन पर्यटन व्यवस्थाओं को देखने का अवसर मिला। गुजरात में वन विकास के क्षेत्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गुजरात में मुख्यमंत्री-काल से आज तक उच्च स्तर पर विकास हुआ है। आशा है, मप्र में भी इससे दिशा प्राप्त कर बेहतर प्रबंधन किए जाएंगे।

---

## दस दिन में करना पड़ेगी 2 लाख 27 हजार लॉजिकल डिस्पेंसी वाले वोटर्स की सुनवाई

**»** ***सवा दो लाख मतदाताओं की बढ़ी परेशानी, सही नाम का पेश करना पड़ेगा***



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में मैपिंग कराने के बाद ड्राफ्ट रोल में नाम शामिल कर लिए गए हैं, लेकिन अचानक से आयोग ने जिले में लॉजिकल डिस्पेंसी के नाम पर सात लाख से अधिक मतदाताओं के नाम, उम्र, पिता, पति के नाम में गड़बड़ी का खुलासा किया है। जिसके बाद जिला निर्वाचन कार्यालय ने 2 लाख 27 हजार 129 मतदाताओं को नोटिस जारी कर दिए हैं। इन मतदाताओं को गड़बड़ी को ठीक कराने के लिए दस्तावेज पेश करना पड़ेंगे, ऐसा नहीं करने पर वोटर लिस्ट से नाम काट दिया जाएगा।

आयोग के हिसाब से 14 फरवरी तक सुनवाई और नए फार्म के निराकरण का काम पूरा किया जाना है। ऐसे में नए 91 एईआरओ को रोजाना करीब ढाई सौ मतदाताओं की सुनवाई करना पड़ेगी। जिसके बाद ही 14 फरवरी तक इतने अधिक मतदाताओं की लॉजिकल डिस्पेंसी को खत्म किया जा सकेगा। इधर जिन मतदाताओं के नाम में गड़बड़ी को लेकर नोटिस जारी किए गए हैं, उनका कहना है कि गणना पत्रक भरने के दौरान ही दस्तावेज लेकर इस गड़बड़ी को ठीक किया जाना चाहिए था।

ड्राफ्ट रोल के बाद नोटिस देकर दस्तावेज मांगना सही नहीं है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि नौ मैपिंग के साथ लॉजिकल डिस्पेंसी वाले मतदाताओं की सुनवाई की जा रही है।

#### गोविंदपुरा, नरेला में सबसे ज्यादा गड़बड़ी

लॉजिकल डिस्पेंसी वाले मतदाताओं में सबसे ज्यादा तादाद गोविंदपुरा में 82 हजार 486 और नरेला में 69 हजार 797 मतदाता शामिल हैं। जबकि हुजूर में 52 हजार 423, मध्य 46 हजार 669, बैरसिया में 35 हजार 677, उत्तर 40 946 और दक्षिण पश्चिम में 18 हजार 656 मतदाता हैं। इस संख्या में नो मैपिंग वाले मतदाता भी शामिल हैं। अब तक नौ मैपिंग और लॉजिकल डिस्पेंसी वाले एक लाख 19 हजार 525 मतदाताओं की सुनवाई पूरी कर ली गई है।

#### नए नाम, आपत्ति और संशोधन भी

नौ मैपिंग और लॉजिकल डिस्पेंसी वाले मतदाताओं की सुनवाई के साथ एसडीएम स्तर पर आपत्तियों का निराकरण, नए नाम जोड़ना और नाम, पता और विधानसभा बदलवाने वाले मतदाताओं के फार्म का निराकरण भी करना पड़ेगा। जिसके बाद 21 फरवरी को एसआईआर की फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी।

---

## सिरसा गेट और खुर्सीपार में बनेंगे ग्रेड सेपरेटर, 77 करोड़ रुपए मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और ट्विन सिटी भिलाई-दुर्ग के बीच सफर करने वाले लाखों यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर यातायात को निर्बाध और तेज बनाने के लिए सिरसा गेट चौक तथा खुर्सीपार गेट चौक पर ग्रेड सेपरेटर के निर्माण को मंजूरी मिल गई है।

उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव की सक्रिय पहल के बाद केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इसके लिए 77 करोड़ 36 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।



#### जनआकांक्षाओं पर लगी मुहर

रायपुर और दुर्ग के बीच सिरसा गेट और खुर्सीपार चौक पर लंबे समय से ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती थी। स्थानीय नागरिक और इस मार्ग से गुजरने वाले यात्री यहां फ्लाईओवर या ग्रेड सेपरेटर निर्माण की मांग लगातार कर रहे थे। जनता की इन आकांक्षाओं को देखते हुए राज्य सरकार ने केंद्र को प्रस्ताव भेजा था, जिसे भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना में शामिल कर राशि स्वीकृत की है।

## ग्रीन गुफा की विरासत को 'इंसानी दखल' से बचाए सरकार: हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बस्तर के कांगेर वैली नेशनल पार्क स्थित ग्रीन गुफा को पर्यटन के लिए खोलने और वहां हो रहे निर्माण कार्यों के विरुद्ध दायर जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार गुफा की विरासत को बचाने के लिए इसे आम जनता से दूर रखने जैसे कदम उठाना जारी रख सकती है। न्यायालय ने अब कांगेर वैली नेशनल पार्क के संचालक से इस मामले में विस्तृत शपथ पत्र मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने कोर्ट को बताया कि वन विभाग गुफा में गेट, सीढ़ी और पाथवे बनाकर इसे पर्यटकों के लिए खोलने की तैयारी में है, जो इसके अस्तित्व के लिए खतरा है। याचिकाकर्ता नितिन सिंघवी ने विशेषज्ञों की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि निर्माण सामग्री से गुफा का माइक्रोक्लाइमेट और रासायनिक संतुलन बिगड़ सकता है।

## रंगोली बनाकर किया केंद्रीय बजट-2026 का स्वागत




**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने केंद्रीय बजट-2026 में नारी शक्ति के लिए किए गए व्यापक, दूरदर्शी एवं सशक्त प्रावधानों को लेकर सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में रंगोली बनाकर स्वागत कर आभार व्यक्त किया। बजट में महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और नारी सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने पर महिला मोर्चा द्वारा प्रदेश कार्यालय में रंगोली बनाकर खुशी व्यक्त की गई।

## रायपुर में सनी लियोन के कार्यक्रम पर बवाल, हिंदू संगठन ने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर फिल्म अभिनेत्री सनी लियोन के आगमन से पहले ही विरोध शुरू हो गया है। हिंदू संगठन ने इस कार्यक्रम का कड़ा विरोध जताते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से चेतावनी जारी की है। हिंदू संगठन के जिला संयोजक रवि वाधवानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए कार्यक्रम आयोजकों को सीधे शब्दों में चेताया है। पोस्ट में लिखा गया है कि "रायपुर में अश्लील फिल्म अभिनेत्री सनी लियोन को बुलाने वालों, कान खोलकर सुन लो राम जी के ननिहाल में किसी भी तरह की अश्लीलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।" बताया जा रहा है कि अभिनेत्री सनी लियोन का एक कार्यक्रम 22 फरवरी को रायपुर में आयोजित होना था। इस कार्यक्रम को लेकर हिंदू संगठन ने आपत्ति जताते हुए इसे भारतीय संस्कृति और सामाजिक मर्यादाओं के विरुद्ध बताया है। हिंदू संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि रायपुर धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है और यहां इस प्रकार के आयोजनों को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। संगठन ने प्रशासन से भी इस कार्यक्रम पर रोक लगाने की मांग की है। विरोध के बाद कार्यक्रम को लेकर आयोजकों और प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## वैनगंगा एक्सप्रेस में गूंजी किलकारी, चलती ट्रेन में महिला ने दिया बच्ची को जन्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सफर के दौरान रविवार को भिलाई और रायपुर के बीच चलती ट्रेन में एक महिला यात्री ने बेटी को जन्म दिया। वैनगंगा एक्सप्रेस में बच्ची के जन्म की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन ने त्वरित व्यवस्था करते हुए मां और नवजात को सुरक्षित आंबेडकर अस्पताल पहुंचाया। महबूबनगर (हैदराबाद) से चांपा जा रही 25 वर्षीय अंकिता कुमारी अपने पति दिनेश कुमार के साथ एस-2 कोच में यात्रा कर रही थी। दुर्ग स्टेशन पार करने के बाद उन्हें अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। ट्रेन में यात्रियों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल मदद की।

## किसान कल्याण वर्ष-2026-समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की है थीम

### किसानों की आय बढ़ाना ही सरकार का मूल ध्येय, कृषि वर्ष आयोजन के लिए सरकार ने तय की रूपरेखा

# कृषि उत्पादों का मजबूत विपणन तंत्र बनाया जाएगा, खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों की आय में हर तरीके से वृद्धि करना ही हमारा मूल लक्ष्य है और यह उनकी फसल का उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने से ही संभव है। मप्र के एक करोड़ से अधिक किसानों के हित में 'समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश' के समावेशी मॉडल, थीम पर वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। इस दौरान कृषि उत्पादों का मजबूत विपणन तंत्र स्थापित किया जाएगा। खाद्य प्रसंस्करण को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान कल्याण वर्ष-2026 के आयोजन की रूपरेखा के संबंध में हुई बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों को उच्च उत्पादकता वाली फसल किस्मों, कृषि स्टार्टअप, कृषि आधारित रोजगार श्रृंखला को बढ़ावा, जिला-आधारित क्लस्टर्स का विकास को प्रोत्साहन देना प्रमुख लक्ष्य हैं।



#### भोपाल में होगा 'आम महोत्सव'

किसान कल्याण वर्ष आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के संबंध में हुई इस बैठक में बताया गया कि आगामी मई माह में भोपाल में आम महोत्सव आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में आम उत्पादकों, व्यापारियों, निर्यातकों और विशेषज्ञों की सहभागिता होगी। आम की खेती से संबंधित नई तकनीक पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

#### कृषि कैबिनेट की शुरूआत निमाड़ अंचल से

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों का कल्याण हमारे लिए एक मिशन है। इनके समग्रहित में इसके लिए कृषि वर्ष के दौरान प्रदेश के अलग-अलग जिलों में कृषि कैबिनेट भी की जाएगी। कृषि कैबिनेट की शुरूआत निमाड़ अंचल से की जाएगी। किसान हित के सभी जरूरी निर्णय फील्ड में होने वाली कृषि कैबिनेट में ही लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि खेती-किसानी से पर्यावरण में भी व्यापक सुधार आता है।

#### *सितंबर में बालाघाट में होगा 'सिंघाड़ा एवं मखाना महोत्सव'*

*किसान कल्याण वर्ष में सितम्बर के संभवतः पहले सप्ताह में बालाघाट जिले में 'सिंघाड़ा एवं मखाना महोत्सव' आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में सिंघाड़ा उत्पादकों, व्यापारियों, निर्यातकों एवं फसल विशेषज्ञों की ओर से सहभागिता की जाएगी। क्षेत्रीय किसानों को सिंघाड़े और मखाने की खेती से जोड़ने के लिए महोत्सव में किसानों के बीच इनकी खेती से मिलने वाले लाभों से जुड़ी जानकारियों का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा।*

***नवंबर में नरसिंहपुर में होगा 'गन्ना महोत्सव'***

*कृषि वर्ष में नवम्बर के संभवतः पहले सप्ताह में ही नरसिंहपुर जिले में राज्यस्तरीय किसान सम्मेलन सह गन्ना महोत्सव आयोजित किया जाएगा।*

## हाईकोर्ट का निर्देश

# अंबेडकर चौक से शहीद अब्दुल अहमद चौक तक फ्लाईओवर के मसले पर केन्द्र व राज्य सरकार से जवाब तलब



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अंबेडकर चौक से शहीद अब्दुल अहमद चौक तक फ्लाईओवर के निर्माण की मांग को लेकर पूर्व में दायर याचिका पर सुनवाई के बाद केन्द्र व राज्य सरकार को जवाब पेश करने मोहलत प्रदान की। मंगलवार को हाईकोर्ट ने इस मामले में जिला बार एसोसिएशन को जबलपुर के विधायक और पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया द्वारा दायर जनहित याचिका में हस्तक्षेप करने की अनुमति भी दे दी। इस याचिका में जबलपुर उच्च न्यायालय परिसर के पास यातायात जाम को कम करने के लिए अंबेडकर चौक से शहीद अब्दुल अहमद चौक तक फ्लाईओवर के निर्माण की मांग की गई थी। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने अगली सुनवाई 16 मार्च को तय की है। अधिवक्ता सार्थक नेमा ने बताया कि जिला बार एसोसिएशन ने हाईकोर्ट परिसर के पास यातायात जाम के मद्देनजर पुल के निर्माण का समर्थन करते हुए हस्तक्षेप आवेदन दायर किया है। विगत 16 मई, 2025 को राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि शुरू में पुल की प्रस्तावित लंबाई 3.2 किलोमीटर थी, लेकिन बाद में बढ़कर 5.1 किलोमीटर हो गई।

राज्य लोक निर्माण विभाग ने 6 नवंबर, 2024 को केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि योजना के तहत केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को इस परियोजना को पूरा करने के लिए डीपीआर के अनुसार 486.72 करोड़ रुपये की धनराशि जारी करने का प्रस्ताव भेजा है।

लखन घंघोरिया ने याचिका में मांग की है कि जबलपुर शहर में अंबेडकर चौक (तहसील कार्यालय जबलपुर) से मदार टेकरी होते हुए शहीद अब्दुल हमीद चौक (रद्दी चौकी) तक फ्लाईओवर पुल का निर्माण स्वीकृत कर समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाए। दलील दी गई कि यातायात का अत्यधिक दबाव होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# क्लास-3 कर्मचारियों को 22-25 साल सेवा के बाद बर्खास्त करने का आदेश निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में जिला न्यायालय जबलपुर में कार्यरत क्लास-3 कर्मचारियों की 22 से 25 साल की सेवा के बाद उन्हें बर्खास्त करने का आदेश निरस्त कर दिया। जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने कहा कि 1994–95 में हुई ये नियुक्तियां अवैध या शुरू से शून्य नहीं थीं, बल्कि उनमें प्रक्रियागत त्रुटि थीं, जो लंबे समय तक सेवा में बने रहने से स्वतः समाप्त हो गईं। कोर्ट ने सभी कर्मचारियों को उनके संबंधित पदों पर

**हाईकोर्ट का निर्देश**

बहाल करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्हें बैकवेज, पदोन्नत व सेवा से जुड़े अन्य लाभ भी प्रदान करने को कहा। जबलपुर निवासी राजीव काशिव, सुधीर पटेल, मोहम्मद शमीम सहित अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति जिला न्यायालय जबलपुर में क्लास-III पदों पर हुई थी। दरअसल, तत्कालीन सरकार की एक योजना के तहत यह नियुक्तियां की गई थीं। उनके माता-पिता सरकारी कर्मचारी थे, जिन्होंने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1976 के नियम 42 के तहत स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी। इसके बाद लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति की गई। बाद में वह योजना सरकार ने वापस ले ली। करीब 22 से अधिक वर्षों की सेवा के बाद वर्ष 2017 में मनसुख लाल सराफ बनाम अरुण कुमार तिवारी प्रकरण के आधार पर जांच के बाद यह कहते हुए सेवाएं समाप्त कर दी गईं कि नियुक्तियां अनुकंपा नीति और मेडिकल एग्जामिनेशन नियमों के विपरीत थीं।



## परीक्षा में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं : सीईओ जिला पंचायत

**जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाएं 10 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो रही हैं। परीक्षा संचालन को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियाँ की जा रही हैं। इस क्रम में मॉडल स्कूल में जिले के 100 परीक्षा केंद्रों के केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्री अभिषेक गेहलोत, सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि परीक्षा का संचालन पूर्णतः व्यवस्थित और निष्पक्ष होना चाहिए और किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी ने बताया कि जिले में कुल 100 परीक्षा केंद्र हैं, जिनमें 96 नियमित और 4 निजी केंद्र शामिल हैं। कक्षा 10वीं में 23,088 और कक्षा 12वीं में 18,640 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। 4 केंद्र संवेदनशील घोषित किए गए हैं। उन्होंने केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि प्रश्नपत्रों का सुरक्षित वितरण, मोबाइल प्रतिबंध, दिव्यांग विद्यार्थियों की सुविधाओं की व्यवस्था और समय पर सॉफ्टवेयर प्रविष्टियाँ सुनिश्चित की जाएँ। प्रशिक्षण में सहायक संचालक एवं जिला परीक्षा प्रभारी श्री आर.के. बधान, एडीपीसी श्री गौतम बर्बे, विधि प्रभारी श्री कृष्णकांत शर्मा, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे।

## निगम का बड़ा फैसला

# बैंकों को मिलेगा फंड केवल सामाजिक सरोकार दिखाने पर




**जबलपुर।** पी.एम. स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और छोटे कारोबारियों को सशक्त बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अब सरकारी फंड केवल उन्हीं बैंकों को आवंटित होगा, जिनका प्रदर्शन योजना के हितग्राहियों को लाभ पहुँचाने में उत्कृष्ट रहेगा। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बैठक में स्पष्ट किया कि बैंकिंग केवल लेन-देन तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे सामाजिक सरोकार से जोड़ना अनिवार्य है। रेहड़ी-पटरी वाले और छोटे दुकानदार शहर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उन्हें समय पर ऋण और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना बैंकों की जिम्मेदारी है। निगम की नई नीति के तहत जिन बैंकों का प्रदर्शन बेहतर होगा उन्हें फंड प्रबंधन में प्राथमिकता दी जाएगी, जबकि लापरवाही करने वाले बैंकर्स के खिलाफ वरिष्ठ स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन, एल.डी.एम. दिवाकर सिंह, सिटी मिशन मैनेजर, बैंकर्स और सी.ओ. उपस्थित रहे।

## सूने घर से लाखों के जेवर व कीमती सामान चोरी

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत आईसीएमआर बाउंड्री के पीछे न्यू शास्त्रीनगर में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर, स्मार्ट वॉच, हेयर ड्रायर अमेरिकन टूरिस्टर का बैग चोरी कर ले गए। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आईसीएमआर बाउंड्री के पीछे न्यू शास्त्रीनगर निवासी 26 वर्षीय कीर्ति सिंह चौहान अपने पति प्रवीण सिंह चौहान के साथ गत सुबह अपने मायके माता पिता के घर विटरनरी कॉलेज के पास सिविल लाईन गई थी, जहां से गत दोपहर 12 बजे अपने घर आई तो देखा घर का दरवाजा खुला है और खिड़की टूटी हुई है। अंदर रखी अलमारी में रखे बच्चे के चांदी के चूड़े, हाय चंद्रमा, पायल एवं सोने का पेण्डल एवं सुई धागा डिजाईन के कान के बाले एवं अन्य सामान स्मार्ट वॉच, हेयर ड्रायर अमेरिकन टूरिस्टर का बैग जो करीबन 40 हजार रूपए का है तथा सोने चांदी के जेवर अज्ञात चोर चोरी कर ले गए है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा-331 (4), 305 (ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## देशी पिस्टल, कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** हनुमानताल पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने बाबा टोला में पिस्टल खोसकर घूम रहे एक आरोपी को रंगे हाथ पकड़कर उसके पास से 1 देशी पिस्टल एवं 1 कारतूस जब्त किया है। हनुमानताल थाना प्रभारी सुभाषचंद्र बघेल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाबाटोला सिंधीकैंप में हनुमानताल निवासी 23 वर्षीय रोहित चौधरी को एक देशी पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

# नगर में सुगम आवागमन के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी



**जबलपुर।** शहर में यातायात को सुगम बनाने और नागरिकों के लिए व्यवस्थित मार्ग उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम प्रशासन ने मंगलवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार निगम की टीम ने प्रमुख व्यावसायिक और व्यस्त क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण हटाकर सड़कों को मुक्त कराया। अतिक्रमण प्रभारी मनीष तड़से ने बताया कि गोरखपुर क्षेत्र में ठेले और टपरों को हटाया गया। दमोह नाका व बस स्टैंड क्षेत्र में अवैध कब्जे हटाए गए। त्रिमूर्ति नगर में मिलेनियम स्कूल के पास उद्यान में हो रहे अवैध निर्माण को रुकवाया गया। कलेक्ट्रेट से रेलवे स्टेशन तक इंदिरा मार्केट और कलेक्ट्रेट मार्ग पर यातायात में बाधा बन रहे अस्थायी ढांचे जब्त किए गए। कछपुरा ब्रिज के आस-पास भी अतिक्रमण हटाकर सड़क को मुक्त कराया गया। निगम ने अतिक्रमणकारियों को भविष्य में सार्वजनिक स्थलों पर कब्जा न करने की सख्त हिदायत दी। अभियान का उद्देश्य दंडात्मक के साथ-साथ सुधारात्मक भी बताया गया। कार्यवाही में सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया, श्रीमती एकता रघुवंशी, सहायक परिवहन एवं यातायात प्रबंधन अधिकारी दीपेंद्र सिंह रावत, दल प्रभारी जोसफ प्रवीण, अंकित पारस, वीरेंद्र मिश्रा, कुलदीप त्रिपाठी, दुर्गा राव, अभिषेक समुद्रे, ब्रज किशोर तिवारी सहित निगम कर्मचारी और पुलिस बल सक्रिय रहे।

## बजटः पूर्व वित्त मंत्री ने सरकार पर किया तीखा हमला

# केंद्रीय बजट में 7,500 करोड़ की कटौती पर सीएम से मांगा जवाब

**हरिभूमि जबलपुर।**

केन्द्रीय बजट आ चुका है, अब मध्य प्रदेश का बजट कतार में है, लेकिन आगामी बजट सत्र से पहले प्रदेश की राजनीति में सरगर्मी तेज हो गई है। पूर्व वित्त मंत्री एवं कांग्रेस विधायक तरुण भनोट ने राज्य की आर्थिक स्थिति और केंद्रीय बजट में मध्य प्रदेश की हिस्सेदारी को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। जबलपुर में मीडिया से चर्चा के दौरान भनोट ने सरकार की वित्तीय नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद मध्य प्रदेश के साथ अन्याय किया जा रहा है। तरुण भनोट ने विशेष रूप से केंद्रीय बजट में मध्य प्रदेश के हिस्से में की गई करीब साढ़े सात हजार करोड़ रुपये की कटौती को गंभीर मुद्दा बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सीधे सवाल करते हुए कहा कि यदि केंद्र और राज्य दोनों जगह एक ही दल की सरकार है, तो फिर प्रदेश के साथ इस तरह की आर्थिक उपेक्षा क्यों की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को प्रदेश की जनता को यह बताना चाहिए कि आखिर इस कटौती के लिए कौन जिम्मेदार है।

### बढ़ते कर्ज पर श्वेत पत्र की मांग

कांग्रेस विधायक ने प्रदेश सरकार की ऋण नीति पर भी कड़ा प्रहार किया। उन्होंने बताया कि सरकार ने आज ही पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक का नया कर्ज लिया है, जिससे प्रदेश पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। भनोट ने मांग की कि सरकार प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करे और यह स्पष्ट करे कि जनता से वसूले जा रहे टैक्स का कितना हिस्सा हर महीने सिर्फ ब्याज चुकाने में खर्च हो रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सरकार को यह भी बताना चाहिए कि भारी भरकम कर्ज की यह राशि आखिर किन विकास कार्यों में लगाई जा रही है, क्योंकि जमीनी स्तर पर विकास की तस्वीर कुछ और ही नजर आ रही है।

### वैट कटौती पर भी साधा निशाना

मुख्यमंत्री द्वारा पेट्रोल-डीजल पर वैट घटाने के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए तरुण भनोट ने कहा कि यह फैसला स्वागत योग्य है, लेकिन कांग्रेस केवल घोषणाओं की राजनीति नहीं चाहती। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में जनता को राहत देना चाहती है, तो पेट्रोल-डीजल पर पूरा वैट घटाकर आम लोगों को वास्तविक फायदा पहुंचाए, न कि केवल प्रतीकात्मक कटौती कर श्रेय लेने की कोशिश करे।

# पमरे जीएम ने किया कटनी साउथ–ब्यौहारी रेल खण्ड का निरीक्षण



**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने मंगलवार को कटनी साउथ से ब्यौहारी रेल खण्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने इस रेल खण्ड पर स्थित स्टेशनों, रेल पुलों, ओएचई प्रणाली, सिग्नल एवं दूरसंचार व्यवस्था तथा समपार फाटकों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने रेल खण्ड में ट्रेनों की रनिंग गुणवत्ता, ट्रैक पेट्रोलिंग की स्थिति एवं संरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की गहन जानकारी प्राप्त की।

महाप्रबंधक ने समपार फाटकों एवं ट्रैक पर कार्यरत गैंगमैन/ट्रैकमैन की सुरक्षा एवं संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महाप्रबंधक द्वारा निरीक्षण की शुरुआत कटनी साउथ स्टेशन से की गई। इस दौरान प्रमुख मुख्य अभियंता, जबलपुर मंडल रेल प्रबंधक सहित मुख्यालय एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में पूरे रेल खण्ड का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कटनी साउथ स्टेशन से महानदी रेल पुल का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के साथ प्रमुख मुख्य अभियंता आशुतोष, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता मुकेश, मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर कमल कुमार तलरेजा सहित मुख्यालय एवं मंडल से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) राहुल जयपुरियार सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**नोटिस : उपभोक्ता मंच ने की जांच समिति गठित करने मांग**

# मेंटनेंस की अनदेखी से 4 एसटीपी बंद

**जबलपुर।** उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने नगर निगम आयुक्त को एक वैधानिक नोटिस देकर कहा है कि जबलपुर के सभी सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) को पूर्ण क्षमता के अनुसार 100 प्रतिशत कार्यक्षमता विकसित की जाए। एसटीपी प्लांट जल गुणवत्ता मापदंडों के तहत सक्रिय होना चाहिए। तीन वर्ष पूर्व जबलपुर में 100 प्रतिशत क्षमता से काम कर रहे एसटीपी प्लांट अब बंद पड़े हैं। इसकी मुख्य वजह मेंटनेंस की अनदेखी सामने आई है। उपभोक्ता मंच ने मांग की है कि इस संदर्भ में समिति गठित कर शीघ्र ही जांच शुरु कराई जाए। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डॉ.पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने मंगलवार को आयुक्त नगर निगम को यह नोटिस सौंपा। उन्होंने बताया कि एनजीटी के 28 जनवरी के आदेश के अनुसार वर्ष 2023 में एसटीपी 100 प्रतिशत कार्य कर रहे थे। लेकिन अब वर्ष 2026 में 16 में से 12 कार्यरत है तथा 4 प्लांट बंद हैं।

### ये प्लांट हैं बंद


प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के हवाले से कहा गया है कि उमाघाट (गौरीघाट)- क्षमता 0.55 एमएलडी बंद पड़ा हैं, इसी तरह ललपुर (तहसील गोरखपुर)- क्षमता 34 एमएलडी तथा रानीताल तालाब- क्षमता 5 एमएलडी, गुलौआ तालाब- क्षमता 0.50 एमएलडी बंद पड़े हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रस्तुत इस रिपोर्ट से यह तथ्य सामने आया है कि वर्ष 2023 तथा 2026 के बीच पिछले तीन वर्षों में मेंटनेंस की अनदेखी की गई है। एडवोकेट प्रभात यादव ने बताया कि यदि 24 घंटों के भीतर कार्रवाई नहीं की गई तो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में पुनः शरण लेंगे।

**बोले, कई बार मुख्यमंत्री को आगाह किया, फिर भी नहीं हुई सुनवाई**

# नहर टूटने पर विधायक विश्नोई ने सरकार को घेरा

**जबलपुर।** सत्ता किसी की भी हो, सत्ताधारी विधायक अपनी सत्ता के खिलाफ बोलने के पहले चार बार सोचता है, लेकिन जबलपुर के वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई जनहित के मुद्दों अपनी सरकार से सवाल करने की नई रीत पैदा करके, सियायत में नई रहा बना रहे हैं। अब श्री विश्नोई ने बरगी बांध की दाईं तट नहर के टूटने की घटना पर सरकार पर निशाना साधते हुये सैंकड़ों गांवों की हजारों की आबादी की आवाज मुखबर होकर उठाई है। इस मामले में सत्तारूढ़ भाजपा के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ने अपनी ही सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पाटन से भाजपा विधायक विश्नोई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। गत रविवार 1 फरवरी को दोपहर करीब 12 बजे बरगी बांध की मुख्य दाईं तट नहर ग्राम सगड़ा–झपनी के पास अचानक टूट गई। नहर टूटते ही तेज बहाव के साथ पानी आसपास के छह गांवों के खेतों में घुस गया। देखते ही देखते सैकड़ों एकड़ में फैली फसलें जलमग्न हो गईं और खेत तालाब में तब्दील हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और किसानों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया।

### आंखों से दिखती है बदहाली



अजय विश्नोई ने अपनी पोस्ट में लिखा कि जबलपुर स्थित बरगी बांध की दोनों नहरें—दाईं तट और बाईं तट—अत्यधिक कमजोर हो चुकी हैं। बाईं तट नहर में क्षमता से आधे से भी कम पानी प्रवाहित किया जा रहा है, इसके बावजूद उसकी हालत बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि नहरों की दुर्दशा किसी भी स्थान पर नंगी आंखों से देखी जा सकती है।विश्नोई ने आगे लिखा कि दाईं तट नहर के जरिए कटनी, रीवा और सतना तक पानी पहुंचाने की योजना है, जिसके लिए नहर में 227 क्यूसेक जल प्रवाहित किया जाना प्रस्तावित है, जबकि हकीकत यह है कि यह नहर 80 क्यूसेक पानी का भार भी नहीं संभाल पा रही है। रविवार को नहर टूटने की घटना ने इस सच्चाई को उजागर कर दिया है।

### मजबूरी में सोशल मीडिया पर उठाना पड़ा मुद्दा

भाजपा विधायक ने साफ शब्दों में कहा कि उन्होंने कई बार मुख्यमंत्री का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर दिलाया, लेकिन आज तक नहरों के सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने लिखा कि मजबूरी में उन्हें सोशल मीडिया का सहारा लेना पड़ रहा है, क्योंकि जबलपुर, नरसिंहपुर, कटनी, सतना और रीवा जिलों के लाखों किसानों का भविष्य इस नहर प्रणाली से जुड़ा हुआ है। इस पोस्ट में उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी टैग किया है।

### सवालों से बचते दिखे अधिकारी

मामला तूल पकड़ने के बाद जल संसाधन विभाग ने भोपाल से एक जांच टीम जबलपुर भेजी। सीनियर इंजीनियर पुष्पेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने सगड़ा–झपनी गांव पहुंचकर नहर टूटने वाली जगह का निरीक्षण किया। हालांकि जांच के दौरान टीम के वरिष्ठ अधिकारी मीडिया के सवालों से बचते नजर आए। न तो उन्होंने पहले से चली आ रही सीपेज की शिकायतों पर कोई स्पष्ट जवाब दिया और न ही मेंटेनेंस फंड के उपयोग को लेकर स्थिति साफ की। अधिकारियों ने केवल रिपोर्ट तैयार करने की बात कही।

### रिपेयरिंग का काम शुरू, कलेक्टर का बयान

जिला कलेक्टर ने बताया कि सीपेज और नहर टूटने की घटना को लेकर भोपाल से विभागीय जांच दल ने मौके पर जांच की है। टूटी हुई नहर की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है और नहर का अधिकांश पानी निकल चुका है, जिससे फिलहाल वाटर लॉगिंग की कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक मरम्मत कार्य लगभग 10 दिन में पूरा कर लिया जाएगा। कलेक्टर के अनुसार, इस नहर के जरिए जिन क्षेत्रों में सिंचाई होती थी, वहां व्यवस्था पूरी तरह बहाल होने में एक से डेढ़ महीने का समय लग सकता है। इसके साथ ही अन्य पुरानी नहरों को भी दुरुस्त करने का काम किया जाएगा, जिसका विस्तृत प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। जांच में यदि किसी की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सुहागी के वार्ड 72 में संपत्ति सर्वे के मौके पर डटे रहे निगमायुक्त और अपर आयुक्त

**सर्वे कार्य के दौरान राजस्व, स्वास्थ्य और जल विभाग का अमला भी रहा मौजूद**

# नगर निगम द्वारा किए जा रहे संपतियों के सर्वे कार्यों में आई तेजी



**जबलपुर।** शहर के चहुंमुखी विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम जबलपुर द्वारा नए सिरे से संपत्तियों के सर्वे कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत ये देखा जा रहा है कि संपत्ति आवासीय, कमर्शियल, नई सम्पत्ति और किराएदारी की है, तो उसे चिन्हित करते हुए मौके पर ही सम्पत्तियों की वास्तविक स्थितियों की जानकारी दर्ज की जा रही है। इसी कड़ी में आज संभाग क्रमांक 15 सुहागी के वार्ड क्रमांक 72 में एक वृहद सर्वे अभियान चलाया गया। सर्वे कार्य के दौरान टीम ने सक्रियता दिखाते हुए 274 संपत्तियों का मौके पर सत्यापन किया। इस दौरान 34 प्रकरण किरायेदारी, 26 प्रकरण निर्माण क्षेत्र में वृद्धि, 08 प्रकरण नई संपत्तियों, एवं 14 प्रकरण नामांतरण से संबंधित मिले।

**मैदान में उतरे अधिकारी, मौके पर ही हुआ निराकरण-**

सर्वे कार्य के दौरान निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार एवं अपर आयुक्त अरविंद शाह स्वयं अमले के साथ वार्ड में डटे रहें। उनके साथ राजस्व, स्वास्थ्य और जल विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी ने सुनिश्चित किया कि सर्वे का कार्य पूरी पारदर्शिता और सटीकता के साथ संपन्न हो।

**विकास को मिलेगी नई गति-**

निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य संपत्तियों का सही रिकॉर्ड संधारित करना है, ताकि भविष्य में वार्ड के निवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जा सकें। राजस्व में होने वाली इस वृद्धि का सीधा लाभ क्षेत्र की सड़कों, ड्रेनेज सिस्टम और स्वच्छता प्रबंधन जैसे विकास कार्यों में लगेगा। इससे विकास को एक नई गति मिलेगी।



# पूजा कुमारी का पॉवर लिफ्टिंग में शानदार प्रदर्शन, स्वर्ण पदक अपने नाम किया

**जबलपुर।** हाल ही में जबलपुर जिला सीनियर पॉवर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप, खमरिया में 69 किलो भार वर्ग में पूजा कुमारी ने 370 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीतते हुए 'जबलपुर स्ट्राँग वुमन' का खिताब अपने नाम किया।इस वर्ष पूजा कुमारी ने पॉवर लिफ्टिंग मास्टर्स नेशनल, केरल में कांस्य पदक और हरियाणा बेंच प्रेस नेशनल में स्वर्ण पदक भी जीतकर संस्कारधानी का नाम रोशन किया। पूजा कुमारी वर्तमान में मिशन हेल्थ क्लब में प्रशिक्षक लॉरेंस मार्टिन और दीनू स्वामी के मार्गदर्शन में अभ्यासरत हैं। इनकी इस उपलब्धि पर आलोक मिश्रा, रॉबर्ट मार्टिन, लॉरेंस मार्टिन, दीनू स्वामी, दिनेश राव, अभिषेक पिल्ले, तेजभान सिंह, कुलदीप सिंह, दिनेश गोंड, शशिरमन स्वामी ने बधाई दी और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



# कोरी समाज का परिचय सम्मेलन आयोजित

**जबलपुर।** कोरी तंतुवाय समाज कल्याण संगठन का युवक युवती परिचय सम्मेलन गत दिवस एम. जी. एम. बारात घर दमोह नाका में आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के लगभग 150 प्रतिभागियों न अपना परिचय दिया। संगठन के अध्यक्ष एस. एल. कोरी ने बताया कि सम्मेलन उपरांत विवाह योग्य युवक-युवतियों की परिचय पत्रिका का प्रकाशन भी किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जगत बहादुर सिंह महापौर जबलपुर तथा विशेष अतिथि के रूप में अभिलाष पांडेय विधायक उत्तर मध्य जबलपुर नारायण प्रसाद कबीर पंथी पूर्व विधायक व मंत्री पीडब्ल्यूडी, रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजी. जी. पी. कोरी सेवानिवृत कार्यपालन यंत्री आर .ई .एस. ने की कार्यक्रम में. संगठन. के महामंत्री गोपाल दास कोरी सचिव मुन्ना लाल कोरी कोषाध्यक्ष अशोक कोरी महिला अध्यक्ष श्रीमति सिया कोरी और श्रीमति मीरा राज विशेष अतिथि श्री इंदौर से कैलाश चौधरी गणेश वर्मा सागर से दीपक कोरी सागर समाज के अध्यक्ष दिनेश तन्तु वाय ठाकुर दास कोरी छत्तीसगढ़ से अरविंद वैश्य नरसिंहपुर से सोम राज कोरी आदि ने समाज का प्रतिनिधित्व किया।

# खिलाडियों के सम्मान में मजदूर संघ मैदान में

## रेल खिलाड़ियों की लंबित मांगो को लेकर जीएम कार्यालय का घेराव 11 को

**जबलपुर।** पमरे में प्रशासन के नकारात्मक रवैये से खेल कूद गतिविधियां लगभग ठप्प पड़ गई है। खिलाड़ियों को विभिन्न स्पर्धाओ के लिए समय पर भारमुक्त नहीं किया जाता है। नियमित अभ्यास के लिए युवा खिलाड़ियों को भी समय नहीं दिया जा रहा है। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के हस्तक्षेप से कई बार खिलाड़ियों को भारमुक्त कराया गया परन्तु कई मौको पर प्रशासन ने कार्य की अधिकता का हवाला देकर भारमुक्त नही किया।रेल खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने, समय पर टूर्नामेन्ट के लिए भारमुक्त करने आदि मांगो को लेकर संघ के महामंत्री अशोक शर्मा ने महाप्रबंधक श्रीमति शोभना बंधोपाध्याय को 11 फरवरी 2026 को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व जीएम कार्यालय का घेराव करने का नोटिस भी दिया है। संघ के मंडल अध्यक्ष एस.एन. शुक्ला, मंडल सचिव डी.पी. अग्रवाल, संयुक्त महामंत्री संदीप श्रोती, सतीश कुमार, सविता त्रिपाठी, हर्ष वर्मा, रोशन सिंह, आर.ए. सिंह, संतोष त्रिवेणी, संजय चैधरी, योगेन्द्र यादव, सुधीर कुमार, भूपत सिंह, बॉबी धौलपुरे, श्यामकला श्रीवास्तव, दुर्गातिवारी, डॉली सक्सेना, सरला आदि ने धरना, घेराव में उपस्थिति की अपील की है।

## एमपी ट्रांसको का तकनीकी नवाचार

# पुराने फाउंडेशन पर स्थापित किया गया अधिक क्षमता का कैपेसिटर बैंक

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के इंजीनियरों ने तकनीकी दक्षता एवं उपलब्ध संसाधनों के कुशल उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। इंजीनियर्स ने एक 132 केवी सबस्टेशन में तकनीकी नवाचार का परिचय देते हुए पुराने कैपेसिटर बैंक के फाउंडेशन पर ही अधिक क्षमता का नया कैपेसिटर बैंक सफलतापूर्वक स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है। इससे सबस्टेशन से जुड़े क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्ता पूर्ण बिजली मानक वोल्टेज लेवल पर उपलब्ध हो रही है।आगर स्थित 132 के वी सब स्टेशन में इंडक्टिव लोड बढ़ने के कारण पूर्व में स्थापित 5 एमवीएआर क्षमता का कैपेसिटर बैंक अपर्याप्त हो गया था, जिससे वोल्टेज प्रोफाइल प्रभावित हो रही थी। सीमित स्थान के कारण नए फाउंडेशन का निर्माण संभव नहीं था।इस चुनौती का समाधान करते हुए एमपी ट्रांसको के सहायक अभियंता योगेश राठौर ने कार्यपालन अभियंता शेखर फटाले के मार्गदर्शन मे पुराने फाउंडेशन का ही उपयोग कर आवश्यक तकनीकी संशोधन किए और उसी फांउडेशन पर 12 एमवीएआर क्षमता का नया कैपेसिटर बैंक स्थापित किया। इससे समय, लागत और अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता से बचाव हुआ।





## शासकीय महाविद्यालय मझोली में 30 दिवसीय सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**मझोली।** शासकीय महाविद्यालय मझोली में स्वामी विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ठ के अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से आयोजित 30 दिवसीय सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में संप्रेषण कौशल, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, समय प्रबंधन एवं सकारात्मक सोच का विकास करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान उन्नति फाउंडेशन के विशेषज्ञ प्रशिक्षक श्री आयुष पटवा ने कम्युनिकेशन स्किल, इंटरव्यू स्किल, टीम वर्क, समस्या समाधान एवं करियर मार्गदर्शन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताया। समापन अवसर पर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सुनील पांडेय ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक युग में सॉफ्ट स्किल्स अकादमिक ज्ञान के समान महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम में डॉ. भारतेश भारिल, डॉ. आमोद कस्तवार, डॉ. सोनिका धंधरिया, डॉ. अभिलाषा दुबे, सुश्री रागिनी मार्को, ललित परस्ते, नमन अवस्थी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# नवनीत क्लब ने फाइनल में जूही को हराकर जीता अध्यक्ष कप

## अरुणाभ घोष स्टेडियम में हुई क्रिकेट प्रतियोगिता

**सिहोरा।** नगर के अरुणाभ घोष स्टेडियम में चल रही नगर पालिका अध्यक्ष कप क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में नवनीत क्लब ने जूही क्लब को चार विकेट से हराकर चमचमाती ट्राफी पर कब्जा कर लिया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जूही क्लब 20 ओवर में 133 रन बनाकर आउट हो गई । इसमें गोलू श्रीपाल ने 30 रन और सचिन शर्मा ने 45 रन जोड़े।नवनीत क्लब के लकी गुप्ता ने 3 विकेट,आयूष श्रीवास्तव ने 2 विकेट लिए एंव आर्दश शुक्ला ने 1 विकेट लिया। जबाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी नवनीत क्लब की शुरुआत अच्छी नहीं थी और विनय पटेल बिना खाता खोले आउट हो । मनीष परौहा ने पारी को सम्हाला और 17 गेंदों में शानदार 27 रन,सौरभ दुबे 13 गेंद पर 23 रन,विकास शर्मा ने 22 गेंदों पर 37 रन बनाये और 18 ओवर में 6 विकेट खोकर 134 रन बनाकर फाइनल मुकाबला जीत लिया। जूही क्लब की ओर से कपिल यादव,सुरेन्द्र पाल ने दो दो एंव पंकज यादव,वसीम खान ने एक एक विकेट लिए।



समापन समारोह में विधायक संतोष बरकडे,पूर्व विधायक दिलीप दुबे,नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दुबे, जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री, संरक्षक सुनील दुबे सहित अन्य अतिथियों ने अध्यक्ष कप की विजेता टीम नवनीत क्लब को 20 हजार रुपये नगद एंव ट्राफी इसी तरह उप विजेता जूही क्लब को 10 हजार रुपये नगद एंव ट्राफी प्रदान की गई। मैंन आफ दा सीरीज का खिताब विरेन्द्र तिवारी एंव मैंन आप दा मैच का पुरस्कार लकी गुप्ता को प्रदान किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयश्री चौहान ने सहयोग के लिए सभी खिलाड़ियों, णमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।



## नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** नशा मुक्ति संकल्प पखवाड़े के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय एवं नव ज्योति नशा मुक्ति केंद्र, अवधपुरी के संयुक्त तत्वाधान में आज नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, ने कहा कि नशा युवाओं के करियर में बाधक तत्व बन रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम और मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर असर से अवगत कराया। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने नशे के प्रतिकूल प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति की शपथ ली। श्री हेमंत सोलंकी ने नशे के फैशन व मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं नीरज रजक, श्वेता मिश्रा समेत लगभग 82 विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रदान की अर्धरात्रि सहायता डायल 1033 सेवा ने निभाया मानवीय दायित्व

**पनागर।** खजूरी–खिरिया बाईपास पर अर्धरात्रि के समय एक मालवाहक वाहन तकनीकी खराबी के कारण रुक गया, जिसमें एक अस्वस्थ वृद्ध नागरिक सवार था। वाहन में सवार परिवार को जबलपुर स्थित शासकीय चिकित्सालय से उनके निवास स्थान ले जाया जा रहा था। सूचना मिलते ही राष्ट्रीय राजमार्ग आपातकालीन सहायता सेवा (डायल 1033) की गश्ती टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। कार्मिकों ने यांत्रिक उपकरणों की सहायता से वाहन को क्रियाशील किया और पीड़ित परिवार को सुरक्षित गंतव्य तक पहुँचाने में मदद की। इस मानवीय कार्य में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सहायक कृष्ण कुमार, गश्ती वाहन चालक राहुल रजक, नरेश सिंह सिसोदिया एवं मार्ग पर्यवेक्षक ने सराहनीय भूमिका निभाई। वाहन चालक मिथिलेश लोधी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके तत्परता एवं संवेदनशील सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## जलवंशीय माझी समाज के सम्मेलन में हुआ दो जोड़ों का विवाह



**जबलपुर।** जलवंशीय मांझी समाज शैक्षणिक एवं सेवा समिति द्वारा गत दिवस आदर्श विवाह एवं परिचय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती भूमा रैकवार ने की जबकि राष्ट्रपति से सम्मानित कोमल बाथम (ग्वालियर) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, सम्मेलन में प्रदेशभर से आए 500 से अधिक युवक-युवतियों ने मंच पर अपना परिचय दिया, समिति के द्वारा सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार 2 जोड़ों का विवाह कराया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज की पदाधिकारी भारती मांझी और गायत्री बर्मन ने कन्याओं का कन्यादान किया, इस अवसर पर सम्मेलन में समाज के संरक्षक सरस्वती सोंधिया, प्रदेश उपाध्यक्ष भारती मांझी, मुकेश रैकवार, कृष्णा प्रियंका बर्मन, स्वाति रैकवार, बस्ती रैकवार, शिव प्रताप सिगरहा (मैहर), मीना रैकवार, अभय बर्मन, कहार महासंघ के अजय रैकवार आदि उपस्थित रहे ।




**श्री मोहन कुमार कश्यप-** भूलन बस्ती कछपुरा निवासी श्री मोहन कुमार कश्यप (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रहलाद कुमार चौरसिया-** मदनमहल गुलाटी पेट्रोल पंप के सामने वाली गली निवासी श्री प्रहलाद कुमार चौरसिया (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रमा देवी गुरूंग-** पुरानी फैमली लाइन एसएएफ रांझी निवासी श्री बनारस गुरूंग की धर्मपत्नी श्रीमती रमा देवी गुरूंग (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश कुमार दहायत-** सिद्धबाबा लालमाटी निवासी श्री सुरेश कुमार दहायत (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. सुरभि अग्रवाल-** भानतलैया बड़ी खेरमाई निवासी श्री भोला शंकर अग्रवाल की पुत्री कु. सुरभि अग्रवाल (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कुलदीप सिंह-** हाउबाग गोरखपुर निवासी श्री कुलदीप सिंह (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुरेश चंद्र दास-** रतन नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री सुरेश चंद्र दास (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोविंद प्रसाद कश्यप-** गली नं. 11 शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री गोविंद प्रसाद कश्यप (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती माया विश्वकर्मा-** बढ़ई मोहल्ला फूटाताल निवसी श्री कमल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती माया विश्वकर्मा (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला देवी ठाकुर-** टीआईटी बिल्डिंग कुचबंधिया मोहल्ला के पास शीतलामाई निवासी श्री शिव सेवक ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती कमला देवी ठाकुर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हीरा बर्मन-** दुर्गा नगर भटौली गौरीघाट निवासी श्री तक्ष्मण बर्मन के पुत्र श्री हीरा बर्मन (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती घसिया बाई मितेल-** भानतलैया बकरा मार्केट निवासी श्री रामचरन मितेल की धर्मपत्नी श्रीमती घसिया बाई मितेल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला अहिरवार-** सिद्धनाथ छापर रामपुर निवासी श्री गंगाराम अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती कमला अहिरवार (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री इंद्रपाल चावला-** हेमाशा अपार्टमेंट साउथ सिविल लाइन निवासी श्री इंद्रपाल चावला (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सविता बड़ोनिया-** दुर्गा नगर लाइन पार पोलीपाथर निवासी श्री अरूण बड़ोनिया की धर्मपत्नी श्रीमती सविता बड़ोनिया (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माया गुप्ता-** गली नं. 6, सदर निवासी श्री अशोक गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती माया गुप्ता (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राजेंद्र कुमार पाल-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री राजेंद्र कुमार पाल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

## खबर संक्षेप



### अदाणी पोर्ट के लाभ में 21 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** अदाणी पोर्ट एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,043 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को तीसरी तिमाही के अपने वित्तीय परिणामों की जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 2,518 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।सालाना आधार पर 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए कंपनी का राजस्व 7,964 करोड़ रुपये से बढ़कर 9,705 करोड़ रुपये हो गया।

### एनएमडीसी का लाभ 8% घटकर 1,747 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** एनएमडीसी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर लगभग आठ प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,747.01 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने मंगलवार को तीसरी तिमाही के अपने वित्तीय परिणामों की जानकारी दी। एनएमडीसी लिमिटेड ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 1,896.66 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### बजाज ऑटो की जनवरी बिक्री 25 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो लिमिटेड ने मंगलवार को बताया कि जनवरी में उसकी कुल बिक्री 25 प्रतिशत बढ़कर 4,77,422 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 3,81,040 इकाई थी। बजाज ऑटो लिमिटेड ने शेयर बाजार को बताया कि पिछले महीने कुल घरेलू बिक्री 2,61,975 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि की 2,08,359 इकाई के मुकाबले 26 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने बताया कि घरेलू बाजार में दोपहिया वाहनों की बिक्री 2,14,727 इकाई रही, जबकि जनवरी 2025 में यह 1,71,299 इकाई थी, जो 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

### टाटा केमिकल्स का घाटा बढ़कर 93 करोड़ रुपए



**मुंबई।** टाटा केमिकल्स का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा बढ़कर 93 करोड़ रुपये हो गया। बाजार में आपूर्ति अधिक होने और सोडा ऐश की कीमतों में गिरावट से घाटे में यह बढ़ोतरी हुई है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 53 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजार को अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही के वित्तीय नतीजों का विवरण दिया।

### मस्क ने किया स्पेसएक्स व एक्सएआई का विलय



**न्यूयॉर्क।** अरबपति कारोबारी एलन मस्क अपने अंतरिक्ष अन्वेषण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से जुड़े उपक्रमों का एक ही कंपनी में विलय कर रहे हैं। यह कदम इस कारोबार के इस साल के अंत में प्रस्तावित बड़े प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले उठाया गया है। उनकी रॉकेट कंपनी 'स्पेसएक्स' ने सोमवार को घोषणा की कि उसने 'एक्सएआई' का अधिग्रहण कर लिया है। इसका उद्देश्य दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क को रॉकेट और एआई उद्योग में और मजबूत वर्चस्व दिलाना है।

# टैरिफ कटौती से दहाड़ा रुपया, तीन साल की सबसे बड़ी बढ़त दर्ज, 122 पैसे उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बनने के बाद भारतीय रुपया मंगलवार को सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्रा के रूप में उभरा, जिसने एक कारोबारी सत्र में 122 पैसे या 1.33 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। अंत में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.27 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते होने के बाद भारतीय रुपया ढाई सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और इसमें लगभग 1.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

### रुपया 90.30 पर खुला था

भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं। इसके तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर जवाबी शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा, जो चीन, बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों की तुलना में कम है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.30 पर खुला।

## कारोबारी सत्र में 122 पैसे की छलांग के साथ 90.27 प्रति डॉलर

### सोमवार को 44 पैसे की बढ़त दर्ज की गई

कारोबार के दौरान यह 90.05 (उच्चतम) और 90.52 (न्यूनतम) के दायरे में घूमने के बाद अंत में 90.27 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। सोमवार को रुपया 44 पैसे बढ़कर 91.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।



### सभी को लाभ होगा: प्रधानमंत्री

मंगलवार के कारोबार सत्र के अंत में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.27 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद के मुकाबले 122 पैसे की बढ़त है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ा निर्णय है जिससे देश में सभी को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार हमेशा राष्ट्र के पक्ष में काम करती है।

### डॉलर सूचकांक में आई गिरावट

हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय रुपये के लिए चीजें पूरी तरह से सुचारू नहीं हो सकती हैं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत कम होकर 97.57 पर कारोबार कर रहा था।

### समझौता रुपए पर दबाव कम करेगा

गोल्डमैन सैक्स ने में कहा, ''भारत के अमेरिकी निर्यात पर जवाबी शुल्क अब घटा दिए जाने के बाद, हम अनुमान लगाते हैं कि चालू खाते का घाटा कैलेंडर साल 2026 में जीडीपी का लगभग 0.25 प्रतिशत कम होकर 0.8 प्रतिशत रह जाएगा। इसके अलावा, यदि 2026 में पूंजी प्रवाह भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के चलते लौटता हैं, तो यह रुपये पर दबाव कम करेगा और हमारे मौजूदा 12 महीने के डॉलर-रुपया पूर्वानुमान 94 पर नीचे की ओर जोखिम पैदा कर सकता है।

## सीबीआईसी चेयरमैन ने कहा, बैगेज नियमों में ढील दी गई

# सीमा शुल्क में सुधार से लोगों का जीवन होगा सुगम, उद्योगों को मिलेगा प्रोत्साहन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन विवेक चतुर्वेदी ने कहा है कि आम बजट में अप्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर कैंसर के इलाज में काम आने वाली दवाओं पर सीमा शुल्क हटाने, 'बैगेज' नियमों में ढील जैसे उपायों का मकसद लोगों के जीवन को सुगम बनाना है।

**सीमा शुल्क दरों को युक्तिसंगत बनाया गया**

चतुर्वेदी ने कहा कि इसके साथ ही सीमा शुल्क दरों को युक्तिसंगत बनाकर विनिर्माण को गति देने, घरेलू उद्योग को प्रतिस्पर्धी और कुशल बनाने के लिए भी कदम उठाये गये हैं। चतुर्वेदी ने कहा, ''अप्रत्यक्ष कर पर छूट और रियायतें सोच-समझकर दी गई हैं। हमने वहां कदम उठाया है जहां इसकी आवश्यकता थी।

## ढील देने का मकसद लोगों के जीवन को सुगम बनाना

### बाहर से 75 हजार तक शुल्क मुक्त सामान ला सकते हैं

उल्लेखनीय है कि 2026-27 के आम बजट में कैंसर के इलाज में काम आने वाली 17 दवाओं पर सीमा शुल्क हटा दिया गया है। इसके अलावा, सात और दुर्लभ बीमारियों के लिए शुल्क मुक्त दवाएं और खाने का सामान मंगाने की अनुमति दी गयी है। इसके साथ 'बैगेज' नियमों के तहत बाहर से 75,000 रुपये का शुल्क मुक्त सामान लाने की अनुमति दी गयी है जबकि पहले यह सीमा 50,000 रुपये थी।



### सामान लाने शुल्क मुक्त सीमा 7,50,000 तक की गई

चतुर्वेदी ने कहा, ''इसके अलावा हमने 'ट्रांसफर ऑफ रेजिडेंस' के तहत भारतीय मूल के लागों को तीन साल बाद वापस स्वदेश लौटने पर निर्धारित सूची के अनुसार सामान लाने के लिए शुल्क मुक्त सीमा 7,50,000 तक कर दी है। जो लोग कुछ कम समय के लिए रहे हैं, उनके लिए शुल्क छूट सीमा कुछ कम है।''

### मोनाजाइट में छूट दी गई

चेयरमैन ने कहा, ''इसी तरह ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देने लिए कदम उठाये गये हैं। इसके तहत परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में उपयोग होने वाले आयातित कलपुर्जों पर मूल सीमा शुल्क में छूट के साथ बैटरी ऊर्जा भंडारण में इस्तेमाल लिथियम आयन सेल में उपयोग होने वाली पूंजीगत वस्तुओं पर भी छूट दी गयी है। इसके साथ इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए स्थायी चुंबक में उपयोग होने वाले मोनाजाइट में छूट दी गयी है।

### छाते के आयात को हतोत्साहित किया गया

चतुर्वेदी ने कहा, ''इसी प्रकार, छोटे उद्योगों को ध्यान में रखकर छातों और उसके उत्पाद आयात को हतोत्साहित करने के लिए कदम उठाया गया है। अब छाते पर 20 प्रतिशत या प्रति इकाई 60 रुपये, जो भी ज्यादा हो, शुल्क लगेगा। इसके साथ छातों में उपयोग होने वाले कच्चे माल पर भी शुल्क लगाया गया है।''

### शुल्क मुक्त आयात की सीमा बढाई गई

चेयरमैन ने कहा, ''निर्यात की बात करें, तो चमड़ा निर्यात का बड़ा क्षेत्र है। इसको देखते हुए जूते बनाने में जो भी कच्चे माल आते हैं उसके विनिर्माण के लिए हमने शुल्क मुक्त रियायत दी है। इसी प्रकार, समुद्री खाद्य उत्पादों के प्रसंस्करण के लिए हमने शुल्क मुक्त आयात की सीमा बढ़ायी है।''

# कृषि-डेयरी क्षेत्रों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं : गोयल

## व्यापार समझौता अभी अंतिम चरण में जल्द ही इस पर संयुक्त बयान होगा जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत ने अमेरिका के साथ एक अच्छे व्यापार करार पर सहमति बनी है और इसमें कृषि और दुग्ध क्षेत्रों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है।

गोयल ने अमेरिका के साथ हुए समझौते का विवरण दिए बिना कहा कि व्यापार समझौता अंतिम चरण में है और समझौते की रूपरेखा को स्पष्ट करते हुए जल्द ही भारत-अमेरिका का एक संयुक्त बयान जारी किया जाएगा। गोयल ने कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दलों पर समझौते को लेकर देश को गुमराह करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए उन पर निशाना साधा। उन्होंने विशेष रूप से, कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आड़े हाथ लेते हुए हुए कहा कि उनकी सोच नकारात्मक है और वह भारत की प्रगति के विरोधी हैं। गोयल ने कहा कि वह संसद में इस समझौते



के बारे में बोलना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के हंगामे के कारण ऐसा नहीं कर सके।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के साथ बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौता पूरा कर लिया है और देश उन्हें बधाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यक्तिगत संबंधों के कारण भारत को अमेरिका के साथ एक अच्छा समझौता हासिल हुआ है। गोयल ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता देश के गरीबों, मछुआरों, किसानों और युवाओं के लिए काफी अवसर खोलेगा।

### समझौता भविष्य के लिए शुभ संकेत

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि अमेरिका के साथ यह व्यापार समझौता भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभ संकेत है। गोयल ने कहा कि समझौते के तहत भारतीय वस्तुओं पर जवाबी शुल्क 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा।

## मोबाइल, चिप सहित इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद शुल्क से मुक्त बने हुए

# वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में भारत का आकर्षण बना रहेगा: आइसीईए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मोबाइल उद्योग के निकाय आइसीईए ने मंगलवार को कहा कि भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर तय की गई 18 प्रतिशत की शुल्क दर एक वैश्विक विनिर्माण और निर्यात केंद्र के रूप में भारत के आकर्षण को बनाए रखेगी।

भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं, जिसके तहत वाशिंगटन भारतीय सामानों पर जवाबी शुल्क को मौजूदा 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा।

आइसीईए के चेयरमैन पंकज महेंद्रू ने एक बयान में कहा, ''यह भारत के लिए एक सकारात्मक परिणाम है। इस शुल्क दर के साथ भारत प्रमुख विनिर्माण प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले बेहतर स्थिति में है और एक वैश्विक विनिर्माण एवं निर्यात केंद्र के रूप में अपना आकर्षण बरकरार रखे हुए है।''

उन्होंने आगे कहा कि हालांकि हम सौदे के विस्तृत विवरण का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन यह दिशा स्पष्ट रूप से विनिर्माण को बढ़ाने और अमेरिका के नेतृत्व वाली वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स में गहराई से जुड़ने की भारत की रणनीति का समर्थन करती है।



### भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 19 फीसदी बढ़ा

सूत्रों के अनुसार मोबाइल फोन और सेमीकंडक्टर सहित इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद शुल्क से मुक्त बने हुए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन लगभग 19 प्रतिशत बढ़कर 11.3 लाख करोड़ रुपये हो गया और निर्यात 37.5 प्रतिशत बढ़कर 3.3 लाख करोड़ रुपये रहा।

# आरबीआई की तीन दिन की मौद्रिक समीक्षा बैठक आज से

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक बुधवार से शुरू होगी। यह बैठक उस समय हो रही है जब अर्थव्यवस्था में वृद्धि पर केंद्रित केंद्रीय बजट पेश किया गया है, महंगाई कम है और हाल ही में लंबे समय से प्रतीक्षित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से बाहरी अस्थिरता समाप्त हुई है।विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई पिछले साल फरवरी से अब तक रेपो दर में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती कर चुका है और फिलहाल न तो वृद्धि और न ही महंगाई को लेकर कोई बड़ी चिंता है, ऐसे में ब्याज दरों में स्थिरता बनाए रखी जा सकती है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि ऋण को और सस्ता करने के लिए एक और दर कटौती संभव है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति का फैसला शुक्रवार को घोषित किया जाएगा। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, /"एमपीसी के रेपो दर पर कायम रहने की संभावना है।





### ब्याज दरें स्थिर रखने की संभावना: जोशी

क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा कि कम महंगाई आरबीआई को दर कटौती पर विचार करने की गुंजाइश देती है। बजट भी राजकोषीय अनुशासन के कारण महंगाई बढ़ाने वाला नहीं है और अर्थव्यवस्था की स्थिति भी ठीक है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस बार दरें स्थिर रखने की संभावना अधिक है ताकि भविष्य के लिए विकल्प खुले रखे जा सकें।

# टेस्ला की भारत में बिक्री बढ़ाने ईएमआई की घोषणा

**नई दिल्ली।** दिग्गज इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी टेस्ला ने भारत में बिक्री को तेज करने के लिए मासिक किस्त योजना (ईएमआई) समेत कई पहल शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की।

टेस्ला इंडिया ने बयान में कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन की तरफ जाने वाले ग्राहकों को पेट्रोल और डीजल वाहनों की अदला-बदली पर तीन लाख रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जा रहा है। कंपनी के मुताबिक, ग्राहक अब टेस्ला के मॉडल वाई को 49,000 रुपये प्रति माह से शुरू होने वाली किस्त (ईएमआई) पर खरीद सकते हैं। इसके लिए केवल छह लाख रुपये का शुरुआती भुगतान करना होगा। टेस्ला इंडिया ने सितंबर, 2025 में इस मॉडल की आपूर्ति शुरू की थी।

**M.P. POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
**Office of Chief Engineer (EHT-Maintenance)**
**Block No. 3,Shakti Bhawan,Rampur,Jabalpur**

**TENDER-NOTICE**

Following 04 Nos. Tenders have been issued for inviting ONLINE tenders for patrolling and maintenance contracts for 400/220/132 kV EHV lines under various TLM Sub Division/ HQ/Sub HQ :-
i) MT-278/2026(ID No. 2026_MPPTC_479019_1)- Due date 18.03.2026
ii) MT-279/2026(ID No. 2026_MPPTC_479124_1)- Due date 23.03.2026
iii) MT-280/2026(ID No. 2026_MPPTC_479127_1)- Due date 25.03.2026
iv) MT-281/2026(ID No. 2026_MPPTC_479128_1)- Due date 26.03.2026
Tender Cost @ Rs. 23,600/-
For further details, please visit our website **www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/124274/2026 **CHIEF ENGINEER (EHT-MAINTENANCE)**

## एलआईसी में फिर हिस्सेदारी घटाने की तैयारी में सरकार

# एलआईसी आईपीओ के बाद अब एफपीओ लाने की तैयारी में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार अगले वित्त वर्ष में फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफरिंग (एफपीओ) के माध्यम से बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एलआईसी में अपनी हिस्सेदारी और घटाने पर विचार कर रही है। वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने यह जानकारी दी।

वर्तमान में, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में सरकार की 96.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सरकार ने मई 2022 में इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) के माध्यम से 902-949 रुपए प्रति शेयर के मूल्य दायरे में कंपनी में 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची थी। इस शेयर बिक्री से सरकार को करीब 21,000 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे।

### अभी सभी मंजूरियां मिलनी बाकी

नागराजू ने कहा- एलआईसी के सार्वजनिक निर्गम को धीरे-धीरे लाना होगा। हमने दीपम (निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग) से एलआईसी में सरकार की हिस्सेदारी कम करने की संभावनाओं को देखने के लिए कहा है। यदि सभी मंजूरियां मिल जाती हैं और बाजार की स्थिति अनुकूल रहती है, तो अगले वित्त वर्ष में एलआईसी का एफपीओ आ सकता है।





### बोर्ड की मीटिंग कल

एलआईसी के बोर्ड की मीटिंग इसी हफ्ते होने वाली है। बीते दिनों कंपनी ने बीएसई को बताया है कि बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग 05/02/2026 को होगी। इस बैठक में 31 दिसंबर, 2025 को खत्म हुई तिमाही और नौ महीनों के अनऑडिटेड फाइनेंशियल नतीजों पर विचार किया जाएगा और उन्हें मंजूरी दी जाएगी।

### एफपीओ क्या है?

यह आईपीओ फॉलो-अप है। फॉलो ऑन पब्लिक ऑफर कंपनी के स्टॉक एक्सचेंज में लिस्ट होने के बाद शेयरों का जारी करना है। दूसरे शब्दों में, एफपीओ एक एडिशनल इश्यू है जबकि आईपीओ एक शुरुआती या पहला इश्यू है। यह अतिरिक्त पूंजी जुटाने या मौजूदा कर्ज कम करने के लिए किया जाता है।

### नॉन-डाइल्यूटिव आईपीओ क्या है

वहीं, नॉन-डाइल्यूटिव आईपीओ तब होता है जब कंपनी के बड़े शेयरधारक जैसे बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स या फाउंडर्स अपने निजी तौर पर रखे गए शेयरों को बाजार में बेचते हैं। यह तकनीक कंपनी के लिए शेयरों की संख्या नहीं बढ़ाती है, बस जनता के लिए उपलब्ध शेयरों की संख्या बढ़ जाती है। जब एफपीओ की बात आती है, तो निवेशक का कंपनी, बिजनेस, मैनेजमेंट स्ट्रेटेजी, फाइनेंशियल और अन्य सभी पैरामीटर्स के बारे में पहले से ही पता होता है।

**पश्चिम मध्य रेल**

''पश्चिम मध्य रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा जारी की गई निम्न निविदाओं के लिए कृपया http://ireps.gov.in वेबसाइट पर देखें।

**निविदा सं.:** पमरेटीपी2026511, **निविदा मूल्य (रु.):** ₹19.38 करोड़, **अर्नेस्ट मनी (रु.):** ₹ 20 लाख, **निविदा खुलने की तारीख:** 09.03.2026 15:30 hrs.

| क्र.सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | थिक वेब स्विच, वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग, पीएससी स्लीपर और सभी फास्टनिंग्स के साथ 1:12 कैंटेड टर्नआउट की डिजाइनिंग,निर्माण, आपूर्ति स्थापना और फील्ड परीक्षण, लीड रेल, भारतीय रेलवे मानक (आईआरएस) प्रकार के प्वाइंट के साथ संगत बैक ड्राइविंग असेंबली आईआर पर मशीन, जिसमें 'प्वाइंट मशीन, रॉडिंग और क्लैंप लॉक को छोड़कर, पूरी व्यवस्था के साथ आवश्यकतानुसार सभी फिटिंग, फास्टनिंग्स, फिक्स्चर, स्ट्रेचर बार आदि शामिल हैं, जो आरडीएसओ द्वारा जारी निर्धारित आवश्यकताओं यानी कार्यात्मक आवश्यकताओं और विशिष्टताओं को पूरा करते हैं और कार्य करते हैं। निम्नलिखित तीन प्रकार की वस्तुओं के लिए लागू फील्ड परीक्षण:- | - |
| 1(अ) | कैंटेड टर्नआउट्स डायवर्जिंग लाइन पर 45 किमी प्रति घंटे की गति क्षमता के लिए उपयुक्त हैं। (यह अनिवार्य है कि ऐसे कैंटेड टर्नआउट बिछाने के लिए यार्ड लेआउट में कोई बदलाव नहीं होना चाहिए यानी कैंटेड टर्नआउट मौजूदा यार्डों के लिए अनुकूल होना चाहिए। क्रॉसओवर के मामले में, केंद्र से केंद्र की दूरी 5.3 मीटर होगी।) | 30 सेट |
| 1(ब) | कैंटेड टर्नआउट्स डॉयवर्जिंग लाइन पर 50 किमी प्रति घंटे की गति क्षमता के लिए उपयुक्त हैं। | 15 सेट |
| 1(स) | कैंटेड टर्नआउट्स डॉयवर्जिंग लाइन पर 55 किमी प्रति घंटे की गति क्षमता के लिए उपयुक्त हैं। | 5 सेट |

**नोट:-** उपरोक्त 1(ब) और 1(स) के लिए, गति क्षमता को समायोजित करने के लिए, कैंटेड टर्नआउट की त्रिज्या, टर्नआउट और क्रॉसओवर की लंबाई और ट्रैक की वांछित सी/सी दूरी में बदलाव की आवश्यकता का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जायेगा। रेलवे की ओर से आवश्यक कार्रवाई एवं निर्णय का प्रस्ताव। **उप मुख्य इंजीनियर/रेल पथ आपूर्ति, प.म.रे., जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## चिंतन

# यूएस से ट्रेड डील रोजगार के नए मौके पैदा करेगी

भारत और अमेरिका के बीच संपन्न हुई ट्रेड डील को मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक निर्णायक और दूरगामी कदम है। पिछले एक वर्ष से अंतरराष्ट्रीय व्यापार को लेकर जो असमंजस और अनिश्चितता बनी हुई थी, उसका सीधा असर भारत के निर्यात, निवेश और रोजगार सृजन पर पड़ रहा था। उसका असर व्यापारियों और युवाओं के रोजगार अवसरों पर साफ दिखाई दे रहा था। इस समझौते ने उस माहौल को काफी हद तक समाप्त करने का संकेत दिया है और व्यापारियों, उद्योग जगत तथा युवाओं में नई उम्मीद जगाई है। भले ही सौदे की पूरी शर्तें अभी सामने आनी बाकी हों, लेकिन यह स्पष्ट है कि यह डील भारत की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संभावनाओं के द्वार खोलती है। इसे मौजूदा वैश्विक आर्थिक हालात में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जाना चाहिए। सबसे अहम बात यह है कि भारत ने अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश के साथ बातचीत में अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता किए बिना यह समझौता किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाना भारत की मजबूत कूटनीतिक स्थिति को दर्शाता है। यह संकेत देता है कि भारत अब केवल एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि वैश्विक व्यापार व्यवस्था में अपनी शर्तों पर बातचीत करने वाला देश बन चुका है। इस डील से 'मेड इन इंडिया' नई गति मिलने की उम्मीद है। जब निर्यात बढ़ेगा तो स्वाभाविक रूप से उत्पादन बढ़ेगा और इसका सीधा असर रोजगार पर पड़ेगा। कपड़ा, चमड़ा, हीरा-जवाहरात, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और इंजीनियरिंग सेक्टर जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में नए अवसर पैदा होंगे। इन सेक्टरों में लाखों लोगों को काम मिलता है और यही कारण है कि इस समझौते को रोजगार सृजन के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। साथ ही, लोगों के हाथों में अधिक पैसा आएगा, जिससे 'ईज ऑफ लिविंग' को भी मजबूती मिलेगी। ट्रेड डील का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि भारत ने कृषि और डेयरी क्षेत्र को इससे अलग रखकर अपने किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हितों की रक्षा की है। यह दिखाता है कि सरकार ने वैश्विक दबावों के बावजूद घरेलू प्राथमिकताओं को नजरअंदाज नहीं किया। भारत द्वारा रूस से तेल की खरीद में कुछ कमी और वैकल्पिक स्रोतों की तलाश यह दर्शाती है कि भारत वैश्विक संतुलन को साधते हुए आगे बढ़ रहा है। हालांकि वेनेजुएला से तेल खरीदना तकनीकी और आर्थिक रूप से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इस डील का असर बाजारों पर भी दिखाई दिया है। रुपये और सेंसेक्स की तेज उछाल इस बात का संकेत है कि निवेशकों ने इस समझौते का स्वागत किया है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल का यह कहना कि इस डील में किसी के हितों से समझौता नहीं किया गया, सरकार के आत्मविश्वास को दर्शाता है। उनका यह भी कहना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा कृषि और डेयरी सेक्टर के हितों की रक्षा की है, इस समझौते के संतुलित स्वरूप को रेखांकित करता है। यह डील भारत के 140 करोड़ नागरिकों, गांवों में रहने वाले गरीबों, किसानों, मछुआरों, युवाओं और महिलाओं के लिए नए अवसर लेकर आ सकती है। कुल मिलाकर, भारत-अमेरिका ट्रेड डील भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत हो सकती है। निर्यात बढ़ेगा, निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। यदि इस समझौते का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया, तो यह भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी हब बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा।



संसद
कांतिलाल मांडोत

# सदन की मर्यादा बनाम सियासी सनसनी

संसद में संदेह, कयास और 'कहा जाता है' जैसे शब्दों के आधार पर देश की सुरक्षा नीति पर बहस नहीं की जा सकती। यह न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करने वाला भी है। जनता अब केवल आरोप नहीं, प्रमाण भी चाहती है। सोशल मीडिया और सूचना के इस दौर में आधे सच ज्यादा देर तक टिकते नहीं। विपक्ष का काम सवाल पूछना है, लेकिन नियमों के भीतर रहकर। सरकार का काम जवाब देना है, लेकिन तथ्य और मर्यादा के साथ। जब दोनों में से कोई एक भी इस संतुलन को तोड़ता है, तो नुकसान लोकतंत्र का होता है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन उतनी ही महत्वपूर्ण है उसकी जिम्मेदारी।

लोकसभा लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहां शब्द केवल अभिव्यक्ति नहीं होते, बल्कि राष्ट्रीय भरोसे, संस्थागत मर्यादा और संवैधानिक जिम्मेदारी के प्रतीक भी होते हैं। ऐसे में अगर इस मंच पर ऐसे संदर्भ लाए जाएं, जिनका न तो आधिकारिक अस्तित्व हो और न ही सार्वजनिक सत्यापन, तो स्वाभाविक है कि सवाल केवल कथन पर नहीं, कथन करने वाले की मंशा पर भी उठते हैं। पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एम.एम. नरवणे की कथित अप्रकाशित किताब के हवाले से डोकलाम को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का बयान इसी श्रेणी में आता है, जिसने संसद में हंगामा खड़ा कर दिया और देश के सामने एक गंभीर प्रश्न रख दिया। क्या राजनीतिक लाभ के लिए सदन की नियम-परंपरा और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों को दांव पर लगाया जा सकता है?



राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान जिस मैगजीन लेख का हवाला दिया, वह स्वयं एक अप्रकाशित मेमॉयर पर आधारित बताया गया। जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि जिस किताब का जिक्र किया जा रहा है, वह प्रकाशित ही नहीं हुई है, तो इस तर्क को खारिज करना मुश्किल हो जाता है। संसदीय परंपरा साफ कहती है कि सदन में वही तथ्य उद्धृत किए जा सकते हैं, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध, प्रकाशित और सत्यापन योग्य हों। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी इसी नियम की याद दिलाई। इसके बावजूद, नियमों की अवहेलना कर बार-बार वही संदर्भ दोहराया गया, जिससे बहस का स्तर मुद्दे से हटकर टकराव तक पहुंच गया। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस नेतृत्व, खासकर राहुल गांधी, ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर ऐसे बयान दिए हों, जिन्हें बाद में या तो आधा-अधूरा बताया गया या तथ्यहीन। डोकलाम जैसे संवेदनशील मुद्दे पर बोलते समय अतिरिक्त सावधानी अपेक्षित होती है, क्योंकि यहां केवल सरकार की आलोचना नहीं होती, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से सेना की रणनीति, क्षमता और निर्णयों पर भी सवाल खड़े होते हैं। स्वयं स्पीकर ने यह टिप्पणी की कि राष्ट्रीय हित के विषय पर सेना की आलोचना उचित नहीं है। यह टिप्पणी किसी दल विशेष के पक्ष में नहीं, बल्कि संस्था की रक्षा में दी गई चेतावनी थी। राहुल गांधी का यह कहना कि "किताब को प्रकाशित नहीं करने दिया गया'' भी बिना किसी ठोस प्रमाण के एक गंभीर आरोप है। अगर ऐसा है, तो सवाल उठता है कि कांग्रेस के पास इसके समर्थन में आधिकारिक दस्तावेज, लेखक का सार्वजनिक बयान या प्रकाशक की पुष्टि क्यों नहीं है? संसद में संदेह, कयास और 'कहा जाता है' जैसे शब्दों के आधार पर देश की सुरक्षा नीति पर बहस नहीं की जा सकती। यह न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करने वाला भी है। कांग्रेस अक्सर यह आरोप लगाती रही है कि सरकार असहज सवालों से डरती है। लेकिन इस पूरे प्रकरण में डर नहीं, बल्कि प्रक्रिया और नियमों पर जोर दिखा। अगर राहुल गांधी किसी प्रकाशित लेख या आधिकारिक बयान का हवाला देते, तो सरकार के पास उसका जवाब देने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता। समस्या सवाल में नहीं, सवाल पूछने के तरीके में है। संसद बहस का मंच है, अफवाहों का नहीं। यही कारण है कि गृह मंत्री अमित शाह का यह कहना कि "मैगजीन तो कुछ भी लिख सकती है" केवल एक राजनीतिक तंज नहीं, बल्कि तथ्यात्मक चेतावनी भी है।

कांग्रेस की रणनीति पर नजर डालें तो यह साफ दिखता है कि वह सदन के भीतर और बाहर लगातार ऐसे मुद्दे उठाना चाहती है, जिनसे सरकार को राष्ट्रवाद और सुरक्षा के मोर्चे पर घेरा जा सके। लेकिन जब ऐसे प्रयास ठोस तथ्यों के बजाय अपुष्ट संदर्भों पर आधारित हों, तो वे खुद कांग्रेस की विश्वसनीयता को चोट पहुंचाते हैं। जनता अब केवल आरोप नहीं, प्रमाण भी चाहती है। सोशल मीडिया और सूचना के इस दौर में आधे सच ज्यादा देर तक टिकते नहीं।

यह भी उल्लेखनीय है कि पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल नरवणे ने स्वयं सार्वजनिक रूप से यह नहीं कहा है कि डोकलाम में चीनी टैंक भारतीय सीमा के 100 मीटर तक भीतर आ गए थे, जैसा दावा किया गया। अगर ऐसा कोई गंभीर तथ्य होता, तो वह किसी न किसी आधिकारिक माध्यम से सामने आता। सेना और सरकार के बीच संवाद कोई छिपी हुई प्रक्रिया नहीं है, खासकर जब बात सीमा सुरक्षा की हो। ऐसे में अप्रकाशित किताब के हवाले से सनसनी फैलाना न तो जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका है और न ही परिपक्व राजनीति की पहचान।

सदन की कार्यवाही का बार-बार स्थगित होना भी किसी के हित में नहीं है। विपक्ष का काम सवाल पूछना है, लेकिन नियमों के भीतर रहकर। सरकार का काम जवाब देना है, लेकिन तथ्य और मर्यादा के साथ। जब दोनों में से कोई एक भी इस संतुलन को तोड़ता है, तो नुकसान लोकतंत्र का होता है। इस पूरे घटनाक्रम में सरकार ने नियमों का हवाला दिया, जबकि कांग्रेस ने भावनात्मक और आरोपात्मक राजनीति को तरजीह दी। यही अंतर आज की राजनीति की दिशा तय कर रहा है।

अंततः, यह बहस किसी एक किताब या एक बयान तक सीमित नहीं है। यह इस बात की परीक्षा है कि हम संसद को किस रूप में देखना चाहते हैं। एक गंभीर नीति-निर्माण मंच या राजनीतिक सुर्खियों का अखाड़ा। कांग्रेस और राहुल गांधी को आत्ममंथन करना होगा कि क्या बार-बार बेबुनियाद आरोप लगाकर वे वास्तव में राष्ट्रीय हित की सेवा कर रहे हैं, या केवल तात्कालिक राजनीतिक लाभ की तलाश में हैं। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन उतनी ही महत्वपूर्ण है उसकी जिम्मेदारी। बिना प्रमाण के आरोप न केवल सरकार को, बल्कि पूरे देश को कमजोर करते हैं। इसलिए जरूरी है कि संसद में आमजन से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार उठाया जाए। संसद केवल खाली हंगामा करने की जगह न बनें। क्योंकि सदन का जितना समय बार्बाद होगा आमजन का भी उताना ही नुकसान होगा। विपक्ष का कर्तव्य है कि व स्वस्थ और आमजन के मुद्दों पर बहस करे। न कि सदन को अखाड़ा बनाकर छोड़ दे। संसद लोगों के लिए योजनाएं और कानून बनाने के लिए है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकारहैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## नीति और सत्ता
अम्बरीष प्रजापति



# न्यायिक दहलीज पर दम तोड़ते कानून

राबीते कुछ समय से देश की शासन व्यवस्था में एक अजीबोगरीब दोहराव देखने को मिल रहा है। केंद्र सरकार जब भी कोई महत्वाकांक्षी नियमावली या कानून पेश करती है, तो वह लागू होने से पहले ही उच्चतम न्यायालय के अवरोधों में फंस जाता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के हालिया समानता संबंधी दिशानिर्देशों पर लगी रोक इसी सिलसिले की एक ताजा मिसाल है।

चाहे वह सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत 'सत्यता जांच इकाई' का विवाद हो, डेटा सुरक्षा कानून की संवैधानिक चुनौतियां हों या प्रसारण विधेयक पर बढ़ता विरोध-यह सब महज इत्तेफाक नहीं हो सकता। यहाँ बुनियादी मसला अदालती दखल का नहीं है, बल्कि उस कार्यप्रणाली का है जिसके तहत ये नियम गढ़े जा रहे हैं। जब बारीकी से तैयार किए गए कानून न्यायिक कसौटी पर बार-बार विफल होने लगें, तो यह नीति-निर्धारकों की दूरदर्शिता और उनकी संवैधानिक समझ पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

**सुधार या नियोजित भ्रम की रणनीति?**

यूजीसी के प्रकरण को ही लें। 'यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन' को जाति, धर्म, लिंग, क्षेत्र ऐसे तमाम आधार पर होने वाले भेदभाव को समाप्त कर शैक्षणिक संस्थानों में सामाजिक समरसता, समता भाव स्थापित करने के लिए लाया गया और इसे शिक्षा जगत में सुधार के तौर पर प्रचारित किया गया, लेकिन इसकी अंतर्धारा ने सामाजिक समरसता के बजाय 'जातीय ध्रुवीकरण' को अधिक हवा दी। 'समानता' की शब्दावली का उपयोग करते हुए जिस तरह से पारंपरिक श्रेणियों और पहचानों को पुनर्जीवित किया गया, उसने स्पष्ट कर दिया कि यह केवल प्रशासनिक सुधार नहीं है। कई विश्लेषकों का मानना है कि नियमों में जानबूझकर छोड़ी गई अस्पष्टता किसी सुधार का हिस्सा नहीं, बल्कि एक सोची-समझी राजनीतिक बिसात है।

आज की राजनीति नब्बे के दशक के सीधे टकराव वाली राजनीति से अलग है। अब जाति को मिटाने का संकल्प कहीं ओझल हो गया है; इसके उलट उसे 'पावर गेम' के एक नए सांचे में ढाला जा रहा है। जाति अब सामाजिक चेतना का विषय न रहकर सत्ता के प्रचार-प्रसार, वोट बैंक साधने का माध्यम बन गया है।

**जवाबदेही से बचता सत्ता का शीर्ष**

विडंबना देखिए कि जब भी कोई कानून अदालत में अटकता है, तो सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग बड़ी चतुराई से आलोचना से बच निकलते हैं। दोष कभी समितियों पर मढ़ा जाता है, कभी मंत्रियों पर, तो कभी विपक्ष को जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है। यह वही पुराना मॉडल है- 'सफलता का श्रेय ऊपर, विफलता की जिम्मेदारी नीचे'। इस पूरी प्रक्रिया में असली 'निर्णय-केंद्र' हमेशा अदृश्य बना रहता है।

**हिंदुत्व और सामाजिक समरसता का क्षरण**

हिंदुत्व का विचार, जो मूलतः सांस्कृतिक एकात्मता और भेदभाव रहित समाज की बात करता था, इस 'पहचान वाली राजनीति' के कारण हाशिए पर जाता दिख रहा है। जब सामाजिक न्याय को लोक-कल्याण के बजाय मार्केटिंग के औजार की तरह इस्तेमाल किया जाता है, तो समाज जुड़ने के बजाय बंट जाता है। यह न तो हिंदुत्व की जीत है और न ही सामाजिक न्याय की; यह केवल सत्ता को स्थिर रखने का एक खेल है।

**सुझाव:** इस संवैधानिक और सामाजिक उलझन से निकलने के लिए सरकार को केवल कागजी बदलाव नहीं, बल्कि बुनियादी सुधारों की आवश्यकता है।


एआई आधारित सुरक्षा निगरानी केंद्र: सभी प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में 'एआई सुरक्षा निगरानी केंद्र' स्थापित किए जाएं। ये केंद्र आधुनिक तकनीक के जरिए किसी भी वर्ग, समुदाय के छात्र छात्राओं, अधिकारी-कर्मचारी तथा शिक्षकों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के भेदभाव की शिकायतों का निष्पक्ष विश्लेषण हो सकेगा, जिससे मानवीय पूर्वाग्रह और जातीय द्वेष की गुंजाइश खत्म हो सकेगी और जो वास्तविक दोषी होगा उस पर कारवाई हो सकेगी। सरकार शैक्षणिक संस्थानो में जातिगत भेदभव मुक्त परिसर बनाकर जो समता मूलक भाव पैदा करना चाहती है। इस तरह समता मूलक, समरसता युक्त कैंपस बन सकेंगे।

**निष्कर्ष:** लोकतंत्र केवल बहुमत के आंकड़ों से नहीं, बल्कि संवैधानिक विवेक और सामाजिक संवेदनशीलता से चलता है। जब नीति-निर्माण में बौद्धिक और नैतिक ईमानदारी की कमी होती है, तो कानून अदालतों में अटकते हैं और जनता सड़कों पर उतरती है। भारत एक भावप्रधान राष्ट्र है, जहाँ भावनाओं का दोहन करना आसान है, लेकिन अब समय 'बुद्धि' से सोचने का है।

चूंकि आज के दौर में 'कंटेंट' ही किंग है, इसलिए यह जरूरी है कि झूठे नैरेटिव्स के जाल में फंसने के बजाय सच जानने का प्रयास करें। क्योंकि किसी भी भ्रम का अंत केवल तार्किक चर्चा से ही संभव है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकारहैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी है



संकलित
**दर्शन**

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

# अपनी गठरी टटोलें



संकलित
**प्रेरणा**

दो आदमी यात्रा पर निकले! दोनों की मुलाकात हुई, दोनों का गंतव्य एक था तो दोनों यात्रा में साथ हो चले। सात दिन बाद दोनों के अलग होने का समय आया तो एक ने कहा- भाई साहब! एक सप्ताह तक हम दोनों साथ रहे क्या आपने मुझे पहचाना? दूसरे ने कहा- नहीं, मैंने तो नहीं पहचाना। पहला यात्री बोला- महोदय मैं एक नामी ठग हूँ परन्तु आप तो महाठग हैं। आप मेरे भी गुरू निकले। दूसरा यात्री बोला- कैसे? पहला यात्री- कुछ पाने की आशा में मैंने निरंतर सात दिन तक आपकी तलाशी ली, मुझे कुछ भी नहीं मिला। इतने दिन साथ रहने के बाद मुझे यह पता है आप बहुत धनी व्यक्ति हैं और इतनी बड़ी यात्रा पर निकले हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि आपके पास कुछ भी नहीं है? बिल्कुल खाली हाथ हैं! दूसरा यात्री- मेरे पास एक बहुमूल्य हीरा है और थोड़ी-सी रजत मुद्राएं भी है। पहला यात्री बोला- तो फिर इतने प्रयत्न के बावजूद वह मुझे मिले क्यों नहीं? दूसरा यात्री- मैं जब भी बाहर जाता, वह हीरा और मुद्राएं तुम्हारी पोटली में रख देता था और तुम सात दिन तक मेरी झोली टटोलते रहे। अपनी पोटली सँभालने की जरूरत ही नहीं समझी। तो फिर तुम्हें कुछ मिलता कहां से! ईश्वर नित नई खुशियां हमारी झोली में डालते हैं परन्तु हमें अपनी गठरी पर निगाह डालने की फुर्सत ही नहीं है, यही सबकी मूलभूत समस्या है। जिस दिन से इंसान दूसरे की ताकझाख बंद कर देगा उस क्षण सारी समस्या का समाधान हो जाएगा। अपनी गठरी टटोलें! जीवन में सबसे बड़ा गूढ मंत्र है स्वयं को टटोले और जीवन-पथ पर आगे बढ़े सफलताएं आप की प्रतीक्षा में है।

## सटाका



## आज की पाती

### रक्षा पर जोर रोजगार भाव विभोर

बजट को 6 .81 लाख करोड़ से बढ़ाकर 7 .85 लाख करोड़ यानी 15 .2 प्रतिशत की वृद्धि करके देश की सुरक्षा पर ध्यान दिया गया। मिडिल क्लास के लिए न तो आयकर में कोई नई छूट का प्रावधान रखा गया और न ही गरीब मजदूरों के हित अथवा महंगाई से राहत के लिए कोई ऐसा कदम उठाया गया, जिससे उन्हें सुकून मिल सके। देश के उत्थान में युवकों का सबसे बड़ा योगदान होता है, किंतु बेरोजगारी कम करने के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे उन्हें बेहतर नौकरी या रोजगार मिल सके। सरकार को बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने के विषय में भी प्रयास करना चाहिए। कुल मिलाकर इस बार का बजट किसी भी वर्ग को बहुत ज्यादा उत्साहित नहीं कर पाया है। – *संतोष अग्रवाल, भाटापारा*

## ट्रेंड

### मोदी मेरे अच्छे दोस्त



पीएम मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं, वे अपने देश में एक मजबूत और सम्मानित नेता हैं। हम दोनों ऐसे लोग हैं जो काम करके दिखाते हैं। यह बात ज्यादातर लोगों के बारे में नहीं कही जा सकती। हमारी डील से दोनों देशों का विकास होगा।
**-डोनाल्ड ट्रंप,** राष्ट्रपति अमेरिका

### राहुल देश को गुमराह कर रहे



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी देश को गुमराह कर रहे हैं। अमेरिकी के साथ ट्रेड डील से देश को फायदा होगा। देश-विदेश में इसकी तारीफ हो रही है। कृषि-डेयरी क्षेत्र को संरक्षित रखा जाएगा। हमारे इंजीनियरिंग सेक्टर्स के पार्ट्स बनाने वाले, टेक्सटाइल, मरीन गुड, ज्वेलर सेक्टर को बहुत सारे मौके मिलेंगे। **-पीयूष गोयल,** केंद्रीय मंत्री

### इमेज तोड़ रहे मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं, क्योंकि जिन्होंने उनकी इमेज बनाई वे अब यह इमेज तोड़ रहे हैं। अमेरिका में अडानी पर केस है, यह असल में मोदी पर केस है। वो मोदी जी के फाइनेंशियल स्ट्रक्चर को टारगेट कर रहे हैं। **-राहुल गांधी,** नेता विपक्ष

### एसआईआर से लोग पीड़ित



पश्चिम बंगाल में कई वास्तविक मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। प्रभावित लोगों को न तो ठीक से सूचना दी जा रही है और न ही उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिल रहा है। एसआईआर प्रक्रिया से लोग पीड़ित हैं। **-ममता बनर्जी,** सीएम, प. बंगाल

## करंट अफेयर

# कक्षाओं में चैटजीपीटी, छात्रों के सीखने का आकलन कैसे

दुनिया के हर क्षेत्र के साथ साथ उच्च शिक्षा में भी जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जेनएआई) का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है और छात्र तथा शिक्षक पढ़ाई, सीखने और मूल्यांकन में चैटबॉट्स को शामिल कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह बदलाव केवल तकनीकी नहीं, बल्कि शिक्षा की मूल प्रकृति को प्रभावित करने वाला है। कनाडा के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के 28 शिक्षकों पर आधारित एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि शिक्षा एक निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुकी है। ऐसे समय में यह प्रश्न महत्वपूर्ण हो गया है कि जब एल्गोरिदम मानव संज्ञान को सहारा दे सकते हैं या उसका अनुकरण कर सकते हैं, तब आकलन किस बात का होना चाहिए। एआई और अकादमिक ईमानदारी पर पिछले 15 वर्षों के शोध की समीक्षा से पता चला कि एआई शिक्षा के लिए दोधारी तलवार है। एक ओर, उन्नत टेक्स्ट जनरेटर और अनुवादक मानव-जैसा लेखन कर सकते हैं, जिससे नकल को पकड़ना और उसका पता लगाना ही कठिन हो गया है। साथ ही, ये उपकरण कभी-कभी गलत जानकारी देते हैं या सामाजिक पूर्वाग्रह भी दोहरा सकते हैं। दूसरी ओर, एआई सीखने को अधिक समावेशी बना सकता है, विशेषकर दिव्यांग छात्रों या अतिरिक्त भाषा सीख रहे छात्रों के लिए।




## ऑफ बीट

# अब उम्र तय करने में जीन की भूमिका पहले से अधिक

शोध के अनुसार, आज के दौर में जीवनकाल में जीन का योगदान पहले की तुलना में कहीं अधिक दिखाई देता है। इसके पीछे कारण यह नहीं है कि जीन अचानक ज्यादा प्रभावशाली हो गए हैं, बल्कि यह है कि बीते एक शताब्दी में मृत्यु के कारणों में बड़ा बदलाव आया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि एक सदी पहले बड़ी संख्या में लोग दुर्घटनाओं, संक्रमणों और अन्य बाहरी कारणों से मर जाते थे। वैज्ञानिक इन्हें 'बाह्य कारण' कहते हैं। इसके विपरीत, आज विकसित देशों में अधिकांश मौतें 'आंतरिक कारणों' से होती हैं, जैसे उम्र बढ़ने से जुड़ी बीमारियां- हृदय रोग, डिमेंशिया और अन्य रोग। अधिक स्पष्ट तस्वीर के लिए शोध दल ने स्कैंडिनेवियाई देशों में जुड़वां बच्चों के बड़े समूहों का अध्ययन किया। इसमें दुर्घटनाओं और संक्रमणों से हुई मौतों को अलग कर दिया गया। इसके अलावा अमेरिका में अलग-अलग पले-बढ़े जुड़वां बच्चों और सौ साल से अधिक उम्र तक जीने वाले लोगों के भाई-बहनों का भी विश्लेषण किया गया। जब बाहरी कारणों से होने वाली मौतों को अलग कर देखा गया, तो जीवनकाल में जीन का अनुमानित योगदान 20–25 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 50–55 प्रतिशत तक पहुंच गया।



**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### विश्व नम भूमि दिवस पर विद्यार्थीयों को कराया भ्रमण

**बरही।** तहसील अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार पर 2 फरवरी को विश्व नम भूमि दिवस शास.उच्च. माध्य .विद्यालय खितौली में मनाया गया। जिसमें ईको क्लब के विद्यार्थी एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे विद्यालय के प्रभारी शिक्षक जय प्रकाश चौधरी एवं कार्यक्रम में समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे है विद्यार्थियों को जल सोत्र भ्रमण के शासकीय डैम में ले जाया गया, जहां नम भूमि की अनिवार्यता तथा उसके लाभ के बारे मे छात्र छात्राओं को जानकारी देकर अवगत कराया गया व नदी के आसपास स्वच्छता रखें शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को नम भूमि दिवस के उपलक्ष्य पर विस्तृत जानकारी एवं महत्व को बताया गया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण तथा प्राकृतिक की हरियाली बनी ताकि शुद्ध आक्सीजन मिल सके इसके लिए विद्यार्थियों को पेड़ लगाने के लिए बोला गया है।कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को स्वल्पाहार भी कराया गया। कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थित शिक्षिका साधना सोनी पुष्पांजलि विश्वकर्मा शिक्षक सचिन गुप्ता राजीव विश्वकर्मा विक्रम पटेल श्रीराम तिवारी हंसलाल चौधरी महेंद्र सिंह मार्को अरविंद विश्वकर्मा विनोद कुमार सेन व स्कूल के अध्यनरत विद्यार्थीयों रहें।

### स्वतंत्रता सेनानियों के वंशज के कार्यक्रम में शामिल हुए राकेश जैन



**कटनी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के मार्गदर्शन एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार कांग्रेस प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अजय सीतलानी के संयोजन में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशज एवं उत्तराधिकारियों की उपस्थिति में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों को आज दुनिया के 400 करोड़ लोग मानते हैं तथा गांधी जी की प्रतिमा आज भी 150 देश में लगी है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीदों के वंशज हमारे लिए सम्मानीय हैं। आयोजन में कटनी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशज राकेश जैन कक्का, सुरेंद्र दुबे, शहजाद खान को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उनके साथ शाहिद भाई, शहजाद भाई, सत्यम साहू, नारायण साहू ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

### भागवत में कृष्ण सुदामा की मित्रता की कथा सुनाई

**सिलौंडी।** कछार गांव बड़ा में चल रहे विष्णु पुराण यज्ञ में कथा के अंतिम दिवस श्रीकृष्ण लीला, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष्य कथा का वर्णन मानवेन्द्र शास्त्री द्वारा कराया गया। इस दौरान सरपंच कैलाश चंद्र जैन - ओंकार उपाध्याय -अध्यक्ष, राजेन्द्र सिंह बागरी उपाध्यक्ष , भीषण लाल तिवारी, केशव प्रसाद पटेल, रमेश पटेल, सोनू बागरी, अनुज उपाध्याय, दीनू बागरी, मंडल उपाध्यक्ष शैलेश जैन, रहे।

### उत्कृष्ट पुलिसिंग के लिए 5 पुलिसकर्मी सम्मानित

**कटनी।** जिले में पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, संवेदनशील और प्रभावी बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा एक नई पहल 'साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम' शुरू की गई है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5 पुलिसकर्मियों को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों में निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा (थाना प्रभारी, कुठला) उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक संतोष प्रजापति, आरक्षक अजय शंकर (सायबर सेल) एवं आरक्षक लव उपाध्याय शामिल हैं।

## 84 हज़ार से अधिक की हाथ भट्टी मदिरा एवं महुआ लाहन जब्त, 6 प्रकरण पंजीबद्ध

# आबकारी एवं पुलिस ने की कार्यवाही एक लाख रूपए की अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शराब की अवैध बिक्री करने वालों के विरूद्ध आबकारी एवं पुलिस ने कार्यवाही की है। दोनो कार्यवाही के दौरान करीब एक लाख रूपये की अवैध शराब जब्त की गई है साथ ही 9 आरोपितों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग वृत्त कटनी क्रमांक 1, 2 एवं 3 की संयुक्त टीम द्वारा वृत्त कटनी क्रमांक 2 में आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मंशा राम उइके के नेतृत्व में ग्राम मछरियाडेरा, तिलियनपर में दबिश दी गई । जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि दविश के दौरान 14 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 825 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त हाथ भट्टी शराब एवं महुआ लाहन की कीमत 84 हजार से अधिक आंकी गई है। जब्त महुआ लाहन का सैंपल लेकर शेष महुआ लाहन मौके पर ही नष्ट कर दिया गया गया। इस कार्यवाही में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं 34 (1) च के तहत कुल 6 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।



कार्यवाही में वृत्त क्रमांक 02 प्रभारी अतुल कुटार, आबकारी उप निरीक्षक केशव उइके, आंचल प्रजापति, आबकारी आरक्षक राजेश गौंटिया, वीणा ब्रह्मवंशी और राम सिंह का योगदान रहा।

### रीठी पुलिस ने 159 पाव अवैध शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

रीठी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर पटेहरा मोड़ (ग्राम मुहास) के पास से तीन व्यक्तियों को अवैध शराब की तस्करी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। 2 फरवरी की शाम लगभग 06:15 बजे पुलिस को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति भारी मात्रा में शराब लेकर बिक्री की फिराक में हैं। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पटेहरा मोड़ पर दबिश दी। कार्रवाई के बाद प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 124 पाव लाल मसाला और 35 पाव सफेद प्लेन शराब कुल 159 पाव जब्त शराब की जिसकी अनुमानित कीमत 15,900/- रुपये बताई गई है।

पुलिस द्वारा जिन आरोपितों को पकड़ा गया है उनमें अंशुमान बर्मन 28 वर्ष निवासी



पटेहरा, जयकुमार कचेर 37 वर्ष निवासी ग्राम डाँग, रामसेवक चढार 62 वर्ष निवासी उजयारपुरा शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 49 एवं आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। शासन की ओर से मामले की विवेचना जारी है।



## ट्रेनों का स्टॉपेज करने के लिए महाप्रबंधक को सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

बरही नगर के खन्ना बंजारी रेलवे स्टेशन मैं ट्रेनों का स्टॉपेज कराने बरही नगर परिषद के अध्यक्ष पीयुष अग्रवाल ने अपने साथियों के साथ महाप्रबंधक महोदय को ज्ञापन सौंपा व निवेदन करते हुए कहा जनहित धार्मिक एवं पर्यटन विकास तथा राज्य शासन की टाइगर कॉरिडोर एवं ग्रीन फील्ड परियोजनाओं के परीप्रेक्षय में सप्ताहिक ट्रेनों का खन्ना बंजारी रेलवे स्टेशन बरही में ठहराव की स्वीकृति प्रदान किया जावें हावड़ा भोपाल साप्ताहिक एक्सप्रेस कोलकाता अहमदाबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस कोलकाता मदार साप्ताहिक एक्सप्रेस रुकना चाहिए जिससे यात्रियों को सफर करने में सहूलियत मिल सकें रेलवे स्टेशन की सीमा से लगा हुआ टाइगर रिजर्व बांधवगढ़

### जैविक खेती का दिया जा रहा प्रशिक्षण

राष्ट्रीय उद्यान पर्यटकों का आना जाना बना रहता है वह विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी मैहर शारदा धाम की सीमा बरही से जुड़ी हुई है स्टॉपेज इन गाड़ियों का अनिवार्य है सांतरगाछी अज़मेर सप्ताहिक एक्सप्रेस मुंबई धनबाद एलटीटी स्पेशल एक्सप्रेस। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, रेल विकास समिति बरही के अध्यक्ष प्रवीण त्रिवेदी डब्बू, संतोष द्विवेदी, सुरेश सोनी पंडा, सरमन सोनी, इक़बाल पवार पत्रकार, गुड्डु राव नंदू गुप्ता, ज्योति उपाध्याय, किरण ठाकुर, न्यूम खान पप्पू, तीरथ पटेल, रजनीश नामदेव, मोहन सिंह गोंड़ आदि शामिल हैं।




### खरी-खरी कह कर फिर विवादों में आ गए कैलाश

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय खरी-खरी कहने के लिए जाने जाते हैं। वे एक बार फिर बच्चों के आचरण और शिक्षा को लेकर दिए एक बयान के कारण फिर फंस गए। उन्होंने कह दिया कि यदि कोई पीडब्ल्यूडी मंत्री है और ठेकेदार परिवार को खरीदारी कराने लगे, तो बच्चों से चरित्रवान होने की उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि बच्चे अपना अधिकांश समय घर पर बिताते हैं, माता-पिता का आचरण ही उनके चरित्र निर्माण की नींव रखता है। यदि घर का व्यवहार ही अनुचित होगा तो कोई भी शिक्षा नीति प्रभावी नहीं हो सकती। उनके बयान को मौजूदा पीडब्ल्यूडी मंत्री से जोड़ दिया गया। कहा गया कि उन्होंने अपनी ही सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। विपक्ष ने भ्रष्टाचार को लेकर सरकार पर हमला बोल दिया। उन्हें सफाई देना पड़ गई। उन्होंने कहा कि मेरी बात को ऐसे प्रस्तुत किया गया, मानो वह किसी व्यक्ति विशेष या विभाग विशेष पर टिप्पणी कर रहे हों। जबकि वे तो बच्चों की परवरिश और नैतिक मूल्यों पर अपनी बात रख रहे थे।

### आलाकमान के सामने प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व एक्सपोज

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिल्ली में बुलाई गई प्रदेश के नेताओं की बैठक सुर्खियों में है। प्रदेश नेतृत्व आलाकमान के सामने एक बार फिर एक्सपोज हो गया है। विधानसभा चुनाव के दो साल से ज्यादा गुजर जाने के बावजूद प्रदेश कांग्रेस अतंर्कलह से उबर नहीं पाई है। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी तक को प्रदेश में अनुशासनहीनता का मुद्दा उठाना पड़ गया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी मान लिया कि प्रदेश के नेता एकजुट नहीं हैं। लिहाजा, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठे और वे खरगे-राहुल के सामने असफल प्रदेश अध्यक्ष साबित हो गए। प्रदेश में संगठन की मजबूती को लेकर बैठक बुलाई गई थी, इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष द्वय अरुण यादव और कांतिलाल भूरिया जैसे वरिष्ठ नेताओं को भी बुलाया जाना था, लेकिन इन्हें पूछा ही नहीं गया।

### कौन होगा प्रदेश भाजपा का नया संगठन महामंत्री?

हितानंद की प्रदेश भाजपा से विदाई के बाद राजनीतिक हलकों में यह सवाल तेजी से तैरने लगा है कि अब उनका स्थान कौन लेगा? इस दायित्व के लिए कई नाम चर्चा में भी आ गए हैं। इनमें विद्या भारती के संगठन मंत्री निखलेश माहेश्वरी, भारत भारती के अनिल अग्रवाल, मध्य प्रांत के प्रचारक विमल गुप्ता और मालवा प्रांत के प्रचारक राजमोहन सिंह के नाम शामिल हैं। हितानंद के कार्यकाल के दौरान भाजपा ने अच्छी सफलता हासिल की। इससे हितानंद की संगठन क्षमता और पार्टी में पकड़ का पता चलता है। तो दूसरी तरफ उनके व्यवहार को लेकर भाजपा के अंदर से ही कई बार आवाजें भी उठीं। अंततः उन्हें संघ में वापस लेकर मध्य क्षेत्र का सह बौद्धिक प्रमुख बना दिया गया।

### प्रदेश में 65 वर्ष होगी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु!

प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 62 से बढ़ा कर 65 वर्ष करने की अटकलें एक बार फिर शुरू हो गई हैं। फिलहाल प्राध्यापकों और डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति आयु ही 65 वर्ष है। केंद्रीय कर्मचारी अब भी 60 साल में रिटायर होते हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा चुनाव से पहले 2018 में यह आयु 62 वर्ष की थी। भाजपा ने 2023 के अपने चुनावी संकल्प पत्र में सेवानिवृत्ति आयु में एकरूपता लाने की बात कही थी। इस आधार पर प्राध्यापकों, डॉक्टरों की तरह सभी सरकारी कर्मचारियों को भी 65 साल में रिटायर करने की दिशा में काम शुरू हो गया है। विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव सरकारी कर्मचारियों को यह तोहफा दे सकते हैं।

### तो क्या करेंगे दूसरे समाज के श्रद्धालु?

पिछले कुछ सालों से समाज के अंदर जो घटित हो रहा है, वैसा कभी देखने को नहीं मिला। इससे भारतीय समाज लगातार बंट रहा है। उज्जैन के महाकाल मंदिर में गैर हिंदुओं का प्रवेश प्रतिबंधित करने की मांग भी इसी दिशा में एक प्रयास है। शाहरुख खान, नुसरत भरूचा, सारा अली खान और सलमान खान जैसे सेलिब्रिटी सहित अनेक श्रद्धालु महाकाल मंदिर सहित कई धार्मिक स्थानों में जाते हैं। यदि ऐसे धार्मिक स्थलों में गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित हो जाएगा तो दूसरे समाजों, वर्गों के ये श्रद्धालु क्या करेंगे? महाकाल मंदिर के मुख्य पुजारी, हिंदू महासभा के साथ अब महामंडलेश्वर शैलेशानंद महाराज जूना अखाड़ा ने भी मांग उठाई है कि जिस तरह मक्का-मदीना में हिंदुओं का प्रवेश प्रतिबंधित है, उसी तर्ज पर भारतीय मंदिरों में भी गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर पाबंदी लगनी चाहिए। इस पर राजनीति भी शुरू हो गई है।

- दिनेश निगम 'त्यागी'

## कलेक्टर ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती का किया निरीक्षण



**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी मझगवां पहुंचे और मेढ़ पर चलकर अंतर्वर्तीय खेती, प्राकृतिक व जैविक खेती का नवाचार करने वाले प्रगतिशील किसान गोविंद कुशवाहा के खेतों में पहुंचे। कलेक्टर ने कृषक गोविंद द्वारा 5 एकड़ के खेत में की गई आलू, गोभी, सरसों, बथुआ, सेम, मटर, टमाटर, बैंगन आदि की अंतर्वर्ती खेती का खेत में भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होंने किसान द्वारा प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लिये की गई पहल की जमकर सराहना की। किसान गोविंद ने बताया कि उनके पास देसी नस्ल के 40 पशु भी है, जिनके गोबर से खाद बनाकर वे अपनी फसलों और सब्जियों के उत्पादन में उपयोग करते हैं। कृषक गोविंद ने बताया कि इस साल उन्होंने समर्थन मूल्य पर 90 क्विंटल धान का विक्रय किया है। जिसका पैसा उनको मिल गया है। उन्होंने बताया कि उनके खेत में उत्पादित सब्जियां कटनी और उमरिया के मार्केट में हाथों-हाथ अच्छी कीमत में बिक जाती है। गोविंद के संयुक्त परिवार में 15 सदस्य हैं। सभी खेती में हाथ बंटाते हैं और फसलों और बागवानी को मिलाकर करीब 5 लाख रूपये सालाना का मुनाफा हो जाता है। कलेक्टर ने उन्हें उन्नत नस्ल के दुधारू पशुओं का पालन करने और शेडनेट में खीरा और टमाटर, शिमला मिर्च आदि की खेती कर और अधिक आय अर्जित करने की समझाइश दी।

*बड़वारा में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर ने 48 आवेदकों की सुनी समस्यायें*

## गांव में चल रही पैकारियों की शिकायत कलेक्टर की जन सुनवाई में पहुंची, कार्यवाही के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला प्रशासन द्वारा हर मंगलवार की जनसुनवाई, अब आम लोगों के लिए भरोसे और समाधान का मंच बन गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को बड़वारा पहुंच कर 48 फरियादियों की बात ध्यान से सुनीं। इस दौरान उन्होंने कई समस्याओं का मौके पर ही निराकृत कर दिया। जिन मामलों का तुरंत समाधान संभव नहीं था, उनके लिए अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर और एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में कलेक्टर श्री तिवारी को ग्राम बड़वारा निवासी



रामकुमार यादव पिता स्व. श्री मुलईराम यादव ने बताया कि मेरे समग्र परिवार आईडी में मेरी बेटी मनीषा यादव की सदस्य आईडी में पिता का नाम खाली है और माता के नाम में पिता का नाम दिख रहा है। जिसके कारण मेरी बेटी का आयुष्मान कार्ड में केवायसी नहीं हो रही है। मेरी बेटी का इलाज कटनी में चल रहा है। डॉक्टर ने ऑपरेशन के लिए कहा है। इस कारण मेरी बेटी के ईलाज हेतु आयुष्मान कार्ड नहीं चल पा रहा है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर जनसुनवाई के दौरान ही ई-केवाईसी कर दी गई।

जनपद पंचायत बड़वारा के उपाध्यक्ष रामसेवक दुबे ने कलेक्टर श्री तिवारी को अवगत कराया कि बड़वारा थाना के अंतर्गत प्रत्येक गांव में जगह-जगह अवैध शराब की पैकारियां चलाई जा रही है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने बड़वारा थाना के टीआई को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान गुरूनानक वार्ड कटनी निवासी लक्ष्मण प्रसाद ने बताया कि ग्राम बडवारा खुर्द में स्थित खसरा नंबर 102 रकवा 0.43 हेक्टेयर भूमि के राजस्व अभिलेख में 1989 से पूर्व मेरा नाम लक्ष्मण प्रसाद दर्ज था। परंतु त्रुटि वश लक्ष्मण के स्थान पर लखन दर्ज हो गया। इस संबंध में नाम सुधार हेतु मेरे द्वारा पूर्व में आवेदन दिया गया था। परंतु अब तक नाम सुधार नहीं हो सका है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने एसडीएम कटनी को निश्चित समय-सीमा में नाम सुधार करने के निर्देश दिए। ग्राम बंजर बरेला निवासी कैलाश गुप्ता ने गरीबी रेखा में नाम जुड़वाने की मांग की कलेक्टर ने तहसीलदार नाम जुड़वाने के निर्देश दिये।

## विवाह के लिए शुक्र और गुरु दोनों का उदय होना बेहद जरूरी

*मांगलिक कार्यों पर लगा प्रतिबंध अब समाप्त होने जा रहा*

# आज से फिर गूंजेगी शहनाई: फरवरी में सबसे ज्यादा 17 मुहूर्त, 14 मार्च से फिर एक माह तक लगेगा खरमास

हरिभूमि ⏭ जबलपुर

शादी-विवाह के इच्छुक परिवारों के लिए अच्छी खबर है, दरअसल खरमास की समाप्ति और शुक्र ग्रह के अस्त होने के कारण मांगलिक कार्यों पर लगा प्रतिबंध अब समाप्त होने जा रहा है। 4 फरवरी से एक बार फिर शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी। 4 फरवरी में सबसे ज्यादा मुहुर्त होने से बड़ी संख्या में विवाह होने की उम्मीद है। तो वहीं इस साल का दूसरा खरमास 14 मार्च से 14 अप्रैल तक रहेगा। चैत्र कृष्ण एकादशी में 14 मार्च की देर रात 03:07 बजे सूर्य मीन राशि में



प्रवेश करेंगे। इसी के साथ खरमास शुरू हो जाएगा। इस दौरान एक बार फिर सभी शुभ कार्य पर विराम लग जाएगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरूजी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि विवाह के लिए शुक्र और गुरु दोनों का उदय होना अनिवार्य माना जाता है, इसलिए अब तक शादियों के मुहूर्त थे। लेकिन शुक्र और गुरु दोनों का उदय होने के साथ ही 4 फरवरी से शादियों का सिलसिला शुरू हो रहा है। फरवरी माह में विवाह के कई श्रेष्ठ मुहूर्त बन रहे हैं। फरवरी माह विवाह समारोह की सर्वाधिक तिथियां 17 दिन रहेगी।

### शुभ विवाह की तिथियां

- फरवरी: 4, 5, 6, 7, 8, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 19, 20, 21. 24. 25. 26
- मार्च: 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11. 12. 13. 14
- अप्रैल: 15, 20, 21, 25, 26, 27.28.29
- मई: 1, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 12, 13.14
- जून: 19, 20, 21, 22, 23, 24. 25. 26. 27. 28. 29
- जुलाई: 1.2.6. 7. 8. 11. 121
- नवंबर : 20, 21, 24, 25, 26, 30.1
- दिसंबर: 1, 2, 3, 4, 5, 6, 9, 10, 11, 12।

## जल संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु सभी वार्डो में आयोजित हुई जल सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शासन एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नागरिकों की पेयजल संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु मंगलवार 3 फरवरी को नगर के समस्त वार्डो में वार्ड स्तरीय जल सुनवाई का आयोजन किया जाकर नागरिकों के 21 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। जल सुनवाई के दौरान गठित वार्ड स्तरीय कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के निर्धारित स्थलों पर उपस्थित रहकर नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए गए। इस दौरान उपस्थित आम नागरिकों से उनके यहां आपूर्ति किये जा रहे पेयजल के संबंध में फीडबैक भी लिया गया।

कार्यपालन यंत्री श्री सुधीर मिश्रा जल प्रदाय ने बताया कि मंगलवार को आयोजित वार्ड स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कुल 21 नागरिकों द्वारा उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं सुझावों से संबंधित प्रकरण प्रस्तुत किये। वहीं जल नमूनों की जांच कराने हेतु पहुंचे 57 नागरिकों की शंकाओं एवं शिकायतों का निराकरण उनके समक्ष ही जांच कराकर किया गया तथा परीक्षण रिपोर्ट से संबंधित नागरिकों को अवगत कराया गया।

विदित हो कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर प्रयास किये जा रहे है। अभियान के अंतर्गत नगर निगम सीमा में पेयजल स्त्रोतों की नियमित साफ-सफाई के साथ रोजाना नागरिकों से घर-घर संपर्क कर पानी के नमूने लिए जाकर आम नागरिकों को पेयजल की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में स्थित पानी की टंकियों, ओवरहेड टैंक, ट्यूबवैलों आदि की विधिवत सफाई भी करवाई जा रही है।

# आधुनिकता के नाम पर आधार को खिसकाना ठीक नहीं

## सामाजिक व्यवस्थाओं पर मुनिश्री प्रमाणसागरजी ने दिया अहम संदेश

जबलपुर।

आधुनिकता के नाम पर यदि हम अपने आधार को ही खिसका देंगे तो हमारी धार्मिकता कहा रही? बच्चों की आड़ में अपने चरित्र बल को कमजोर न करें मुनि श्री ने कहा कि बच्चों के मन में मांसाहार के प्रति ग्लानि होना चाहिये मुनि श्री ने कहा कि आजकल वेज एवं ननावेज रिसोर्ट खुल गये है और उसकी किचिन अलग अलग है उसका जबाब देते हुये मुनि श्री ने कहा कि जबलपुर से ही 1997 में समूचे भारत में यह संदेश गया था कि दिन में शादी दिन में भोज, जैन समाज का यह जय घोष था और अधिकांश लोगों ने इसको फालो किया लेकिन धीरे धीरे यह अग्नि ठंडी पड़ गई समय समय पर यदि फूंक मारी गई होती तो उसमें आज भी अग्नि जल रही होती मुनि श्री ने कहा कि समाज को इस विषय पर गंभीरता पूर्वक बिचार करना चाहिये आधुनिकता के नाम पर यदि हम अपने आधार को ही खिसका देंगे तो हमारी धार्मिकता कहा रही? गृह प्रवेश जब दिन में करते हो तो रात्रि में वैवाहिक कार्यक्रम क्यों? मुनि श्री ने कहा कि यह कार्य जागरुकता के साथ



आना चाहिये। यह बात मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज जी ने धर्मप्रभावना समिति तथा दिगम्बर जैन पंचायत, दिगम्बर जैन युवासंघ, श्वेताम्बर जैन समाज द्वारा सामाजिक व्यवस्थाओं के संबंध में आयोजित बैठक में कही, जिसमें कई सामाजिक मुद्दे रखे गये। संचालन अमित जैन पड़रिया ने किया प्रातःप्रवचन सभा में मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने कहा हमारी साधना पद्धति में यंत्र मंत्र और तंत्र तीनों विद्याओं का गहरा संबंध है,तथा साधना के दो ही मार्ग है,एक है आराधना तथा दूसरा है ध्यान₹ प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं सुवोध कामरेड ने बताया मुनि श्री ने संस्कृत भाषा में निवद्ध श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के चतुर्थ दिवस 64 रिद्धि मंत्रों के साथ अर्घ्य अर्पित कराते हुये व्यक्त किये,उन्होंने ध्यान और आराधना में अंतर स्पष्ट करते हुये कहा कि ध्यान में खुद का आलंबन लिया जाता है,और यह एक खुद के साथ खुद की शुद्धिकरण की प्रक्रिया है जबकि ₹आराधना₹ में बाहर के ₹परमात्मा₹ का आलंबन लिया जाता है, तथा उस आलंबन के माध्यम से हम अपने भीतर के परमात्मा से जुडने का उपक्रम करते है,उन्होंने कहा कि ₹ध्यान₹ की गहन साधना में उतरने के लिये सबसे पहले ₹मन₹ और इन्द्रिय पर विजय प्राप्त करना बहूत जरुरी है,

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः6:30 बजे मंगलाष्टक के साथ भगवान का अभिषेक एवं मुनि श्री के मुखारविंद के साथ शांतिधारा से हुई तत्पश्चात नित्यनियम पूजन एवं विधान प्रारंभ किया गया तथा 64 रिद्धि मंत्रों के साथ मुनि श्री के मुखारविंद से अर्घ समर्पित कराये गये एवं विधान के पांचवें दिवस 128 अर्घ्य प्रभु की भक्ति में समर्पित कराये जाऐंगे। इस प्रकार प्रतिदिन दुगने क्रम से अर्घ समर्पित होंगे।प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्र. अशोक भैया,बाल ब्र.अभय भैया ने सभी मांगलिक क्रियायें संपन्न करायी।



## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में हुई दिव्यांग वार्षिकी खेलकूद प्रतियोगिताएँ

**जबलपुर।** क्रीड़ा विभाग, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए वार्षिकी खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 100 मीटर दौड़ और क्रिकेट में भाग लिया। मुख्य अतिथि डॉ. वेद नारायण प्रकाश ने कहा कि खेल दिव्यांगजनों के शारीरिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और सामाजिक समावेश के लिए महत्वपूर्ण हैं। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने कहा कि खेल के माध्यम से विद्यार्थी सामाजिक कौशल सीखते हैं और आत्मनिर्भर बनते हैं। संभागीय नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल ने टीम वर्क, सहयोग और सम्मान के महत्व पर बल दिया। प्रतियोगिता में क्रीड़ा अधिकारी डॉ. ज्योति जुनगरे का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ. मनीषा कोल, डॉ. दीपिका जैन, डॉ. शिवेन्द्र सिंह परिहार, सुखदेव चौरसिया, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत, सुरेश रजक, कु. अंकिता रजक, अर्नव शर्मा सहित अन्य शिक्षक और स्टाफ सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# राजयोग ध्यान से गौरवपूर्ण वृद्धावस्था का दिया संदेश, सैकड़ों ने किया अनुभव

**जबलपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, नेपियर टाउन भंवरताल गार्डन जबलपुर की मुख्य संचालिका बी.के. भावना बहन जी के निर्देशन में चौरई सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका बी.के. राजयोगिनी मंगला दीदी जी द्वारा विशाल राजयोग ध्यान सत्र एवं गौरवपूर्ण वृद्धावस्था व सम्मानित जीवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों बी.के. भाई-बहनों एवं वृद्धजनों ने सहभागिता की। बी.के. मंगला दीदी जी ने राजयोग का महत्व विस्तार से बताते हुए परमपिता परमात्मा शिव से योग लगाने की विधि समझाई तथा सभी को योग का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि राजयोग से जन्म-जन्मांतर के विकार नष्ट होते हैं और मनुष्य देवतुल्य जीवन



की ओर अग्रसर होता है। इस अवसर पर सभी वृद्धजनों ने परमात्मा से योग लगाकर मानसिक शांति का अनुभव किया। यह कार्यक्रम वृद्धजनों के मानसिक, शारीरिक, आध्यात्मिक, भावनात्मक एवं स्वास्थ्य विकास को ध्यान में रखकर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लखन कुमार वर्मा (विधानसभा प्रभारी), जी.एल. वर्मा (जिला महामंत्री, छिंदवाड़ा), महेंद्र वर्मा (सभापति, नगर पालिका चौरई), पप्पू सोनी (मंडल उपाध्यक्ष), फरजाना मंसूरी, संचित चौधरी (मंच संचालक) सहित सैकड़ों भाई-बहन उपस्थित रहे।

## इमलई में लगेगा उद्यम संस्कार शिविर

**जबलपुर।** ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में उद्यमिता का विकास करने तथा स्वरोजगार की योजना की मदद से स्वयं का उद्योग या व्यवसाय स्थापित करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से बुधवार 4 फरवरी को कुंडम विकासखण्ड के ग्राम इमलई में उद्यम संस्कार शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र के महाप्रबंधक विनीत रजक के अनुसार सुबह 11 बजे से आयोजित इस शिविर में स्वरोजगार योजनाओं से जुड़े अधिकारियों के साथ-साथ बैंक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे तथा युवाओं को स्वयं का उद्योग या व्यवसाय स्थापित करने के लिये ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया बताएंगे।

# नृत्य की बेजोड़ प्रस्तुति, रैंप वॉक ने बटोरी तालियां

## वार्षिक उत्सव 'आरोहण' में छात्र-छात्राओं की धमाकेदार परफॉर्मेंस से गूंजा सभागार

**हरिभूमि, जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय, महानद्दा में आयोजित वार्षिक महोत्सव "आरोहण" में छात्र-छात्राओं की बेजोड़ प्रस्तुतियों ने समूचे वातावरण को उल्लास से भर दिया। नृत्य, गीत एवं रैंप वॉक की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभागार तालियों की गूंज से गूंज उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर 'अन्नू सिंह', विशिष्ट अतिथि धरमशास्त्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. मनोज कुमार सिन्हा, कार्यक्रम अध्यक्ष सरदार एम. एस. चावला, प्राचार्य डॉ. आर. एस. चंडोक एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. शिवमणि मिश्रा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शबद कीर्तन, माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. आर. एस. चंडोक ने कहा कि यह महोत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभा, परिश्रम एवं सृजनशीलता का उत्सव है, जो उनके





सर्वांगीण विकास में सहायक है। मुख्य अतिथि श्री अन्नू सिंह ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वहीं डॉ. मनोज कुमार सिन्हा ने शिक्षा को मूल्य, विवेक एवं संवेदनशीलता से जोड़ने पर बल दिया। सरदार एम. एस. चावला ने मंचीय गतिविधियों से आत्मविश्वास बढ़ाने का संदेश दिया। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा प्रस्तुत शास्त्रीय, लोक एवं आधुनिक नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। रैंप वॉक के दौरान आत्मविश्वास से भरी अदाएं एवं रंग-बिरंगे परिधान विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अंत में कार्यक्रम संयोजक डॉ. शिवमणि मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।




## कला निकेतन महाविद्यालय में दस दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का हुआ शुभारंभ

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के योग विभाग के एम.ए. तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा कला निकेतन पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के फार्मेसी विभाग में विद्यार्थियों हेतु दस दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि योग शिक्षिका नीलम शर्मा रहीं, जिन्होंने योग के माध्यम से कैंसर पर विजय प्राप्त की है। विशिष्ट अतिथि के रूप में कला निकेतन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर. सी. पाण्डेय एवं फार्मेसी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा कोहली उपस्थित रहीं। इस अवसर पर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के योग विभाग के शिक्षक डॉ. राजेश कुमार पांडे, डॉ. राकेश गोस्वामी, डॉ. रीना मिश्रा, डॉ. वंदना यादव, डॉ. वर्षा अवस्थी सहित फार्मेसी विभाग के अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे। शिविर का संचालन अलंकृति श्रीवास्तव, मोहन देशपांडे, खुशबू साहू, राधा पटेल, रितु दुबे एवं राहुल सिंह राजपूत द्वारा किया जाएगा। शिविर का समापन 11 फरवरी 2026 को होगा। उद्घाटन अवसर पर मोहन देशपांडे ने गीत प्रस्तुति दी एवं कार्यक्रम का संचालन अलंकृति श्रीवास्तव ने किया।

## आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर-1 में कक्षा 12वीं का विदाई समारोह आयोजित




**जबलपुर।** मध्य भारत एरिया के अंतर्गत आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर-1, ग्रेनेडियर्स रेजीमेंटल सेंटर में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर पी.एस. राणा (कमांडेंट, ग्रेनेडियर्स रेजीमेंटल सेंटर एवं चेयरमेन एपीएस-1) रहे। स्वागत प्राचार्या श्रीमती नसीमा ए. ने किया। ब्रिगेडियर राणा ने विद्यार्थियों को विद्यालय जीवन के महत्व, साहस एवं राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न भेंट किए गए। मिस एपीएस-1: अलीना जॉन, मिस्टर एपीएस-1: आयुष सिंह, मिस चार्मिंग एपीएस-1: अनुष्का शर्मा एवं मिस्टर हैंडसम एपीएस-1: हितेश को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं ग्रेनेडियर्स रेजीमेंटल सेंटर का सहयोग रहा।

# सिद्ध श्री माँ दरबार में पं. अरुण शर्मा का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

**जबलपुर।** सिद्ध श्री माँ दरबार के अधिष्ठाता दैवज्ञ पूज्य पंडित अरुण शर्मा जी का शुभ जन्मोत्सव दो दिवसीय आयोजन के साथ पूर्ण हर्षोल्लास, उत्साह एवं उमंग से मनाया गया। कार्यक्रम में देश के अनेक प्रांतों से शिष्य एवं भक्तगण शामिल हुए। प्रथम दिवस प्रातःकाल समस्त देवताओं का आवाहन कर रुद्राभिषेक एवं संगीतमय अखंड रामायण मानस पाठ का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्रीराम एवं दादा हनुमान जी के सम्मुख किया गया। द्वितीय दिवस प्रातः हवन, मानस पाठ के विसर्जन एवं देवी-देवताओं की आरती सम्पन्न हुई। इस अवसर पर भक्तों ने पूज्य गुरुदेव के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। जन्मोत्सव के अवसर पर इंदौर, भोपाल,




दिल्ली, मुंबई, सागर, छिंदवाड़ा, कटनी, नरसिंहपुर एवं जबलपुर सहित अनेक जिलों से आए शिष्यों ने पूज्य गुरुदेव का तिलक, शाल, श्रीफल, वस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया। दिनभर पूजन-अर्चन, भजन एवं आत्मीय स्नेहाभिनंदन का क्रम चलता रहा। पूज्य पंडित अरुण शर्मा जी ने सभी भक्तों को आरोग्य, सुख, समृद्धि एवं मंगल जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया। आशीर्वचन के पश्चात भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। गुरु जन्मोत्सव महोत्सव में शिष्य मंडल, भक्तगण एवं पारिवारिक जनों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## जनेकृविवि और आईसीआईसीआई फाउंडेशन के बीच ऑटोमेटेड जैव उर्वरक इकाई हेतु एमओयू

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं आईसीआईसीआई फाउंडेशन के मध्य ऑटोमेटेड तरल जैव उर्वरक उत्पादन इकाई की स्थापना हेतु एमओयू संपन्न हुआ। यह एमओयू कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा, आईसीआईसीआई बैंक के जोनल हेड श्री सचिन उपाध्याय एवं आईसीआईसीआई फाउंडेशन के जोनल हेड प्रणव कुमार की उपस्थिति में किया गया। एमओयू के अंतर्गत मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायनशास्त्र विभाग द्वारा संचालित सूक्ष्मजीव अनुसंधान एवं उत्पादन केंद्र को तकनीकी रूप से उन्नत किया जाएगा। परियोजना को आईसीआईसीआई फाउंडेशन द्वारा सीएसआर निधि से स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके तहत प्रति वर्ष लगभग 7 लाख लीटर गुणवत्तायुक्त तरल जैव उर्वरक का उत्पादन किया जाएगा। इससे प्रदेश में मिलेट्स व दालों की खेती, मृदा स्वास्थ्य, संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती को



बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. जी.के. कौतु, डॉ. अभिषेक शुक्ला, डॉ. ए.के. जैन, श्रीमती संजू तिवारी, डॉ. बी.के. दीक्षित, सूरज गुजर, डॉ. वाय.एम. शर्मा, डॉ. बी.एस. द्विवेदी, डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ. आर.के. साहू, डॉ. एफ.सी. अमूले, प्रणव सैन्ड्रे, हिमांशु शर्मा एवं श्री देवाशीष कर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




## महर्षि विद्या मंदिर विजयनगर में हुआ कक्षा 12वीं का विदाई समारोह

**जबलपुर।** महर्षि विद्या मंदिर, विजयनगर में दिनांक 2 फरवरी 2026 को कक्षा बारहवीं अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु पूजन से हुई। इसके पश्चात कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। समारोह का मुख्य आकर्षण मिस्टर एवं मिस फेयरवेल प्रतियोगिता रही, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने व्यक्तित्व एवं प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री श्रीकांत सोनी जी ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। उन्होंने सभी छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनने और लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी।

## जनसुनवाई में 129 आवेदन प्राप्त हुये

**जबलपुर।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती नदीमा शीरी नागरिकों से उनकी समस्याएं सुनी तथा उनके आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।साप्ताहिक जनसुनवाई में नागरिकों से कुल 129 आवेदन प्राप्त हुये। इनमें दोबारा आये 31 आवेदन भी शामिल थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर आवेदन अतिक्रमण, अवैध कब्जा और अवैध निर्माण, धोखाधड़ी, पीएम आवास, रिकार्ड सुधार, आर्थिक सहायता, सीमांकन, प्रॉपर्टी आदि से संबंधित आवेदन थे।

## नगरीय विकास एवं आवास मंत्री का आगमन आज

**जबलपुर।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का बुधवार 4 फरवरी की शाम 6.30 बजे रीवा से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। श्री विजयवर्गीय यहाँ स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 7.50 बजे विमान द्वारा इंदौर प्रस्थान करेंगे।




## जय प्रकाश प्रखंड में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की 7वीं महाआरती

**जबलपुर।** श्री दक्षिण मुखी हनुमंत मंदिर (धनी कुटिया के पास) में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा मंदिर के नव निर्माण पर भव्य महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री राकेश तिवारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला मंत्री प्रशांत सौंधीया, जिला धर्म प्रसार प्रमुख शैलेंद्र बिसेन, जिला विश्वविद्यालय प्रमुख हर्ष द्विवेदी, जय प्रकाश प्रखंड मंत्री राज सिंह चंदेल, प्रखंड सह मंत्री कन्हैया बैरागी, खंड अध्यक्ष नीरज भारती एवं मनोज भारती, प्रखंड संयोजक गिरीश चंद्र विश्वकर्मा, प्रखंड सह संयोजक अभिषेक बर्मन, खंड संयोजक अंशुल झुर्रिया और सरस्वती खंड संयोजक कुंदन केवट उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/1356/अ-6/2025-26
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद ताहिर S/o मोहम्मद युसूफ नि.-मल्होत्रा कम्पाउन्ड यादगार चौक कंटोमेंट ने नजूल ब्लाक नं.-03 प्लाट नं.-17 रकवा 165.20 व.फु./हे. ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा 165.20 व.फु./हे. पर विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक-30/6/1994 मृत्यु दिनांक- को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-03 प्लाट नं.-17 रकवा-165.20 व.फु.हे. / ग्राम-सिविल स्टेशन प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा-165.20 व.फु./हे. पर के नाम दर्ज है।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 16/02/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 30/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-30/01/2026
पेशी दिनांक-16/02/2026
मुद्रा
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर


**CHANGE OF NAME**

I SHAMSHAD BANO W/O NAUSHAD MUHAMMED RANGREJ, address Ward NO 11 Hiran ward katangi Teh. Patan Dist. Jabalpur M.P., Pin code 483105, swear hereby to make the following statement. My Name is in my passport (N4058366) SAMSHAD BANO W/O MOHAMMAD NAUSHAD and my Name is adhaar (ADHAR NO.918462060270) and my all documents in Shamshad Bano W/O Naushad Muhammed Rangrej kindly accept my new Name as Shamshad Bano W/O Naushad muhammed Rangrej
Date-03.02.2026
Place-Jabalpur
DD 551746

**नाम सुधार सूचना**

मैं शाश्वत सिंह आत्मज श्री कमल सिंह चंदेल मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम अधूरा दर्ज है जबकि मेरे पिता का पूर्ण व सही नाम कमल सिंह चंदेल (KAMAL SINGH CHANDEL) है अतः मुझे मेरे नाम SHASHWAT SINGH S/o KAMAL SINGH CHANDEL के नाम से जाना व पहचाना जाये।

SHASHWAT SINGH
S/o KAMAL SINGH CHANDEL
निवासी- म.नं. 03, हर्षित नगर, यादव कालोनी जबलपुर (म.प्र.)
DD 349476



# किच्चा सुदीप के सिनेमा में 30 साल पूरे

**मुंबई।** कन्नड़ फिल्म उद्योग के सुपरस्टारों में से एक, निर्देशक और टीवी होस्ट किच्चा सुदीप ने अपने करियर के 30 साल पूरे कर लिए हैं, और अभिनेता के लिए ये किसी बड़े सपने के सच होने जैसा है। जब अभिनेता ने दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखा था, तब वे कई सपनों, शंकाओं और असीम आशाओं से भरे थे। आज वे सिनेमा पर राज कर रहे हैं। अपने करियर में 'ईगा (मक्खी)', 'विक्रांत रोना' और 'कब्जा' जैसी बहुभाषी हिट फिल्में देने वाले अभिनेता ने 30 साल का सफर पूरा कर लिया है और वे सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों और समर्थकों का आभार व्यक्त कर रहे हैं। किच्चा सुदीप ने सोशल मीडिया पर फैंस को धन्यवाद देते हुए और अपनी जर्नी को लेकर भावनाओं से भरा पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, इस अद्भुत, खूबसूरत फिल्म जगत में तीन दशकों के बाद यहां खड़े होकर मेरा दिल बस खुशी से भरा है। सपनों, शंकाओं और असीम आशाओं से भरे एक लड़के से लेकर आज जो कुछ भी यह मुकाम हासिल किया है, वह आपकी बदौलत मेरी कल्पना से कहीं अधिक बड़ा है।

लाइफ Style

# कृति
## फैशन डिजाइनर को किया थैंक्यू पोस्ट




बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने बीते महीने अपनी बहन और एक्ट्रेस नुपूर सेनन की शादी धूमधाम से सेलिब्रेट की थी। शादी के बाद अभिनेत्री लगातार अलग-अलग फंक्शन से जुड़ी फोटोज सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रही हैं। उन्होंने अपनी बहन की विदाई को लेकर भी एक भावुक पोस्ट किया था, लेकिन अब उन्होंने इंडस्ट्री के मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के लिए एक थैंक्यू पोस्ट किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

कृति सेनन और उनके पूरे परिवार ने नुपूर की शादी में जितनी भी इंडियन ड्रेसेज पहनी थीं, उन्हें मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया था। नुपूर की शादी का लहंगा और उनके माता-पिता समेत कृति की ड्रेस भी मनीष ने खास तौर पर डिजाइन किए थे। अब कृति ने इतनी खूबसूरत इंडियन ड्रेसेज और शादी को यादगार बनाने के लिए डिजाइनर का धन्यवाद किया है। उन्होंने परिवार के साथ फोटोज पोस्ट कर लिखा, "मेरे खास दोस्त मनीष मल्होत्रा के लिए खास पोस्ट। शादी के लिए मेरे पूरे परिवार को इतने खूबसूरत ढंग से सजाने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।" उन्होंने लिखा, "आपने सभी के लुक को इतने प्यार, स्नेह और आशीर्वाद से कस्टमाइज किया कि दुल्हन से लेकर मेरे माता-पिता तक, जो पहली बार मनीष मल्होत्रा की ड्रेस पहनकर बेहद खुश थे, सभी खुश और सहज महसूस कर रहे थे। सबके चेहरों पर दिख रही खुशी सब कुछ बयां कर रही है। हमारे खास दिन को और भी खूबसूरत बनाने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।" बहन नुपूर की शादी के दिन कृति ने ऑफ व्हाइट और गोल्डन कलर का लहंगा पहना था, जिस पर पैच वर्क से लेकर बारीक कढ़ाई की गई थी, जबकि अभिनेत्री की मां ने पिंक और गोल्डन कलर की हैवी एम्ब्रॉयडरी वाली साड़ी पहनी थी।

हॉलीवुड मसाला



# गहरे और मुश्किल किरदार निभाना कठिन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री केट विंसलेट का कहना है कि परदे पर गहरे और मुश्किल किरदार निभाने के बाद उन्हें अपनी असली जिंदगी में लौटने में काफी मुश्किल होती है। ऑस्कर पुरस्कार जीत चुकी केट विंसलेट ने कहा कि एक कलाकार के तौर वह कुछ अनुभवों के बारे में बहुत कम बात करती हैं, क्योंकि यह बात उन्हें खुद भी कुछ ज्यादा निजी लगती है। उन्होंने बताया कि जब कोई अभिनेता बहुत कठिन किरदार निभाता है, तो उससे बाहर निकलना आसान नहीं होता। उन्होंने अपनी वेब सीरीज 'मेयर ऑफ ईस्टटाउन' का जिक्र करते हुए कहा कि इस भूमिका ने उन्हें अंदर तक थका दिया था। केट ने बताया ऐसे किरदार निभाने के बाद उन्हें जिंदगी में फिर से "री-एंट्री" करनी पड़ती है।



# कॉस्टनर ने की नए अंदाज में वापसी

केविन माइकल कॉस्टनर हॉलीवुड के उन अभिनेताओं में गिने जाते हैं, जिन्होंने स्टारडम को शोर-शराबे के बजाय काम की गंभीरता से हासिल किया। 2000 के दशक में उनका फिल्मी करियर कुछ समय के लिए धीमा पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी सिनेमा से दूरी नहीं बनाई। 2010 के बाद उन्होंने नए अंदाज में वापसी की। टीवी सीरीज 'येलोस्टोन' में जॉन डटन की भूमिका ने उन्हें नई पीढ़ी के दर्शकों से जोड़ा और साबित किया कि उम्र अभिनय की गहराई को और मजबूत बनाती है। केविन कॉस्टनर को हॉलीवुड में एक ऐसे कलाकार के रूप में देखा जाता है जो विवादों से दूर रहकर अपने काम पर ध्यान देता है। वे अमेरिकी इतिहास, पश्चिमी संस्कृति और मानवीय मूल्यों से जुड़ी कहानियों को पर्दे पर लाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी फिल्में अक्सर सत्ता, नैतिकता और व्यक्ति की जिम्मेदारी जैसे विषयों को छूती हैं। इस तरह केविन कॉस्टनर केवल एक सफल अभिनेता नहीं, बल्कि हॉलीवुड के उस दौर के प्रतिनिधि हैं, जहां स्टारडम से अधिक महत्व कहानी, किरदार और विश्वसनीय अभिनय को दिया जाता था।



# निर्माता की कुर्सी पर वापस आई सौंदर्या

**मुंबई।** तमिल सिनेमा की जानी-मानी हस्ती और अनुभवी फिल्म निर्माता सौंदर्या रजनीकांत एक बार फिर सुर्खियों में हैं। लंबे समय बाद वह फिल्म निर्माण की दुनिया में वापसी कर रही हैं। इस बीच उन्होंने एक इवेंट में बीते सालों की यादें, संघर्ष और नई शुरुआत की झलक साझा की। दरअसल, सौंदर्या रजनीकांत निर्देशक मदन की फिल्म 'विद लव' के प्री-रिलीज इवेंट में शामिल हुईं। वह इस फिल्म की निर्माता हैं। उन्होंने कहा, 'यह पल मेरे लिए सिर्फ एक फिल्मी इवेंट नहीं, बल्कि जीवन का भावुक क्षण है। मैंने निर्देशक वेंकट प्रभु को इस कार्यक्रम में आने के लिए फोन किया था। बातचीत के दौरान वेंकट प्रभु ने मुझे याद दिलाया कि उनकी पिछली फिल्म 'गोवा' को रिलीज हुए पूरे सोलह साल हो चुके हैं।' सौंदर्या ने बताया, 'गोवा' ही वह फिल्म थी, जिसके साथ मैंने निर्माता के रूप में अपनी पहचान बनाई थी।



# ओ रोमियो का गाना 'इश्क का फीवर' रिलीज

**मुंबई।** साजिद नाडियाडवाला और विशाल भारद्वाज की फिल्म 'ओ रोमियो' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इस कड़ी में मेकर्स ने नया गाना 'इश्क का फीवर' रिलीज कर दिया है। इस गाने को अरिजीत सिंह ने गाया है। कुछ दिनों पहले ही अरिजीत ने घोषणा की थी कि अब वह प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास ले रहे हैं। इस फैसले के बीच अरिजीत का नया गाना उनके चाहने वालों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। गाने में म्यूजिक कंपोज विशाल भारद्वाज ने किया है। वहीं, इसके बोल गुलजार ने लिखे हैं। गाने की शुरुआत में फरीदा जलाल की एक दमदार लाइन सुनाई देती है, जो धीरे-धीरे एक मधुर और रोमांटिक धुन में बदल जाती है। इसके बाद शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की केमिस्ट्री गाने के इमोशन्स को और गहरा बना देती है। यह गाना धीरे-धीरे दिल में उतरता है।

# आम्रपाली ने किया मजेदार वीडियो शेयर

**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और पोस्ट के जरिए अपने फैंस के दिलों में खास मौजूदगी रखती हैं। उन्होंने एक मजेदार वीडियो शेयर किया। दरअसल, इन दिनों सोशल मीडिया पर पंजाबी सॉन्ग 'कित्थे रह गया' काफी ट्रेंड कर रहा है। कई सेलेब्स और सोशल मीडिया यूजर्स, सेलेब्रिटी वीडियो बनाकर ट्रेंड का हिस्सा बन रहे हैं। ट्रेंड को फॉलो करते हुए अभिनेत्री आम्रपाली दुबे ने भी शानदार वीडियो बनाया है। वे गाने के बोल पर शानदार एक्सप्रेशन दे रही हैं और कैमरे के सामने गाने की लय के साथ चेहरे के भाव बदल-बदलकर लुत्फ उठा रही हैं।

अभिनेत्री का ये अंदाज काफी आकर्षक लग रहा है और उन्होंने वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर कर स्माइली इमोजी से प्रतिक्रिया दी। फैंस को ये गाने काफी पसंद आ रहे हैं। गाने में आम्रपाली का अंदाज इतना नेचुरल लग रहा है कि वे इसे काफी एंजॉय कर रहे हैं। गाना 'कित्थे रह गया' की बात करें तो इसे नीति मोहन ने अपनी मधुर आवाज में गाया, जबकि इसके लिरिक्स कुमार ने लिखे और संगीत अभिजीत वाघानी ने तैयार किया था।



# अभिनेत्री से साथ-साथ सफल उद्यमी पारुल

**मुंबई।** बॉलीवुड और ओटीटी की दुनिया में लगातार अपनी अलग पहचान बना रहीं अभिनेत्री पारुल गुलाटी इन दिनों अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। अभिनय के साथ-साथ एक सफल उद्यमी के तौर पर भी अपनी पहचान रखने वाली पारुल अब थ्रिलर फिल्म 'तू या मैं' में नजर आएंगी। उन्होंने हाल ही में इस फिल्म और अपने किरदार को लेकर खुलकर बात की है और इसे अपने करियर का एक बेहद खास मौका बताया। फिल्म 'तू या मैं' में पारुल गुलाटी के साथ आदर्श गौरव और शनाया कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं, जिनकी फिल्मों की पहचान भावनाओं, रिश्तों और गहराई से जुड़ी कहानियों के लिए रही है। इस फिल्म में पारुल लायरा नाम का किरदार निभा रही हैं, जो शनाया कपूर के किरदार की करीबी दोस्त और मैनेजर है। फिल्म का हिस्सा बनने पर पारुल ने कहा, 'आनंद एल राय का सिनेमा मुझे हमेशा से आकर्षित करता रहा है। फिल्म की कहानी नाटकीय होने के साथ-साथ भावनात्मक रूप से शानदार है और दर्शकों को भीतर तक छू जाएगी।' पारुल ने अपने किरदार को लेकर बताया, 'मेरा किरदार लायरा सिर्फ एक दोस्त नहीं है बल्कि एक ऐसा इंसान है जो हर मुश्किल में साथ खड़ी रहती है, सही सवाल पूछती है, जरूरत पड़ने पर टोकती भी है और बिना शर्त समर्थन करती है।



# तेलुगु फिल्मों में डेब्यू करने के लिए तैयार राशा



**मुंबई।** बॉलीवुड में फिल्म 'आजाद' से डेब्यू कर चुकी अभिनेत्री राशा थडानी अब तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। वह फिल्म 'श्रीनिवास मंगापुरम' में नजर आने वाली हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म का मोशन पोस्टर सामने आ चुका है। सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए राशा थडानी ने खुशी जाहिर की है। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लिखी है।

इंस्टाग्राम पर राशा थडानी ने जो पोस्टर शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने हल्की बैंगनी रंग की ड्रेस पहनी है। उन्होंने अपने बाल खोले हैं। इसके बैकग्राउंड में गुड़हल के फूल लगे हैं। मोशन पोस्टर शेयर करते हुए राशा थडानी ने लिखा है 'श्रीनिवास मंगापुरम की मंगा से मिलिए। आभार और उम्मीद से भरे दिल के साथ, मैं तेलुगु सिनेमा में अपना पहला कदम रख रही हूं। यह एक ऐसी दुनिया है, जहां जमीन से जुड़ी कहानियां होती हैं। इस सफर ने मुझे अपने ऊपर यकीन करना और सब्र करना सिखाया है। उन लोगों का शुक्रिया जिन्होंने मुझ पर शुरुआत में भरोसा किया।'

फिल्म 'श्रीनिवास मंगापुरम' के निर्देशक अजय भूपति हैं। राशा थडानी इस फिल्म में मंगा का किरदार निभाएंगी। यह फिल्म कब रिलीज होगी इसके बारे में जानकारी नहीं है। अजय भूपति ने पहले 'आरएक्स 100', 'महा समुद्रम' और 'मंगलावरम' जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। बता दें कि राशा थडानी ने फिल्म 'आजाद' से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसमें अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन ने भी अभिनय किया था। फिल्म का निर्देशन अभिषेक कपूर ने किया था। 17 जनवरी 2025 को रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर पाई थी। राशा जल्द ही फिल्म 'लइकी लइका' में नजर आने वाली हैं।

टीवी मसाला

# हिना खान ने शेयर की तुर्किए यात्रा की झलक, लिखा- छोटे पलों में है खुशी

**मुंबई।** हिना खान का मानना है कि खुशियां सबसे छोटे और साधारण पलों में छिपी होती हैं। अभिनेत्री ने अपनी इस्तांबुल यात्रा की एक शांत और



खूबसूरत झलक साझा की, जिसमें वह नाश्ते के दौरान पक्षियों को खाना देती दिखीं। उनके पीछे खूबसूरत हागिया सोफिया और ब्लू मस्जिद का नजारा भी दिखाई दे रहा था। हिना खान ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों की शेयर किया है, जिसमें शांत सुबह का नजारा दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि पक्षियों को खासकर चीज बहुत पसंद थी। ऐतिहासिक शहर की खूबसूरती का आनंद लेते हुए हिना इस पल की सादगी और शांति में खुश नजर आईं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, "खुशी है- हागिया सोफिया और ब्लू मस्जिद के खूबसूरत नजारे के साथ पक्षियों को खाना खिलाना। उन्हें चीज बहुत पसंद है।" हिना ने अपने पति रॉकी जैसवाल, मां और परिवार के साथ तुर्की की यात्रा की एक झलक साझा की थी।

## बिली ईलिश को 'वाइल्डफ्लावर' के लिए 'सॉन्ग ऑफ द ईयर'

# दलाई लामा ने 'मेडिटेशन्स' के लिए जीता पहला ग्रैमी

एजेंसी ⏭ लॉस एंजिल्स

संगीत जगत के ऑस्कर के रूप में लोकप्रिय 68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स के विजेताओं की लिस्ट सामने आ चुकी है। इवेंट का आयोजन लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो कॉम एरिना में हुआ। यहां संगीत जगत के सितारे अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित हुए हो रहे हैं। इस बार की सबसे चर्चित जीत तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा की रही। दलाई लामा का यह पहला ग्रैमी है, उन्होंने अपनी ऑडियो बुक 'मेडिटेशन्सः द रिफ्लेक्शंस ऑफ हिज होलीनेस द दलाई लामा' के लिए बेस्ट ऑडियो बुक, नैरेशन एंड स्टोरीटेलिंग रिकॉर्डिंग का अवॉर्ड जीता। इस कैटेगरी में केतनजी ब्राउन जैक्सन, ग्रैमी होस्ट ट्रेवर नूह और अन्य नामी हस्तियों को नोमिनेशन मिला था।



### लैमर को रिकॉर्ड ऑफ द ईयर केंड्रिक

*68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स में कई बड़े नामों ने जीत हासिल की। एल्बम ऑफ द ईयर का अवॉर्ड बैड बनी को उनके स्पैनिश-लैंग्वेज एल्बम डेबी तिरार मास फोटोस के लिए मिला। रिकॉर्ड ऑफ द ईयर केंड्रिक लैमर और एसजेडए के गाने लूथर को मिला। सॉन्ग ऑफ द ईयर लेडी गागा के अब्राकाडाब्रा को दिया गया, जो उनकी क्रिएटिविटी और परफॉर्मेंस को दर्शाता है।*

### बेस्ट न्यू आर्टिस्ट का सम्मान ओलिविया डीन ने जीता

वहीं, बेस्ट न्यू आर्टिस्ट का सम्मान ब्रिटिश सिंगर ओलिविया डीन ने जीता। बेस्ट पॉप वोकल एल्बम भी लेडी गागा के मेहेम को मिला, जो उनकी पॉप स्टाइल की मजबूती दिखाता है। 68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स में लेडी गागा, निर्माता सर्कट और जैक एंटोनॉफ ने सबसे ज्यादा सात-सात नामांकन हासिल कर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। तीनों अलग-अलग संगीत शैलियों में काम करते हैं। इनके ठीक पीछे बैड बनी, लियोन थॉमस और सबरीना कारपेंटर हैं, जिन्हें छह-छह नामांकन मिले हैं। इसके अलावा, म्यूजिक फॉर जॉन विलियम्स को बेस्ट म्यूजिक फिल्म का अवॉर्ड मिला, जिससे निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग ने अपना पहला ग्रैमी जीत लिया।

### के-पॉप एक्ट ने पहली बार जीता ग्रैमी

सॉन्ग ऑफ द ईयर का अवॉर्ड बिली ईलिश को उनके गाने 'वाइल्डफ्लावर' के लिए मिला। यह उनके भाई फिनियास के साथ सह-लेखन और प्रोडक्शन पर आधारित है। वहीं, के-पॉप ग्रुप से जुड़े के-पॉप डेमन हंटर्स के गाने 'गोल्डन' ने बेस्ट सॉन्ग रिटन फॉर विजुअल मीडिया का अवॉर्ड जीता। यह पहली बार है जब किसी के-पॉप एक्ट ने ग्रैमी जीता है।

# अजेय टीम इंडिया की अफगानिस्तान से टक्कर, फाइनल पर टिकीं निगाहें

## आईसीसी अंडर-19 विश्व कप सेमीफाइनलः आज दोपहर 1 बजे से भारत और अफगानिस्तान में भिड़ंत

एजेंसी ▸▸ हरारे

अब तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम बुधवार को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। इस प्रतियोगिता के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम है। उसने पांच बार (2000, 2008, 2012, 2018, 2022) खिताब जीते हैं। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का नंबर आता है, जिसने चार बार ट्रॉफी जीती है। इस तरह से भारत रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीतने की दिशा में बुधवार को एक कदम और आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा।

### भारत का अब तक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन

भारत ने अब तक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अपने सभी पांच मैच आसानी से जीते हैं, जिसमें सुपर सिक्स चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 58 रन की जीत भी शामिल है। भारतीय टीम हालांकि अफगानिस्तान को कम करके आंकने की गलती नहीं करेगी। अफगानिस्तान का भी टूर्नामेंट में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। उसने अपने पांच मैचों में से चार जीते हैं। उसे एकमात्र हार श्रीलंका से मिली थी। लेकिन खिलाड़ियों की फॉर्म और खेल के हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी नजर आता है।



### टीमें इस प्रकार

- भारत अंडर-19: आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उधव मोहन, किशन सिंह।
- अफगानिस्तान अंडर-19: महबूब खान (कप्तान), अजीजुल्लाह मियाखिल, फैसल शिनोजादा, खालिद अहमदजई, उस्मान सादात, उजैरुल्लाह नियाजई, अब्दुल अजीज, अकील खान, खातिर स्टानिकजई, नाजीफुल्लाह अमीरी, नूरिस्तानी उमरजई, रूहुल्लाह अरब, सलाम खान, वहीदुल्लाह जादरान, जैतुल्लाह शाहीन।

### अच्छी फॉर्म में वैभव

विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अब तक पांच मैचों में दो अर्धशतकों की मदद से 199 रन बनाए हैं। बड़े-बड़े शॉट खेलने में माहिर सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (पांच मैचों में दो अर्धशतकों सहित 196 रन) भी अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन टीम प्रबंधन चाहेगा कि वह अपने अर्धशतकों को शतकों में तब्दील करें। ऑलराउंडर विहान मल्होत्रा (पांच मैचों में 172 रन) एक और भारतीय बल्लेबाज हैं, जिन पर सभी की नजर रहेगी। उन्होंने ग्रुप चरण में जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक (109 नाबाद) लगाया था। कप्तान आयुष म्हात्रे ने गेंदबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पांच मैचों में अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से छह विकेट लिए हैं, लेकिन उनकी बल्लेबाजी में सुधार की गुंजाइश है।

## खबर संक्षेप



### अपने पहले टी20 विश्व कप में छाप छोड़ने के लिए तैयार इटली

**बेंगलुरु।** वेन मैडसन की अगुवाई वाली इटली की टीम आगामी टी20 विश्व कप में छाप छोड़ने के लिए तैयार है और यह सिर्फ बयानबाजी तक सीमित नहीं है। पिछले महीने आयरलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में चार विकेट से मिली जीत टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ इटली की पहली जीत थी। इस ऐतिहासिक जीत के सूत्रधारों में से एक सहायक कोच केविन ओब्रायन थे, जो आयरलैंड के मशहूर पूर्व ऑलराउंडर हैं। इटली ने ओब्रायन के अलावा कनाडा के पूर्व बल्लेबाज जॉन डेविसन को मुख्य कोच के रूप में अपने सहयोगी स्टाफ में शामिल किया है।

### हमारा ध्यान विश्व कप जीतने पर : मार्श



**लाहौर।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श को पाकिस्तान के भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार करने और बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के बारे में सवालों का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने इन दोनों मसलों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि उनका पूरा ध्यान इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने पर है। मार्श से जब 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले मैच का पाकिस्तान द्वारा बहिष्कार करने के संबंध में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'इस समय में इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। हम विश्व कप में सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करना जा रहे हैं। बाकी चीजें अपने आप सुलझ जाएंगी।' ऑस्ट्रेलिया विश्व कप के शुरुआती चरण के दौरान श्रीलंका में रहेगा।

### भारत को विश्व कप में हराना मुश्किल : क्लिंगर



**वडोदरा।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और अब कोच माइकल क्लिंगर ने कहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया श्रृंखला में भारत के प्रदर्शन से पता चलता है कि 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में आखिर क्यों गत चैंपियन को हराना बहुत मुश्किल होगा। डब्ल्यूपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात जाइंट्स के मुख्य कोच क्लिंगर के अनुसार भारत का आक्रामक शीर्ष क्रम उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे मजबूत टीम बनाता है। क्लिंगर ने कहा, 'जिस फॉर्म में वे हैं और मैंने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ, जो देखा उससे भारत को हराना बहुत मुश्किल होगा। उन्हें हराने के लिए किसी टीम को शायद फाइनल में उनके खराब दिन का फायदा उठाना होगा।' क्लिंगर ने कहा कि अभिषेक शर्मा का उभरना शीर्ष क्रम में भारत के आक्रामक रवैये की खास बात रही है।

## विदेशी टीमों में भारतीय मूल के 3 दर्जन से अधिक क्रिकेटर

# जसप्रीत से लेकर दिलप्रीत तक, टी20 विश्वकप में विदेशी टीमों के लिए खेलेंगे भारतीय मूल के प्लेयर्स

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टी20 विश्व कप में कई टीमों में भारतीय मूल के क्रिकेटरों की भरमार है, जो 7 फरवरी से होने वाले टूर्नामेंट में अपनी 'घरेलू धरती' पर प्रभाव छोड़ने के लिए पुरजोर कोशिश करेंगे। विदेशी टीमों में भारतीय मूल के तीन दर्जन से भी अधिक क्रिकेटर हैं, जिनमें कनाडा और अमेरिका सबसे आगे हैं। मुंबई में जन्मे अमेरिकी तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर जैसे खिलाड़ी के लिए, वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ खेलना एक यादगार पल होगा। जिस देश में उन्होंने जन्म लिया वह उसकी तरफ से तो नहीं खेल पाए लेकिन अपने बचपन की इस धरती पर वापसी के लिए भावुक हैं। फगवाड़ा में जन्मे इटली के तेज गेंदबाज जसप्रीत सिंह भी उस देश में शीर्ष स्तर की क्रिकेट खेलने के लिए बेताब हैं, जिसे उन्होंने किशोरावस्था में ही छोड़ दिया था। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त का जन्म भारत में नहीं हुआ, लेकिन वह भी अपने मूल देश में खेलने को लेकर उत्साहित है।

### कनाडा टीम में भारतीय मूल के सबसे अधिक खिलाड़ी

आईसीसी की इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 20 टीमों में कनाडा (11) की टीम में भारतीय मूल के खिलाड़ियों की संख्या सबसे अधिक है। उसके बाद अमेरिका (09), ओमान (07) और यूएई (07) का नंबर आता है। मेजबान भारत अपनी घरेलू धरती पर खिताब का बचाव करने की कोशिश करेगा लेकिन कई अन्य टीमों में भी 'भारतीय दबदबा' देखने को मिलेगा।





### कनाडा के कप्तान दिलप्रीत बाजवा

गुरदासपुर में जन्में बाजवा 2020 में ही कनाडा गए थे और छह साल बाद वह कनाडा की टीम के कप्तान के रूप में भारत आए हैं। पंजाब में आयु वर्ग की क्रिकेट में ढेरों रन बनाने के बावजूद बाजवा को वह अवसर नहीं मिले जिनकी उन्हें उम्मीद थी। उन्होंने हालांकि निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और कम प्रतिस्पर्धी माहौल में अपनी क्रिकेट यात्रा जारी रखी। कनाडा ग्लोबल टी20 लीग में मिली सफलता से उन्होंने कनाडा की टीम में जगह बनाई और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### नीदरलैंड टीम में आर्यन दत्त

आर्यन दत्त को 2023 में वनडे विश्व कप के दौरान भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलने का अनुभव है। नीदरलैंड की टीम में भारतीय मूल के एकमात्र क्रिकेटर 22 वर्षीय आर्यन दत्त का लक्ष्य प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करके शीर्ष टीमों को हैरान करना है। दत्त का परिवार 1980 के दशक में पंजाब से नीदरलैंड चला गया था। भारत में अब भी उनके परिवार के कुछ सदस्य रहते हैं।

### भारतीय मूल के क्रिकेटर जो छोड़ सकते हैं प्रभाव

अमेरिका के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर भारत के लिए अंडर-19 क्रिकेट खेल चुके अमेरिका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नेत्रवलकर विश्व कप के पहले मैच में भारत का सामना करने के लिए मुंबई पहुंच चुके हैं। उन्होंने पिछले विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया था। सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम करने वाले इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछली बार बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, जिससे अमेरिका की टीम ने पाकिस्तान जैसी टीमों को हराकर सुपर आठ के लिए क्वालीफाई किया था। नेत्रवलकर भारत की अधिक चुनौतीपूर्ण पिचों पर खेलने के लिए बेताब हैं।

### अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल

मोनांक पटेलः भारत के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में अमेरिका की कप्तानी आनंद में जन्मे मोनांक पटेल करेंगे, जिन्होंने पिछले विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच विजेता अर्धशतक लगाकर अपनी छाप छोड़ी थी। यह 32 वर्षीय सलामी बल्लेबाज गुजरात अंडर-19 टीम के अपने पूर्व साथी जसप्रीत बुमराह का सामना करने के लिए उत्सुक है। वह मैदान के बाहर अपने बचपन के दिनों को याद कर रहे हैं। बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक बन गए हैं और मोनांक को किशोरावस्था में ही इसका पता चल गया था।

### फगवाड़ा में जन्मे जसप्रीत सिंह

फगवाड़ा में जन्मे जसप्रीत सिंह पर भी लोगों की निगाहें टकी रहेंगी। यह 32 वर्षीय खिलाड़ी 2006 में अपने परिवार के साथ इटली के मिलान चला गया था। उन्होंने इटली में टेप-बॉल क्रिकेट से अपने करियर की शुरुआत की और 2016-17 में लाल गेंद की क्रिकेट में कदम रखा और फिर 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। आईसीसी प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलना उस तेज गेंदबाज के लिए सपने जैसा है, जो कुछ समय पहले तक आजीविका के लिए उबर ड्राइवर के रूप में काम करता था।

## डब्ल्यूटीए रैंकिंग


# शीर्ष पर सबालेंका, तीसरे स्थान पर पहुंचे जोकोविच



एजेंसी ▸▸ मेलबर्न

कार्लोस अल्काराज से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में हारने वाले 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अल्काराज ने दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखी है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में सिनर को हराने वाले जोकोविच एक पायदान ऊपर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। 38 वर्षीय जोकोविच अगस्त 2024 के बाद पहली बार शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं। डब्ल्यूटीए टूर पर एरीना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलिना रयबाकिना से हारने के बावजूद अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है। रयबाकिना रैंकिंग में दो स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर हैं। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान पर तीन अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा, कोको गॉफ और जेसिका पेगुला हैं। सेमीफाइनल में हारने वाली एलिना स्वितोलिना दो पायदान चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# अल हिलाल से जुड़े फ्रांस के दिग्गज बेंजेमा, रोनाल्डो के खिताब पर ग्रहण




एजेंसी ▸▸ रियाद

फ्रांस के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी करीम बेंजेमा सऊदी अरब के क्लब अल इत्तिहाद को छोड़कर दूसरे क्लब अल हिलाल से जुड़ गए हैं, जो क्रिस्टियानो रोनाल्डो की खिताब जीतने की उम्मीदों के लिए बुरी खबर हो सकती है। पूर्व बैलोन डीओर विजेता बेंजेमा सऊदी प्रो लीग के अग्रणी क्लब अल हिलाल में शामिल हो गए हैं, जो रोनाल्डो के क्लब अल नासर से लीग तालिका में एक अंक आगे है। रोनाल्डो को 2022 में सऊदी अरब के क्लब से जुड़ने के बाद से अब भी अपने पहले लीग खिताब का इंतजार है। अल हिलाल उनके क्लब का मुख्य प्रतिद्वंद्वी है, जिसने पांच बार के चैंपियंस लीग विजेता बेंजेमा को टीम में शामिल करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

रियाल मैड्रिड के पूर्व स्ट्राइकर बेंजेमा ने पिछले साल अल इत्तिहाद को लीग के खिताब के साथ-साथ किंग्स कप का चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। अल हिलाल सऊदी अरब की सबसे सफल टीम है, जिसने 21 लीग खिताब और चार एशियाई चैंपियनशिप जीती हैं। पिछले साल अल हिलाल ने क्लब विश्व कप में मैनचेस्टर सिटी को 4-3 से हराकर सभी को चौंका दिया था।

# वर्ल्ड कप मिस करने पर कमिंस ने कहा, 'मेरे पास समय ही नहीं बचा था

एजेंसी ▸▸ मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने कहा कि चोटिल होने के कारण टी20 विश्व कप से बाहर होने का उनका फैसला आगामी टेस्ट सत्र के लिए पूरी तरह से फिट होने की इच्छा से भी प्रेरित था, जिसमें वह सभी मैच खेलना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट और वनडे के कप्तान कमिंस पीठ की चोट से पूरी तरह नहीं उबर पाने के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए। उनकी जगह बेन ड्वार्शियस को टीम में शामिल किया गया है। टी20 विश्व कप सात फरवरी से शुरू होगा। कमिंस ने कहा, 'यह वाकई दुर्भाग्यपूर्ण था। मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं, बस एक मामूली सी परेशानी हुई और उससे उबरने के लिए समय कम पड़ गया। मैं कुछ हफ्तों तक आराम करूंगा और फिर आगे की योजना बनाऊंगा।' उन्होंने कहा, ''एडिलेड टेस्ट मैच के बाद हमें पता था कि चोट को पूरी तरह से ठीक होने में चार से आठ सप्ताह का समय लगेगा। शुरू में हमें लगा था कि इसमें चार सप्ताह ही लगेंगे, क्योंकि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था, लेकिन अभी-अभी एक स्कैन करवाया है और चिकित्सकों का मानना है कि इसे पूरी तरह ठीक होने में कुछ सप्ताह और लगेंगे। इसलिए समय की थोड़ी कमी पड़ गई।'



### ऑस्ट्रेलिया में अगस्त से शुरू होगा व्यस्त कार्यक्रम

ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट मैचों का व्यस्त कार्यक्रम अगस्त से शुरू होगा, जब वह डार्विन और मैकाय में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेलेगा। इसके बाद वह सितंबर में टेस्ट और वनडे के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। ऑस्ट्रेलिया इसके बाद न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा और फिर पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करेगा।

# नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में खेलेंगे गुकेश, स्टार खिलाड़ी करेंगे शिरकत

एजेंसी ▸▸ ओस्लो

मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश मई में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे, जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन सहित कई स्टार खिलाड़ी शिरकत करेंगे। गुकेश ने 25 मई से 5 जून तक होने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। यह दुनिया के सबसे कड़े शतरंज टूर्नामेंट में से एक होगा। यह प्रतियोगिता अपने पारंपरिक स्थल स्टेवेंगर से ओस्लो में स्थानांतरित होने वाली है। पिछले साल ओपन वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे भारतीय स्टार गुकेश खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन के रूप में ओस्लो आएंगे।



### मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करूंगा

*गुकेश ने कहा, 'मैं नॉर्वे शतरंज में फिर से हिस्सा लेकर बहुत खुश हूं। हमेशा की तरह बहुत मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करूंगा और सभी रोमांचक बाजियों का इंतजार कर रहा हूं।' गुकेश ने 2024 में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और फिर तत्कालीन विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर सिर्फ 18 साल की उम्र में विश्व खिताब हासिल किया। गुकेश ने अपनी प्रगति के दौरान कई उपलब्धियां हासिल की, जिसमें 2750 रेटिंग अंक पार करने वाला अब तक का सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनना और 12 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल करना शामिल है। वह शतरंज के इतिहास में तीसरे सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर हैं। नॉर्वे शतरंज में 2025 में गुकेश ने कार्लसन पर अपनी पहली क्लासिकल जीत भी हासिल की थी।*

## भारतीय निशानेबाजी के लिए बड़ी उपलब्धि

# भारत में होगी एशियाई ओलंपिक क्वालीफाइंग चैंपियनशिप

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत अगले साल दिल्ली में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल) की मेजबानी करेगा, जिसमें 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे। यह भारतीय निशानेबाजी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी क्योंकि वह पहले ही एक अन्य ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी हासिल कर चुका है।

एशियाई प्रतियोगिता में ओलंपिक के लिए आठ स्थान अगले वर्ष 21 से 30 अप्रैल तक दिल्ली में होने वाले विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में उपलब्ध 12 कोटा स्थानों के अतिरिक्त होंगे। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को लिखे पत्र में इसकी पुष्टि की।

### दिल्ली में होगा प्रतियोगिता का आयोजन

एनआरएआई ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में होगा और इसकी तिथियों को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ (एएससी) ने पत्र में कहा, 'हम भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी हासिल करने पर बधाई देते हैं, जहां लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान वितरित किए जाएंगे।' पत्र में कहा गया है, ''हमें पूरा विश्वास है कि आपके (एनआरएआई) नेतृत्व में चैंपियनशिप का आयोजन उच्चतम मानकों के अनुरूप होगा और यह एक सफल प्रतियोगिता साबित होगी।'' देव को उम्मीद है कि इन प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय निशानेबाज ओलंपिक में अपना स्थान सुरक्षित कर सकते हैं।



पश्चिम मध्य रेल
सामग्री प्रबंधन विभाग
भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना संख्या/ईपीएस/118/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक,पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर ई निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्रमांक | टेंडर नं. | संक्षिप्त विवरण | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 30251205A | स्क्रू कपलिंग असेंबली (एनहांस्ड) | 850 नंबर | 24.02.2026 |
| 2 | 20265001 | सप्लाई, इंस्टालेशन ऑफ क्लाउड बेस्ड टेम्परेचर सेंसर मॉनिटरिंग ऑफ 3 फेज लोकोमोटिव्स | 94 सेट्स (47 सेट्स सप्लाई एंड 47 सेट्स AMC आफ्टर कम्पलीशन ऑफ वारंटी) | 02.03.2026 |
| 3 | 30251545 | YAW डैम्पर फॉर आल टाइप ऑफ LHB कोचेस | 1412 नंबर | 10.03.2026 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।
(हस्ता.)
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर




### सुप्रीम कोर्ट ने समझौते को अभिलेख पर लेकर मानहानि प्रकरण निरस्त किया

# पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह व राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा के बीच कानूनी लड़ाई खत्म

हरिभूमि जबलपुर।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा के बीच लंबे समय से चल रहा कानूनी विवाद समाप्त हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने के सुझाव के बाद, दोनों नेताओं ने लंबी कानूनी लड़ाई के बजाय बातचीत का रास्ता चुना। संसद में मुलाकात और बातचीत के बाद, विवेक तन्खा ने चुनाव के दौरान दिए गए बयानों के संबंध में दायर किए गए सिविल और आपराधिक मानहानि के मामलों को वापस लेने का फैसला किया। समझौते को अभिलेख पर लेते हुए करते सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमएम सुंदरेश व जस्टिस एनके सिंह की खंडपीठ ने मानहानि के प्रकरण को निरस्त करने का आदेश दिया।

दरअसल, सांसद तन्खा ने आरोप लगाया था कि शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें पंचायत चुनावों पर रोक के लिए दोषी ठहराया। ऐसा करने के लिए



उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेशों को गलत तरीके से पेश किया। इसी के व्यथित होकर उन्होंने मानहानि का नोटिस भेज दिया था। बाद में अदालत में मानहानि का मुकदमा दायर कर दिया, जो जबलपुर की एमपीएमएलए कोर्ट में विचाराधीन है । इस दौरान प्रकरण निरस्त कराने शिवराज सिंह सहित अन्य पहले हाईकोर्ट और बाद में सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गए।

### 10 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग का था मामला

यह मामला 2021 में हुए मध्य प्रदेश के पंचायत चुनावों से जुड़ा था। उन दिनों विवेक तन्खा वरिष्ठ अधिवक्ता के तौर पर सुप्रीम कोर्ट में पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण से जुड़े एक केस में पेश हुए थे। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे लेकर कुछ बयान दिए थे। तन्खा का कहना था कि इन बयानों से उनकी छवि को नुकसान पहुंचा। उन्हें सार्वजनिक आलोचना का सामना करना पड़ा. इसे आधार बनाते हुए उन्होंने सिविल और क्रिमिनल मानहानि केस दर्ज करवाए। सिविल केस में 10 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग की। वहीं, आपराधिक शिकायत में आईपीसी की धारा 500 के तहत कार्यवाही की मांग की। शिवराज सिंह चौहान की ओर से सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने अवगत कराया कि दोनों पक्ष संसद में मिले और वहां आपसी सहमति से विवाद का समाधान कर लिया। इसके बाद तन्खा ने दोनों मामलों को वापस ले लिया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता की तरफ से आरोप वापस लेने के बाद आपराधिक कार्यवाही जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है।

## रादुविवि के कर्मचारी नेता के निलंबन पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के लिपिक व कर्मचारी नेता संजय यादव के निलंबन पर रोक लगा दी है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने इस अंतरिम राहत के साथ ही रादुवि प्रशासन को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि 25 जनवरी को प्रभारी कुलसचिव प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह द्वारा एक आदेश जारी कर कर्मचारी नेता संजय यादव को निलंबित कर दिया गया था। कर्मचारी संघ चुनाव के पहले हुई इस कार्रवाई से कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया था।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

# एक जैसे काम के लिए क्यों नहीं दिया जा रहा समान वेतन

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि समान काम के लिए समान वेतन क्यों नहीं दिया जा रहा है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, डीएमई, और राज्य के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों के डीन को नोटिस जारी कर 3 सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है।

विदिशा निवासी रवींद्र कुशवाहा सहित शासकीय अस्पतालों में कार्यरत 28 याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य सांघी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता अधिकतर सरकारी डॉक्टर हैं और कुछ सरकारी अस्पतालों में बायोमेडिकल इंजीनियर, डिप्टी रजिस्ट्रार, असिस्टेंट हॉस्पिटल



मैनेजर या हॉस्पिटल मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। दलील दी गई कि समान काम और समान अनुभव होने के बावजूद उन्हें अन्य विभागों की तुलना में बहुत कम वेतन दिया जा रहा है। दो मार्च 2024 को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग को मर्ज कर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग कर दिया गया, लेकिन वेतनमान अभी भी अलग-अलग है।

# यात्री बस में गांजे की खेप लेकर आ रहे 4 तस्कर

**जबलपुर।** नागपुर से जबलपुर आने वाली एक ट्रेव्लस बस ने सोमवार की देर रात क्राईम ब्रांच और बरगी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 6 किलो गांजा बरामद किया हैं ।

बरगी थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि सोमवार को क्राईम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली कि नंदन ट्रेव्लस बस में चार आरोपी चाकू लिये सिवनी तरफ से जबलपुर आ रहे हैं। इस सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं बरगी की संयुक्त टीम द्वारा बरगी वायपास नंदकेश्वर ढाबा बरगी एन एच 34 रोड पर दबिश दी। यहां नंदन ट्रेव्लस बस क्रमांक एमपी 22 जेड एफ 6661 को रोककर तलाशी ली गई। इस बस में लार्डगंज निवासी शिवम केशरवानी, बाई का बगीचा निवासी गोलू उर्फ अन्नू धुसिया, ग्राम उमरिया चौबे निवासी रूपेश कुमार रैकवार और निवाड़गंज निवासी वेदांश अवस्थी उर्फ बटुक गांजे के साथ पकड़े गए। इनके पास से कुल 6 किलो 686 ग्राम गांजा जब्त किया गया , जिसकी कीमत लगभग 3 लाख 34 हजार रूपये बताई गई है। पुलिस पूछताछ में संदेहियों को जबलपुर के प्रांजुल सोनकर



द्वारा पैसे देकर उड़ीसा के मोबाइल नम्बर धारक से गांजा खरीदकर लाने की बात सामने आई है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 8/20, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## जेल से जमानत पर छूटकर आये बदमाश ने की दनादन फायरिंग

**जबलपुर।** गढ़ा थानांतर्गत छुईखदान इलाके में गत देर रात हत्या के एक पुराने मामले में जमानत पर जेल से बाहर आए कुख्यात बदमाश शिब्बू खान ने अपने साथियों के साथ मिलकर सरेआम फायरिंग कर दी। पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिब्बू खान ने इलाके में रंगदारी मांगते हुए हफ्ता देने का दबाव बनाया था। जब उसकी मांग पूरी नहीं हुई, तो उसने कट्टे से फायरिंग कर दी। गोलीबारी की इस घटना से इलाके में डर का माहौल है। वारदात को अंजाम देने के बाद शिब्बू खान अपने साथियों सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुँचा। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में ले लिया जिसमें आरोपी साफ तौर पर वारदात को अंजाम देते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने शिब्बू खान और उसके साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही हैं।

### रफ्तार का कहर : नेशनल हाईवे 45 में हादसा

# ब्रिज से कार पर गिरा हाईवा, 2 की मौत, 4 गंभीर

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अतंर्गत कैथरा गांव के पास जबलपुर-भोपाल नेशनल हाईवे (एनएच-45) पर ओवर ब्रिज से मंगलवार की सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार से जा रहा हाईवा अनियंत्रित होकर ब्रिज की दीवार तोड़कर नीचे आ गिरा, इस हाईवा की चपेट में एक बाईक और एक कार आ गई। इस हादसे में हाईवा चालक व बाईक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार 4 लोग घायल हो गए। जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही हैं। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया, तमाशबीनों की भीड़



लग गई। घटना की सूचना मिलने पर शहपुरा पुलिस मौके पर पहुंची, हाईवा चालक का शव बुरी तरह फंस गया था, जिसे काफी मशक्कत के बाद निकाला गया। बहुत देर तक नेशनल हाईवे पर जाम लगा रहा।

घटना के संबंध में शहपुरा थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे ने ईएमएस को बताया कि मंगलवार की सुबह 11 बजे के लगभग एक हाईवा ब्रिज से अनियंत्रित होकर नीचे सर्विस रोड पर आ गया। इस हादसे में हाईवा चालक अंकित मलिक और सर्विस रोड पर चल रहे बलराम अवस्थी की मौत हो गई, जबकि कार में सवार भोपाल से जबलपुर आ रहे शुक्ला परिवार भी इस हादसे का शिकार हो गया। शुक्ला परिवार के चार सदस्य भी गंभीर रुप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा हैं। इस दुर्घटना में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार 4 लोग अंदर फंस गए थे। वहीं हाईवा के एक बाइक चालक भी दबा रहा। राहत और बचाव दल ने मृतकों व घायलों को बाहर निकाला। इस दौरान नेशनल हाईवा पर लंबा जाम भी लग गया था। पुलिस ने मृतकों के शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है।

# युवक पर बके से हमला, कान लटका

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत नालंदा स्कूल के पास सुहागी में घर के आंगन में बैठकर आग ताप रहे एक युवक पर एक बदमाश ने गालीगलौज कर बका से प्राणघातक हमला कर दिया। जिससे युवक का कान कटकर लटक गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नालंदा स्कूल के पास सुहागी निवासी 28 वर्षीय बंटू चौधरी गत शाम लगभग 6 बजे अपने घर के आंगन में बैठकर आग ताप रहा था, उसी समय राज उर्फ रज्जू चौधरी आया और गाली गलोज करते हुए जान से मारने की नियत से बका से हमना कर दिया, जिससे उसका कान कट कर लटक गया। पुलिस ने आरोपी सुहागी निवासी 27 वर्षीय राज उर्फ रज्जू चौधरी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

## सूने घर से लाखों के जेवर व कीमती सामान चोरी

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत आईसीएमआर बाउंड्री के पीछे न्यू शास्त्रीनगर में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर, स्मार्ट वॉच, हेयर ड्रायर अमेरिकन टूरिस्टर का बैग चोरी कर ले गए। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आईसीएमआर बाउंड्री के पीछे न्यू शास्त्रीनगर निवासी 26 वर्षीय कीर्ति सिंह चौहान अपने पति प्रवीण सिंह चौहान के साथ गत सुबह अपने मायके माता पिता के घर विटरनरी कॉलेज के पास सिविल लाईन गई थी, जहां से गत दोपहर 12 बजे अपने घर आई तो देखा घर का दरवाजा खुला है और खिड़की टूटी हुई है।




## सतना में औद्योगिक अपशिष्ट से मछलियों की मौत के मामले में एनजीटी ने संज्ञान लिया, संयुक्त समिति से रिपोर्ट तलब

**भोपाल।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी), केंद्रीय क्षेत्र पीठ, भोपाल ने सतना जिले में एक निजी तालाब में औद्योगिक अपशिष्ट जल छोड़े जाने के आरोपों के मामले में मध्य प्रदेश राज्य एवं अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। इस मामले की सुनवाई माननीय श्री न्यायमूर्ति शियो कुमार सिंह, न्यायिक सदस्य, एवं माननीय श्री ईश्वर सिंह, विशेषज्ञ सदस्य की पीठ ने मूल आवेदन संख्या 24/2026 (सीज़ेड) में की, जिसे ग्राम सीतपुरा, जिला सतना के किसान रमेश सिंह द्वारा दायर किया गया था।

याचिका के अनुसार, याचिकाकर्ता की कृषि भूमि रिलायंस बायोफ्यूल एनर्जी प्लांट के समीप स्थित है, जहां लगभग चार एकड़ क्षेत्रफल में फैला एक निजी तालाब सिंचाई एवं मछली पालन के लिए उपयोग किया जाता है। आरोप है कि अगस्त 2025 में औद्योगिक इकाई से निकला सीवेज एवं अपशिष्ट जल तालाब में प्रवेश कर गया, जिससे पानी काला हो गया और बड़ी संख्या में मछलियों की मृत्यु हो गई। इसके अलावा क्षेत्र में दुर्गंध फैलने तथा मानव एवं पशुओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की बात भी कही गई है। अधिकरण ने यह भी संज्ञान लिया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा लिए गए जल नमूनों की जांच में कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की उच्च मात्रा पाई गई, जिससे गंभीर जल प्रदूषण की पुष्टि होती है। अधिकरण ने यह माना कि मामले में पर्यावरण से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है और प्रतिवादियों को चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए नोटिस जारी किया है। साथ ही, अधिकरण ने जिला कलेक्टर, सतना तथा मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधियों की एक संयुक्त समिति गठित की है, जो स्थल का निरीक्षण कर चार सप्ताह के भीतर तथ्यात्मक एवं कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है। मामले की अगली सुनवाई 22 अप्रैल 2026 को निर्धारित की गई है।

## एनजीटी ने बालाघाट नगर परिषद को सीवेज ट्रीटमेंट परियोजना शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया, पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति वसूली की चेतावनी

**भोपाल।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी), केंद्रीय क्षेत्र पीठ, भोपाल ने बलाघाट नगर परिषद को निर्देश दिया है कि वह सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) परियोजना को यथाशीघ्र पूर्ण करे तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करे, अन्यथा पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की वसूली कानून के अनुसार की जाएगी। इस मामले की सुनवाई माननीय श्री न्यायमूर्ति शियो कुमार सिंह, न्यायिक सदस्य, एवं माननीय श्री ईश्वर सिंह, विशेषज्ञ सदस्य की पीठ ने मूल आवेदन संख्या 138/2024 (सीज़ेड) में की, जिसे प्रजेश बिसेन एवं अन्य द्वारा दायर किया गया था। याचिका में आरोप लगाया गया था कि बलाघाट नगर परिषद द्वारा बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। नगर परिषद की ओर से प्रस्तुत कार्रवाई रिपोर्ट में बताया गया कि यह एक छोटा शहरी निकाय है, जो लगभग 1.10 लाख की जनसंख्या को सेवाएं देता है और बड़े बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए शहरी प्रशासन एवं विकास विभाग मध्य प्रदेश सरकार पर निर्भर है। अधिकरण को यह भी बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत एसटीपी परियोजना को 10 जून 2025 को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर लगभग 27.73 करोड़ की लागत से एम/एस वेस्ट इंडिया कंस्ट्रक्शन कंपनी को कार्यादेश जारी किया गया है। परियोजना का निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने यह मुद्दा उठाया कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा आंकी गई पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अब तक वसूल नहीं की गई है। इस पर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने स्पष्ट किया कि क्षतिपूर्ति की वसूली जिला कलेक्टर द्वारा मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 के तहत की जाती है तथा वसूली आदेश संबंधित कलेक्टर को भेज दिया गया है। अधिकरण ने सभी तथ्यों पर विचार करते हुए नगर परिषद, बलाघाट को निर्देश दिया कि वह परियोजना को शीघ्र पूर्ण करे और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करे। साथ ही, अगली सुनवाई से पहले शपथपत्र के माध्यम से कार्रवाई रिपोर्ट एवं परियोजना की प्रगति विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल 2026 को निर्धारित की गई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240